पौष शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, शुक्रवार, 19 जनवरी 2024

वर्ष 2, अंक 149, पृष्ठ 16

मूल्य 5 रुपये

2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



दक्षिण-उत्तर के बीच पुल है भारत: ईरानी 16

टुर्नाई रैमडैम महोत्सव में दिखाई जाएगी स्टोलन 15

## पाकिस्तान ने किया ईरान में आतंकी ठिकानों पर हमला

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने ईरान की ओर से उसके (पाकिस्तान) हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने के 48 घंटे से भी कम समय में गुरुवार को उसके (ईरान) के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। पाकिस्तान की सेना की मीडिया मामलों की शाखा के बयान के अनुसार, जिन ठिकानों पर हमला किया गया, उनका इस्तेमाल बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) जैसे आतंकवादी संगठन करते थे।

### जवाबी कार्रवाई

▸▸ हमले में 9 लोगों की मौत जिसमें 3 महिलाएं और 4 बच्चे

हमला 'मार्ग बार सरमाचर' नामक एक खुफिया-आधारित अभियान के तहत किया गया। इस बीच, ईरान की न्यूज एजेंसी आईआरएनए ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि सरवन शहर के एक गांव को निशाना बनाकर किए गए हमले में नौ लोग मारे गए जिसमें तीन महिलाएं और चार बच्चे भी शामिल थे। ईरान के गृहमंत्री अहमद वाहिदी ने कहा कि हमले में मारे गए सभी लोग विदेशी नागरिक थे।

## गन्ना मूल्य 20 रुपये प्रति कुंतल बढ़ा, सेमी कंडक्टर नीति को मंजूरी

### कैबिनेट के फैसले : तीन निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना का रास्ता भी साफ, सेमी कंडक्टर नीति बनाने वाला देश का चौथा प्रदेश बना यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले गन्ने के लिए राज्य परामर्श मूल्य (एसएपी) 20 रुपये प्रति कुंतल बढ़ा दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को लोक भवन में मंत्रिपरिषद की बैठक के दौरान आठ अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें बहुप्रतीक्षित सेमी कंडक्टर नीति 2024 के साथ ही तीन नए निजी विश्वविद्यालयों के स्थापना का भी रास्ता साफ किया गया। गोरखपुर के मुंडेरा बाजार नगर पंचायत के नाम को बदलकर चौरी चौरा करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई गई है। कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी लोक भवन में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने मीडिया को दी।



चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने बताया कि पेराई सत्र 2023-24 के लिए उप्र. के सभी चीनी मिलों (सहकारी क्षेत्र, निगम एवं निजी क्षेत्र) के द्वारा क्रय किए जाने वाले गन्ना का राज्य परामर्शित मूल्य (एसएपी) का निर्धारण किया गया है। गन्ने की अगेती किस्म की कीमत अब 370 रुपये प्रति क्विंटल होगी जबकि सामान्य किस्म का दाम 360 रुपये होगा। अब तक अगेती किस्म का खरीद मूल्य 350 रुपये प्रति क्विंटल और सामान्य किस्म का खरीद मूल्य 340 रुपये प्रति क्विंटल था। उन्होंने कहा कि पिछले छह साल सरकार ने गन्ना मूल्य में 55 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है। 2017 में गन्ने की कीमत 315 रुपये प्रति क्विंटल थी।

#### आगरा, लखनऊ और नोएडा में खुलेंगे निजी विश्वविद्यालय

कैबिनेट ने उप्र. में तीन नए निजी विश्वविद्यालयों को भी मंजूरी दी है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि निजी क्षेत्र के अंतर्गत जेएसएस विश्वविद्यालय की स्थापना नोएडा में, सरोज विश्वविद्यालय की स्थापना लखनऊ में और शारदा विश्वविद्यालय की स्थापना आगरा में करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। राज्य में पांच सरकारी और पांच निजी विश्वविद्यालय ए डबल प्लस की रैंकिंग के हैं। ए प्लस रैंकिंग के तीन विश्वविद्यालय हैं। वहीं बड़ी संख्या में ए रैंकिंग विश्वविद्यालय भी हैं। योगी सरकार से पहले प्रदेश में मात्र तीन बी प्लस रैंकिंग के ही विश्वविद्यालय मौजूद थे।

#### सेमी कंडक्टर नीति से होगा प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश

मंत्रिमंडल ने बहुप्रतीक्षित सेमी कंडक्टर नीति 2024 को मंजूरी दे दी। भारत में ये उद्योग अभी शैशव अवस्था में है। अब तक केवल गुजरात, ओडिशा और तमिलनाडु ने इसे लेकर नीति बनाई थी। उप्र. चौथा राज्य है, जहां सेमी कंडक्टर नीति 2024 बनाई है। नीति के पीछे शासन की मंशा बड़े पैमाने पर निवेश राज्य में लाना है। कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि सेमी कंडक्टर निर्माण इकाई लगाने वाले उद्योग समूहों को भारत सरकार की ओर से 80 हजार करोड़ रुपये का फंड दिए जाने की व्यवस्था है। राज्य सरकार इसमें 75 प्रतिशत की भागीदारी करेगी। इसमें लैंड सब्सिडी के रूप में 200 एकड़ तक 75 फीसदी की सब्सिडी मिलेगी। अब तक 13 कंपनियों ने सेमी कंडक्टर निर्माण इकाई लगाने के लिए अपनी इच्छा जाहिर की है।

उन्होंने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनावों से पहले गन्ने के एसएपी में 25 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई थी, जिसके बाद संशोधित कीमत बढ़कर 350 रुपये प्रति क्विंटल हो गई।




## सिंहासन पर विराजमान हुए श्रीराम

### विग्रह की आंखों पर बांधी गई पट्टी 22 जनवरी को खोली जाएगी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम गुरुवार को गर्भगृह में अपने सिंहासन पर विराजमान हो गए। इसी के साथ प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए 16 जनवरी से चल रहे सात दिवसीय अनुष्ठान में तीसरे दिन का अनुष्ठान पूरा हो गया। मुख्य यजमान के रूप में डॉ. अनिल मिश्रा अपनी पत्नी के साथ शामिल रहे। पांच वर्षीय खड़े बाल रूप में श्रीराम के विग्रह की आंखों पर पट्टी बांधी गई है जो 22 जनवरी को खोली जाएगी। खास बात यह है कि गर्भगृह में काम करने के लिए लगाए गए श्रमिकों के मोबाइल भी बाहर ही जमा करवाए जा रहे हैं। जिससे श्रीराम की प्रतिमा की कोई तस्वीर 22 जनवरी से पहले किसी तक न पहुंच सके।

इससे पहले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए चल रहे अनुष्ठान के तीसरे दिन गुरुवार को काशी के प्रसिद्ध विद्वान पंडित गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ और पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित व उनके सहयोगी आचार्य ने धार्मिक पूजन संपन्न कराया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार



राम मंदिर में अनुष्ठान कराते वैदिक आचार्य। ● अमृत विचार

▸▸ काशी के विद्वान पंडितों ने पूरा कराया तीसरे दिन का अनुष्ठान

अनुष्ठान में गुरुवार दोपहर 1:20 बजे यजमान द्वारा संकल्प लिया गया। उसके बाद गणेशाम्बिका पूजन, वरुण पूजन, चतुर्वेदोक्त पुण्याह वाचन, मातृका पूजन, वसोर्धारा पूजन (सप्त घृत मातृका पूजन), आयुष्य मंत्रजप, नान्दी श्राद्ध, आचार्या दिचर्त्त्विग्वरण, मधुपर्क पूजन, मण्डप प्रवेश, पृथ्वी- कूर्म- अनन्त- वराह-यज्ञ भूमि-पूजन, दिग्ररक्षण, पञ्चगव्य - प्रोक्षण, मण्डपाङ्ग वास्तु पूजन, वास्तु बलिदान, मण्डप सूत्रवेष्टन, दुग्ध-धारा, जल धाराकरण, षोडशस्तम्भ पूजनादि मण्डपपूजा (तोरण, द्वार, ध्वज, आयुध, पताका, दिक्पाल, द्वारपालादि पूजा), मूर्ति का जलाधिवास, गन्धादिवास, सायंकालिक पूजन और आरती के साथ अनुष्ठान संपन्न हुआ।

#### अयोध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

लखनऊ। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की भव्यता और दिव्यता बढ़ाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची है। ललित कला अकादमी की ओर से कार्यक्रमों की पूरी रूपरेखा तैयार की गई है। इसके तहत अयोध्या धाम की प्रमुख दीवारों पर वॉल पेंटिंग कार्यशाला, सरयू नदी के तट पर भगवान राम पर आधारित रेत शिल्प के अलावा राम बाल लीला, कलाकृतियों की प्रदर्शनी, मेंहदी एवं फूलों की वाटिका और फोटोग्राफी जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 18 जनवरी से ये शुरू हो चुके हैं।

#### फूलों से सजाया जा रहा मंदिर परिसर

**अयोध्या।** प्राण प्रतिष्ठा के लिए राम मंदिर के उच्च शिखर को भी अस्थायी रूप से तैयार कर दिया गया है। जहां 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विजय पताका फहराएंगे। अयोध्या में बना रहे श्रीराम मंदिर का शिखर बनकर तैयार नहीं है। ऐसे में 22 जनवरी के कार्यक्रम को लेकर एक अस्थाई शिखर को लकड़ी के स्ट्रक्चर पर कपड़े के माध्यम से ठीक उसी रंग का बनाया जा रहा है जिस रंग के श्रीराम के मंदिर के पत्थर है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने गुरुवार को बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूरे राम मंदिर को फूलों से सजाया जा रहा है। जिसमे गेंदा, गुलाब और जरबेरा समेत अन्य फूलों को लगाया जा रहा है।

## केन्द्र सरकार के सभी कार्यालयों में 22 को आधे दिन का अवकाश

नई दिल्ली, एजेंसी।

▸▸ प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए कार्मिक मंत्रालय ने जारी किए आदेश

▸▸ जन भावनाओं को देखते हुए लिया गया यह निर्णय : जितेंद्र सिंह

अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कारण 22 जनवरी को देश भर में केंद्र सरकार के सभी कार्यालय आधे दिन के लिए बंद रहेंगे। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में गुरुवार को यह जानकारी दी गई। राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की नई मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा समारोह सोमवार को निर्धारित है। यह समारोह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाना तय है। मंत्रालय ने केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को जारी आदेश में कहा कि अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जश्न 22 जनवरी 2024 को देशभर में मनाया जाएगा। इस उत्सव में कर्मचारी भाग ले सकें, इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि पूरे भारत में केंद्र सरकार के सभी कार्यालय, केंद्रीय संस्थान और केंद्रीय औद्योगिक प्रतिष्ठान 22 जनवरी 2024 को अपराह्न ढाई बजे तक आधे दिन के लिए बंद रहेंगे। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि यह निर्णय लोगों के जबर्दस्त उत्साह को देखते हुए लिया गया है।



रामलला पर डाक टिकट और पुस्तिका जारी करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

#### प्रधानमंत्री ने जारी किया राम मंदिर पर डाक टिकट

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अयोध्या में राम मंदिर पर स्मारक डाक टिकट और दुनिया भर में भगवान राम पर जारी डाक टिकटों के संग्रह की एक पुस्तक जारी की और कहा कि ये टिकट सिर्फ कागज का टुकड़ा नहीं है बल्कि इतिहास की किताबों, कलाकृतियों के रूपों और ऐतिहासिक स्थलों का सबसे छोटा रूप भी हैं। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आज पवित्र अयोध्या धाम की विरासत और भगवान श्री राम को समर्पित स्मारक डाक टिकट जारी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

#### अयोध्या के लिए आईएमडी ने शुरू किया वेबपेज

नई दिल्ली। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में चार दिन शेष रहने के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को मौसम संबंधी जानकारी प्रदान करने के लिए एक समर्पित वेबपेज की शुरुआत की। इस वेबपेज की शुरुआत अयोध्या और आसपास के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए मौसम संबंधी जानकारी प्रदान करने के लिए की गई है। वेबपेज के जरिए दुनिया भर में बोली जाने वाली प्रमुख भाषाओं, जैसे हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, चीनी, फ्रेंच और स्पेनिश में तापमान, वर्षा, आर्द्रता और हवा के पैटर्न सहित सभी मौसम मापदंडों की जानकारी दी जाएगी। अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ और नई दिल्ली सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों के लिए मौसम की जानकारी वेबपेज पर उपलब्ध होगी। सात दिनों का पूर्वानुमान और सूर्योदय एवं सूर्यास्त के समय वाला मौसम बुलेटिन भी हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध होगा।

### एक नजर

#### पिकनिक मनाने गए बच्चों की नाव झील में डूबी, 16 की मौत

**वड़ोदरा।** गुजरात में वड़ोदरा शहर के बाहरी क्षेत्र में एक झील में गुरुवार को एक नौका के पलट जाने से उसमें सवार 16 लोगों की मौत हो गई। इनमें 12 बच्चे शामिल हैं। नौका में 23 विद्यार्थियों समेत 27 सवार थे, जो पिकनिक मनाने आए थे। अधिकारियों ने बताया कि अन्य विद्यार्थियों की तलाश के लिए खोज अभियान शुरू कर दिया गया है। गुजरात के शिक्षा मंत्री कुबेर डिंडोर ने कहा कि मुझे अभी पता चला है कि स्कूली छात्रों को ले जा रही एक नाव के झील में पलट जाने से 12 बच्चों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान जारी है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अग्निशमन कर्मी अन्य एजेंसियों के साथ बचाव कार्य कर रहे हैं। वडोदरा के जिलाधिकारी एबी गोर ने कहा कि नौका में 27 लोग सवार थे।

## आईआईटी में शोध छात्रा ने फांसी लगाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ केमिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी कर रही थी

▸▸ दो महीने के भीतर संस्थान में तीसरे स्टूडेंट ने दी जान

**अमृत विचार :** आईआईटी में शोध छात्रा ने अपने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 29 दिसंबर 2023 को छात्रा ने यहां केमिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी करने के लिए ज्वाइन किया था। पुलिस ने झारखंड के जिला दुमका निवासी परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फांसी बुधवार रात लगाई या गुरुवार सुबह, यह पोस्टमार्टम के बाद पता चल सकेगा। इससे पहले 19 दिसंबर 2023 को आईआईटी में शोधकर्ता डॉ. पल्लवी चिल्का ने और 11 जनवरी 2024 को एमटेक छात्र विकास मीणा ने फांसी लगाकर जान दे दी थी।



दुमका निवासी नरेंद्र जायसवाल की इकलौती बेटी प्रियंका जायसवाल (29) ने पीएचडी करने के लिए आईआईटी कानपुर में 29 दिसंबर को ज्वाइन किया था। वह हॉस्टल के रूम ई-1-312 में रहती थी। चार जनवरी से उसकी क्लॉस शुरू हुई थी। प्रियंका ने परिवार वालों को बुधवार शाम सवा सात बजे कॉल कर कहा था कि गुरुवार सुबह साढ़े सात बजे उसे जगा दें। गुरुवार सुबह परिवार वालों ने उसे कई बार फोन मिलाया लेकिन रिसीव नहीं हुआ। पिता ने हॉस्टल मैनेजर रितु पांडेय को सूचना दी। हॉस्टल मैनेजर अन्य स्टॉफ के साथ छात्रा के कमरे पर पहुंचीं तो अंदर से बंद पाया। कल्याणपुर पुलिस ने आकर दरवाजा तोड़ा तो छात्रा का शव फंदे पर रस्से से लटक रहा था। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल, एडीसीपी पश्चिम आकाश पटेल, एसीपी अभिषेक कुमार पांडेय फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और जांच की। एडीसीपी पश्चिम ने बताया कि सुसाइड नोट नहीं मिला है। छात्रा के मोबाइल और सोशल मीडिया अकाउंट को देखा जा रहा है।

## अयोध्या में एटीएस के हत्थे चढ़े तीन संदिग्ध, पूछताछ जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ किसी आतंकी संगठन से संबध होना प्रकाश में नहीं आया: प्रशांत कुमार

**अमृत विचार:** रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले एटीएस ने अयोध्या क्षेत्र से तीन संदिग्ध को पकड़ा है। एटीएस और इनटेलिजेंस की टीमें उनसे पूछताछ की रही है। हालांकि आधिकारिक रुप से उनकी पहचान की बाबत कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है, लेकिन सूत्रों की मानें तो पकड़े संदिग्धों का संबंध कनाड़ा में मारे गए सुक्खा दुनके और अर्श डाला गैंग से होना बताया जा रहा है।

डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने गुरुवार रात कहा है कि राज्य सरकार व पुलिस मुख्यालय के निर्देशों पर चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के क्रम में तीन संदिग्ध व्यक्तियों को अयोध्या जनपद से यूपी एटीएस द्वारा हिरासत में लिया गया हैं। इन संदिग्धों से पूछताछ चल रही है। अभी तक इनका किसी आतंकी संगठन से संबध होना प्रकाश में नहीं आया है। सूत्रों के मुताबिक राजस्थान के बताए जाने वाले तीनों संदिग्धो को भेलसर-सोहावल क्षेत्र से उठाया गया है। इन तीनों संदिग्ध को जिस स्थान से उठाया गया है उसकी अयोध्या शहर से दूरी तकरीबन 20 किलोमीटर है। एटीएस टीम देर रात उन्हें लखनऊ लाकर पूछताछ कर रही है।

### सोलहवां वित्त आयोग

## तीन पदों के सृजन को कैबिनेट ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16वें वित्त आयोग के लिए संयुक्त सचिव स्तर के तीन पदों यानी संयुक्त सचिव के दो पद और आर्थिक सलाहकार के एक पद के सृजन को गुरुवार को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस वित्त आयोग का गठन 31 दिसंबर, 2023 की अधिसूचना के माध्यम से संविधान के अनुच्छेद 280 के अनुपालन में किया गया था। आयोग को अपने कार्यों को पूरा करने में सहायता करने के लिए इन नए सृजित पदों की आवश्यकता है। आयोग में अन्य सभी पद प्रदत्त शक्तियों के अनुसार पहले ही सृजित किए जा चुके हैं।

## कारसेवकों पर गोली चलवाना सही फैसला था : शिवपाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ बोले, अयोध्या में कोर्ट के आदेश पर यथास्थिति बनाए रखने को उठाया कदम

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कारसेवकों पर गोली चलवाने की घटना (1990) पर कहा कि उस समय अयोध्या में कोर्ट से स्टे के बावजूद भाजपा के कारसेवकों ने हिंसा की थी। जिसको लेकर तत्कालीन सरकार को संविधान की रक्षा की खातिर गोली चलवानी पड़ी थी। कहा कि, कारसेवकों ने आदेश का उल्लंघन किया था जबकि न्यायालय ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था। सरकार ने कोर्ट के आदेश का पालन किया था।

शिवपाल गुरुवार को इटावा में सपा कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। शिवपाल के मुताबिक, राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा भाजपा का आयोजन है। जबकि यह वाकई में संतों का होना चाहिए था। शंकराचार्य व सनातनियों का अपमान देश देख रहा है। इसका नतीजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा।

**सुविधा** अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की मदद के लिए बनी योजना, एडीए करेगा संचालन

## ई-कार्ट से मुफ्त दर्शन करेंगे दिव्यांग-बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं

### अयोध्या दर्शन

▸▸ कॉरपोरेट घरानों के सीएसआर फंड से पहले चरण में उतारी जाएंगी 650 ई-कार्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नव्य मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं को एक और सुविधा मिलने जा रही है। राज्य सरकार कॉरपोरेट घरानों के सीएसआर फंड से रामनगरी की सड़कों पर ई-कार्ट चलाएगी। इसमें दिव्यांग, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क श्रीरामलला समेत अन्य मंदिरों के दर्शन सुलभ होंगे। पहले चरण में 650 ई-कार्ट गाड़ियां उतरेंगी, इसका संचालन अयोध्या विकास प्राधिकरण की देख-रेख में होगा।



अयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए मंगाए गए ई-कार्ट।

सरकार श्रीरामलला के दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को राम मंदिर और हनुमान गढ़ी आदि मंदिरों तक पहुंचाने के लिए ई कार्ट चलाएगी। ये ई कार्ट या गोल्फ कार्ट बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं के लिए निशुल्क होंगी। इस महत्वपूर्ण योजना को मूर्त रूप देने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने निजी औद्योगिक घरानों को प्रस्ताव भेजा है। निजी औद्योगिक घराने अपने सीएसआर फंड के माध्यम से अयोध्या में इस सेवा के लिए डोनेशन मांगा गया है, ताकि बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं को राहत प्रदान की जा सके।

#### ट्रायल के तौर पर 50 ई-कार्ट का संचालन

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु नए मंदिर में श्रीरामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या आएंगे। इसमें दिव्यांग, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं के पार्किंग स्थल से ई-कार्ट की मुफ्त सुविधा मिलेगी, जिसके माध्यम से हनुमान गढ़ी और श्रीरामलला के दर्शनों के साथ ही धाम में स्थित अन्य धार्मिक स्थलों तक जा सकेंगे। ट्रायल के तौर पर 50 ई-कार्ट चल रहे हैं, एक सौ और जल्द शुरू होंगे। ओएनजीसी, आईओसी, टाटा प्रोजेक्ट्स जैसी कंपनियों से सर्वाधिक डोनेशन मिला भी है। इन ई कार्ट्स का मालिक एडीए होगा।

#### 2000 से ज्यादा लोगों को रोजाना मुफ्त भोजन

तीर्थ क्षेत्र पुरम में श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के पांच भोजनालय प्रारंभ हो गए हैं, इसमें करीब 2000 लोगों का भोजन रोज बन रहा है। यहां का दस शैया वाला अस्पताल भी 20 चिकित्सकों के साथ चिकित्सा व्यवस्था संभाले हुए है। कई चिकित्सक रिजर्व में भी हैं।

## 16 साल से कम उम्र के छात्रों की कोचिंग बंद

### शिक्षा मंत्रालय ने जारी किए दिशा-निर्देश, उल्लंघन पर देना होगा एक लाख जुर्माना

नई दिल्ली,एजेंसी

शिक्षा मंत्रालय द्वारा घोषित नए दिशानिर्देश के मुताबिक कोचिंग संस्थान 16 साल से कम उम्र के विद्यार्थियों को अपने यहां दाखिल नहीं कर सकेंगे। अच्छे नंबर या रैंक दिलाने की गारंटी जैसे भ्रामक वादे भी नहीं कर सकेंगे। कोचिंग संस्थानों को विनियमित करने के लिए दिशा-निर्देश एक कानूनी ढांचे की आवश्यकता को पूरा करने और बेतरतीब तरीके से निजी कोचिंग संस्थानों की बढ़ोतरी को रोकने के लिए हैं। मंत्रालय ने यह दिशा-निर्देश विद्यार्थियों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों, आग की घटनाओं, कोचिंग संस्थानों में सुविधाओं की कमी के साथ-साथ उनके द्वारा अपनाई जाने वाली शिक्षण पद्धतियों के बारे में सरकार को मिली शिकायतों के बाद तैयार किए हैं।

दिशानिर्देश में कहा गया कि विभिन्न पाठ्यक्रमों का शुल्क पारदर्शी और तार्किक होना चाहिए और वसूले जाने वाले शुल्क की रसीद दी जानी चाहिए। इसमें साफ किया गया है कि अगर छात्र बीच में ही पाठ्यक्रम छोड़ता है तो उसकी बची हुई अवधि की फीस लौटाई जानी चाहिए। नीति को सशक्त बनाते हुए केंद्र ने सुझाव दिया है कि कोचिंग संस्थनों पर दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाना चाहिए या अत्यधिक शुल्क वसूलने पर उनका पंजीकरण रद कर दिया जाना चाहिए।

कोई भी कोचिंग संस्थान स्नातक से कम योग्यता वाले शिक्षकों को नियुक्त नहीं करेगा। विद्यार्थियों का कोचिंग संस्थान में नामांकन माध्यमिक विद्यालय परीक्षा के बाद ही होना चाहिए। कोचिंग संस्थानों की एक वेबसाइट होगी जिसमें पढ़ाने वाले शिक्षकों की योग्यता पूरा होने की अवधि, छात्रावास सुविधाएं और लिए जाने वाले शुल्क का अद्यतन विवरण होगा। कोचिंग संस्थानों की उचित निगरानी के लिए सरकार ने तीन महीने के भीतर नए और मौजूदा कोचिंग संस्थानों का पंजीकरण करने का प्रस्ताव किया है। दिशानिर्देश के मुताबिक राज्य सरकार कोचिंग संस्थान की गतिविधियों की निगरानी के लिए जिम्मेदार होंगे।

# गंगा और पांडु नदी प्रदूषित करने पर 90 लाख जुर्माना

## यूपीपीसीबी ने नगर निगम पर कार्रवाई करने के लिए दिया नोटिस

**10** नालों का गंदा पानी गंगा में गया

**02** महीने में निरीक्षण के बाद कार्रवाई

**40** लाख जुर्माना गंगा में गंदगी पर

**50** लाख जुर्माना पांडु में गंदगी पर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** माघ स्नान के लिए भले ही नालों और टेनरियों के दूषित पानी को गंगा में जाने से रोका गया हो, लेकिन इसके पहले नवंबर और दिसंबर दो महीने 10 नालों ने गंगा और सहायक नदी पांडु को बुरी तरह से प्रदूषित किया। यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने निरीक्षण में पाए तथ्यों के आधार पर नगर निगम पर कार्रवाई की है। नालों में बायोरेमिडिएशन (जैविक विधि द्वारा शोधन) न होने और नालों का दूषित पानी गंगा व पांडु नदी में जाने पर यूपीपीसीबी ने नगर निगम को 90 लाख रुपये का नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही कार्रवाई के लिए यूपीपीसीबी के पर्यावरण अधिकारी को संस्तुति की है।



वाजिदपुर जाजमऊ स्थित एयरफोर्स नाला गंगा में गिरता हुआ। अमृत विचार

### पहले भी डेढ़ करोड़ का लग चुका जुर्माना

गंगा व पांडु नदी में शहर के नालों का गंदा पानी सीधे प्रवाहित करने पर पहले भी यूपीपीसीबी ने जुर्माना लगाया है। यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सर्वेक्षण कार्यालय के निरीक्षण में छह नालों (आईसीआई, पनकी थर्मल नाला, रतनपुर नाला, रानी घाट, बुढ़िया घाट, शीतला बाजार नाले) का गंदा पानी नदियों में जाता मिला था। कई नालों में बायोरेमिडिएशन (जैविक विधि द्वारा शोधन) भी होते नहीं मिला था। जिसके बाद विभाग ने कार्यदायी संस्था नगर निगम को नोटिस जारी की और जब नोटिस का जवाब नहीं दिया तो पर्यावरण क्षतिपूर्ति के तहत कार्यदायी संस्था नगर निगम पर कुल एक करोड़ पचपन लाख रुपये का जुर्माना लगाया, हालांकि इस मामले में नगर निगम ने उच्च अधिकारियों को सफाई दी है।



गोला घाट पर गंगा में जाता नाले का पानी। अमृत विचार

### यह है अधिकारियों का दावा

शहर के अलग-अलग जगहों पर गंगा से मिलने वाले कुल 16 नाले हैं। जलनिगम व नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार इनमें से 9 नालों को पूरी तरह से टैप्ड कर दिया गया है। जबकि दो आंशिक रूप से बंद हैं। वहीं पांच ऐसे नाले हैं, जो अभी भी अंटैप्ड हैं। अंटैप्ड नालों का पानी जैविक विधि से शोधन कर गंगा नदी में छोड़ा जाना है। लेकिन इस कार्य में भी लापरवाही बरती जा रही है।

### चार नालों से गंगा में गंदगी जाती मिली

यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया कि नवंबर और जनवरी में किए गए निरीक्षण के दौरान गंगा नदी में गिर रहे नालों डबका, सत्तीचौरा, गोलाघाट नाला और रानीघाट नाला के पानी का नमूना लिया गया था जिसकी रिपोर्ट आई है। इसमें बहुत अशुद्धियां मिली हैं। इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नालों का बायोरेमिडिएशन कार्य भी नहीं हो रहा था। जिससे गंगा नदी के पानी में प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि दो महीनों के हिसाब से चार नालों पर पांच लाख के हिसाब से कुल 40 लाख रुपये का नोटिस कार्यदायी संस्था नगर निगम को जारी किया गया है।

### पांडु नदी को प्रदूषित कर रहे छह नाले

अमित मिश्रा ने बताया कि पांडु नदी में गंदा नाला, अर्रा नाला, सागरपुरी नाला, पिपौरी नाला, पनकी थर्मल नाला और हलवा खेड़ा नाला गिर रहे हैं जो पांडु नदी के साथ ही गंगा नदी को भी प्रदूषित कर रहे हैं। इन सभी नालों में बायोरेमिडियेशन होना चाहिए। लेकिन, नवंबर और दिसंबर में हुये निरीक्षण में पाया गया कि सभी नाले बिना बायोरेमिडियेशन कार्य के ही नदी में गिर रहे हैं। पानी के नमूने भी अनुकूल नहीं मिले। पर्यावरण क्षतिपूर्ति के तहत 50 लाख रुपये की नोटिस जारी की गई है। उन्होंने बताया कि पनकी थर्मल नाला और हलवा खेड़ा नाले द्वारा प्रदूषण फैलाने पर सिर्फ एक माह का जुर्माना लगाया गया है।

# ई-रिक्शा में तमंचा लगा कारोबारी से 50 हजार लूटे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गौशाला स्थित स्वीट हाउस से दो लाख कैश लेकर निकला था बूंदी कारोबारी
- गुलाबी बिल्डिंग के पास दिनदहाड़े वारदात
- पुलिस ने की जांच, तीन दिन बाद भी रिपोर्ट नहीं

**अमृत विचार।** जरौली निवासी रिश्तेदार के घर आयोजित भंडारा में शामिल होने आए कानपुर देहात निवासी बूंदी कारोबारी से लुटेरों ने ई रिक्शा के अंदर तमंचा लगाकर 50 हजार रुपये लूट लिए। कारोबारी ने जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए, लेकिन तीन दिन बीतने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

कमालपुर कानपुर देहात निवासी बूंदी कारोबारी दिनेश गुप्ता ने बताया कि उनका झींझक में बूंदी बनाने का कारखाना है। वह बीती 15 जनवरी को गौशाला चौराहे के पास स्थित कनक स्वीट हाउस संचालक से दो लाख रुपये लेने आए थे। बताया कि डेढ़ लाख रुपये किसी को देने के लिए उन्होंने जेब में डाल लिए, जबकि 50 हजार रुपये बैग में रख लिए।

इसके बाद दिनेश जरौली फेस वन निवासी रिश्तेदार सत्यम के घर आयोजित भंडारे में शामिल होने के लिए गए।

बताया कि वहां से दोपहर तीन बजे वह कानपुर देहात जाने के लिए जरौली से ई-रिक्शे पर सवार होकर निकले। खाड़ेपुर के पास



एक महिला ई-रिक्शे में बैठी। गुलाबी बिल्डिंग के पास ई-रिक्शा में दो युवक भी सवार हुए और उनके कमर में तमंचा लगाकर 50 हजार रुपये लूट कर फरार हो गए। जानकारी देने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज की जांच की, लेकिन तीन दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। थाना प्रभारी दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि घटना संदिग्ध है। घटना के दो दिन बीतने के बाद कारोबारी ने जानकारी दी। मौके पर टीम को भेज सीसीटीवी फुटेज व आसपास के दुकानदारों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी भी प्रकार की घटना की कोई जानकारी नहीं हुई है।

# 22 को निशुल्क हेयर ट्रांसप्लांट के लिए लोगों में दिखा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

HEALTH LINE CLINICS Complete Hair Solutions
अमृत विचार मीडिया पार्टनर

- प्रथम विजेता का निशुल्क हेयर ट्रांसप्लांट होगा
- पांच अन्य विजेताओं को 50 फीसद डिस्काउंट मिलेगा

**अमृत विचार।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लाजपत नगर स्थित हेल्थ लाइन क्लीनिक्स के डॉक्टर और स्टाफ काफी उत्साहित हैं।

इस मौके पर उन्होंने क्लीनिक्स में हेयर ट्रांसप्लांट के संबंध में एक लकी ड्रा का आयोजन किया है, जिसमें मीडिया पार्टनर अमृत विचार समाचार पत्र है। खोये हुए बाल पाने और लकी ड्री में जीत हासिल कर निशुल्क हेयर ट्रांसप्लांट कराने के लिए लोगों ने क्लीनिक्स में 15 जनवरी से पंजीकरण करना शुरू कर दिया है। एमडी डॉ. कुंवर विजितेंद्र सिंह ने बताया कि अनियमित जीवनशैली, गलत खानपान और पौष्टिक युक्त चीजों का सेवन न करने की वजह से लोग इस समय बाल झड़ने व गंजेपन की समस्या अधिक पीड़ित हो रहे हैं। समय से इलाज लेने पर उनकी समस्या दूर हो सकती है। लकी ड्रा में प्रथम विजेता का निशुल्क हेयर ट्रांसप्लांट व पांच अन्य विजेताओं को हेयर ट्रांसप्लांट में 50 प्रतिशत डिस्काउंट दिया जाएगा। इसके लिए मरियमपुर स्कूल के सामने स्थित क्लीनिक में पंजीकरण कराना होगा। इसके लिए मोबाइल नंबर 9310246851 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

## ठेके के पास मारपीट लूट का आरोप

**कानपुर।** बुधवार देर रात बर्रा बाईपास स्थित शराब ठेके के पास आढ़ती का कार सवार युवकों से विवाद हो गया। आढ़ती ने युवकों पर मारपीट कर एक हजार रुपये लूटने का आरोप लगाया।

बर्रा दो हेमंत विहार निवासी दिनेश कुमार राठौर ने बताया कि उनकी घंटाघर में आढ़त है। बुधवार को घंटाघर से लौटने के बाद वह बर्रा बाईपास स्थित पेट्रोल पंप पर जा रहे थे। पंप से कुछ दूर पर स्थित शराब ठेके के पास कार सवार युवकों ने अचानक कार का दरवाजा खोल दिया। जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। विरोध करने पर कार सवार तीन युवकों ने मारपीट की और एक हजार रुपये छीन कर फरार हो गए। बर्रा थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# कैसियो सोफेरा दवा से हड्डियों का दर्द दूर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की छात्राओं के शोध में मिले सकारात्मक परिणाम

**अमृत विचार।** हड्डियों के दर्द की वजह से लोग उठने-बैठने को मोहताज हो जाते हैं। चलने-फिरने में भी काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ऐसे मरीजों को राहत पहुंचाने के लिए पं.जवाहर लाल नेहरू राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की छात्राओं ने मरीजों पर शोध किया, जिसमें भारतीय दवा कैसियो सोफेरा को दर्द में काफी कारगर पाया गया।

लखनपुर स्थित राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में बड़ी संख्या में हड्डी रोग से पीड़ित मरीज पहुंचते हैं। कॉलेज में पीजी की छात्रा डॉ.आराधना पाठक व डॉ.आशमी शाक्यवार ने मटेरिया मेडिका विभाग के प्रो. हर्षवर्धन सिंह भदौरिया के नेतृत्व में ऐसे मरीजों पर शोध किया। डॉ.हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि टीम ने एक साल में 50 से अधिक हड्डी के मरीजों पर शोध परीक्षण किया। इसमें 30 मरीजों को कैसिया सोफेरा दवा दी और 20 मरीजों को वही दवा दी गई, जो पहले से चल रही थीं। मरीजों को 10-10 दिनों में बुलाकर दर्द की जानकारी ली गई। कैसिया सोफेरा दवा का सेवन करने वाले मरीजों को जल्द आराम मिला। इसमें कुछ ऐसे मरीज भी थे, जो काफी समय से हड्डियों के दर्द से पीड़ित थे। डॉ. हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि शोध में पैरामीटर बनाकर देखा गया कि कैसिया सोफेरा लेने वाले मरीजों पर दवा कितनी जल्दी और कितना असर दिखा रही है। पता चला कि कैसिया सोफेरा लेने वाले मरीजों का दर्द 10 नंबर से पांच नंबर पर 10 से 15 दिनों में आ गया।



होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में दवा दिखाते प्रो. हर्षवर्धन सिंह, साथ में फार्मासिस्ट।

### पहले खांसी व कब्ज में आती थी काम

डॉ. हर्षवर्धन सिंह के अनुसार होम्योपैथिक की एक दवा को कई मर्ज में प्रयोग किया जा सकता है। कैसिया सोफेरा पहले खांसी, कब्ज व सांस रोगियों को दी जाती थी। लेकिन अब हड्डी से संबंधित बीमारियों में इसका इस्तेमाल किया जाएगा। छात्राओं का शोध इंटरनेशनल जनरल में प्रकाशित हुआ है।

# मां को मैक्रोनी खिलाने के बाद बेटे ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गोविंद नगर थानाक्षेत्र के दबौली में हुई घटना

**अमृत विचार।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में मां के कहने पर उनको मैक्रोनी बनाकर खिलाने के बाद बेटे ने कमरे में जाकर फांसी लगाकर जान दे दी। मां के आवाज देने पर जब काफी देर तक कोई आवाज नहीं आई तो वह उठकर कमरे में गईं। वहां बेटे का शव फांसी के फंदे से लटका मिला।

दबौली निवासी 32 वर्षीय प्रशांत सिंह गोदरेज कंपनी में एसी मेंटीनेंस का काम करते थे। उनके बड़े भाई अंतरिक्ष ने बताया कि काम धंधा ठीक चल रहा था। कोई परेशानी नहीं थी। उन्होंने बताया कि वह बाहर नौकरी करते हैं। इन दिनों घर में निर्माण कार्य चल रहा है। प्रशांत अपनी देखरेख में पूरी जिम्मेदारी से काम करा रहा था। उनके अनुसार मां शशी ने बताया कि बुधवार दोपहर उन्हें भूख लगी तो प्रशांत ने मैक्रोनी बनाकर खिलाई। इसके बाद वह अपने कमरे में चली गईं। कुछ देर बाद काम के लिए प्रशांत को आवाज दी लेकिन कोई जवाब नहीं आया। जिसके बाद वह उसके कमरे में गईं जहां दरवाजे खुले पड़े थे और उसका शव फांसी के फंदे से लटक रहा था।

## रिश्तेदार बनकर युवक से ठगी

**कानपुर।** रिश्तेदार बनकर साइबर ठग ने युवक के खाते से 10 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने हनुमंत विहार थाने में शिकायत की।

हनुमंत विहार निवासी पिंकी शर्मा ने बताया कि कुछ समय पूर्व उनके पास युवक को फोन आया, जिसने खुद को उनका चाचा बताया। आवाज मिली-जुली लगने पर पिंकी झांसे में आ गई। युवक ने 15 हजार रुपये उनके खाते में भेजने की बात कही। इसके बाद मोबाइल पर 10 व 50 हजार रुपये क्रेडिट होने का मैसेज आया। युवक ने गलती से 5 की जगह 50 हजार रुपये भेजने की बात कह पैसे वापस भेजने को कहा। झांसे में आकर पिंकी ने 10 हजार रुपये वापस भेजे तो खाते में रकम कम होने का मैसेज आया।

# मेट्रो ने भूसाटोली के 10 मकानों को दिया नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- टनल निर्माण के लिए बरती जा रही सावधानी

**अमृत विचार।** सेंट्रल से नयागंज रूट पर मेट्रो टनल निर्माण में जर्जर मकानों को खाली कराने में अधिकारियों को दिक्कते आ रही हैं। नोटिसों के बाद भी कुछ लोग मकान खाली नहीं कर रहे हैं। मेट्रो ने एक बार फिर से 10 मकानों को खाली करने का नोटिस दिया है।

भूसाटोली, दाना खोरी, तिलियाना और मथुरी मोहाल में यह जर्जर घर हैं। मेट्रो के अधिकारियों ने कहा है कि अगर सुरंग निर्माण में हादसा हुआ या जान-माल का खतरा हुआ तो इसकी जिम्मेदारी हमारी नहीं होगी। इससे पहले भी दो बार मेट्रो रूट पर जर्जर एक दर्जन मकानों को खाली करने का नोटिस दिया था।

कानपुर सेंट्रल से नयागंज के बीच यूपीएमआरसी भूमिगत टनल (सुरंग) बनाने का काम कर रही है। कानपुर मेट्रो के परियोजना प्रबंधक-1 बी बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि दाना खोरी, कछियाना और भूसाटोली के कुल 10 मकानों को खाली करने का नोटिस दिया है ताकि सुरंग निर्माण में कोई जर्जर घर गिर न जाए। नयागंज में भी टनल निर्माण के दौरान तीन इमारतें राह का रोड़ा बनी थीं।

## नशेबाजी के विरोध पर छेड़छाड़

**कानपुर।** हनुमंत विहार क्षेत्र के अर्रा रोड पर दबंग व उसके साथियों ने नशेबाजी का विरोध करने पर महिला से मारपीट कर छेड़छाड़ कर दी।

अर्रा निवासी महिला ने बताया कि बर्रा निवासी बिजेंद्र सिंह भदौरिया उर्फ राव साहब दबंग है। आरोप लगाया कि बिजेंद्र जमीनों पर अवैध रूप से मंदिर बनाकर उगाही करता है। बीते 15 जनवरी की रात बिजेंद्र अपने करीब चार-पांच साथियों के साथ घर के पास नशेबाजी कर रहा था। नशेबाजी का विरोध करने पर बिजेंद्र ने महिला संग मारपीट कर छेड़छाड़ शुरू कर दी। हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में पुराना विवाद है।

# एनएसआई में इंडोनेशिया के अफसर ले रहे प्रशिक्षण



इंडोनेशिया के अधिकारियों को जानकारी देते प्रो. नरेंद्र मोहन। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चीनी उद्योग में तकनीक और शुगर उत्पाद बढ़ाने के सीख रहे तौर तरीके

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान कानपुर में इंडोनेशिया के चीनी उद्योग के आधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। आगे वहां के चीनी उद्योगों कर्मियों को प्रशिक्षण देने की योजना है। निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन न्यूनतम ऊर्जा में रिफाइंड चीनी उत्पादन की जानकारी दे रहे हैं। एक माह के प्रशिक्षण में नवीनतम प्रौद्योगिकी सिखाई जानी है।

इंडोनेशिया का चीनी उद्योग भारत की चीनी मिलों के आधुनिकीकरण और चीनी इकाइयों की प्रसंस्करण तकनीक अपनाने को उत्सुक है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे इंडोनेशिया के हरि सुशास्त्र, हास्फी मौलाना, एरिच हरियांतो ने कहा कि राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के प्रशिक्षण से हमें बहुत लाभ होगा। बेहतर गुणवत्ता वाली रिफाइंड चीनी का उत्पादन करने और इंडोनेशिया में चीनी कारखानों की दक्षता में सुधार करने में मदद मिलेगी। शर्करा संस्थान के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पांच वर्षों के समझौते के तहत है। इसमें प्रसंस्करण और मशीनरी में परिवर्धन और परिवर्तन के लिए तकनीकी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही जल एवं ऊर्जा संरक्षण के बारे में बताया जाएगा।

**दावों की पोल खुली** | शहर में तमाम सड़कें गड्ढायुक्त, अफसर शासन को दे चुके गड्ढामुक्त शहर की रिपोर्ट

# सड़कें बदहाल, दे रहीं धचका और कर रहीं बेहाल

### टूटी सड़क, कैसे चलें बेधड़क

कानपुर। शहर की तमाम सड़कों पर वाहन चालक बगैर धचका खाए निकल नहीं सकते। यहां तक कि वीआईपी रोड भी इससे अलग नहीं है। इस रोड पर भी सावधानी हटी, दुर्घटना घटी वाली कहावत लागू होती है। वीआईपी रोड पर जगह-जगह मैनहोल सड़क से ऊंचे हो गए हैं जिनके गड्ढे हादसों का कारण बनते हैं। वीआईपी रोड पर ग्वालटोली जाने वाले मोड़ के पास दो मैनहोल के गड्ढों पर बाइक सवार गिरते हैं। इस रोड पर मैनहोल कहीं सड़क से नीचे हैं तो कई जगह सड़क से ऊपर हैं। ऐसे में शाम होते ही जब कोहरा होता है तो राहगीरों की आफत शुरू हो जाती है।



तिलकनगर के पास सड़क पर गड्ढा।

### सड़क के मोड़ पर ही गड्ढा

तिलकनगर के पास वीआईपी रोड से विष्णुपुरी जाने वाली सड़क पर करीब एक मीटर दायरे में गड्ढा है। मोड़ पर ही गड्ढा होने के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है। बड़े वाहन इस गड्ढे में फंस जाते हैं। वहीं दो पहिया वाहन चालक गड्ढे के कारण हादसों का शिकार होते हैं। इस गड्ढे के कारण कई बाइक सवार गिरकर जख्मी हो चुके हैं।



मर्चेंट चैंबर के सामने गड्ढा।

### सिविल लाइंस में खराब रोड

सिविल लाइंस में भार्गव हॉस्पिटल के पास सड़क पर बड़ा गड्ढा है। जिसमें बड़े वाहन तक फंस जाते हैं। लोगों के अनुसार वाटर लाइन लीकेज के कारण धीरे-धीरे गड्ढा बढ़ता जा रहा है। सड़क पर पानी बहने के कारण दो पहिया वाहन घिसट जाते हैं। लोडर, ई-रिक्शा, कार भी गड्ढे में फंसने से जाम की स्थित रहती है।

### थोड़ी-थोड़ी दूरी पर उखड़ी पड़ी है सड़क

गंगा बैराज से वीआईपी रोड को जोड़ने वाली विष्णुपुरी सड़क जर्जर हालत में है। इस रोड पर चालक बार-बार ब्रेक लगाकर ही निकल सकता है। इसी रोड पर एनएलके इंटर कालेज है। टूटी सड़क के कारण स्कूली बच्चों को भी काफी परेशानी होती है। कॉलेज से लेकर वीआईरोड तक यह सड़क करीब दस जगह से टूटी है। इस रोड से निकलने वाले लोग परेशान होते हैं।



विष्णुपुरी एनएलके कॉलेज के पास टूटी सड़क।

### उखड़ी सड़क गड्ढे में हुई तब्दील, लगते झटके

वीआईपी रोड से लाल इमली जाने वाली सड़क पर करीब तीन जगह सड़क उखड़ी है। मर्चेंट चैंबर हाल के सामने उखड़ी सड़क अब धीरे-धीरे गड्ढे की शक्ल ले रही है। सड़क की करीब एक फिट बजरी गायब हो गई है। अब इस गड्ढे में वाहन फंस जाते हैं। मोड़ पर गड्ढा होने के कारण बाइक सवार लड़खड़ा जाते हैं। अचानक ब्रेक लगाने के कारण हादसे का भी शिकार हो रहे हैं।



भार्गव अस्पताल के पास धंसी रोड।

शिवन्या बेटी आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रतिमा चौहान
सुनील सिंह चौहान



**आज का मौसम**
शीत लहर के साथ घना कोहरा छाए रहने के आसार है।

14.6° अधिकतम तापमान | 03.4° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 58 | सूर्यास्त 05 : 41

## शहर में आज

- **श्रीरामोत्सव** : बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इंटर कालेज वेनाझावर में श्रीरामोत्सव सबके राम समारोह दोपहर 12 बजे।
- **हीटर वितरण** : पुनर्नवा फाउंडेशन की ओर से राम नाम मानव श्रृंखला और हीटर वितरण राजकीय विद्यालय चुन्नीगंज के सामने मैदान में दोपहर 12 बजे।
- **कार्यशाला** : यूपी कांग्रेस कमेटी द्वारा संवाद और कार्यशाला फूलबाग में दोपहर 1 बजे।
- **संकल्प यात्रा** : विकसित भारत संकल्प यात्रा वार्ड 32 रायपुरवा में दोपहर 1 :30 बजे।
- **जन जागरण यात्रा** : कानपुर उद्योग व्यापार मंडल की ओर से अजय काम्प्लेक्स कोपरगंज बांसमंडी से दोपहर 2 बजे।


आईआईटी में छात्रा के कमरे की जांच करते एडीसीपी पश्चिम आकाश पटेल।

# दुखदः 30 दिन में तीन आईआईटियन हार गए हिम्मत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** वैसे तो आईआईटी कानपुर देश के टॉप संस्थानों में शुमार है, लेकिन बीते कुछ दिनों में आत्महत्या के मामलों की वजह से संस्थान चर्चा का विषय बना हुआ है। आईआईटी कानपुर में एक माह के भीतर एक रिसर्च डॉक्टर सहित तीन स्टूडेंटों ने फांसी लगाकर जिंदगी से नाता तोड़ लिया। इसके बाद आईआईटी प्रशासन और वहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं में हड़कंप मचा है।

आईआईटी में पहली घटना 19 दिसंबर को हुई थी। मूलरूप से ओडिशा की रहने वाली डॉ. पल्लवी चिल्का ने आईआईटी कानपुर के हॉस्टल में सुसाइड किया था।

**19** दिसंबर को डॉ. पल्लवी चिल्का ने फांसी लगाई थी

**11** जनवरी को विकास कुमार मीणा ने जान दे दी थी

**18** जनवरी को पीएचडी छात्रा प्रियंका ने सुसाइड किया

उनका शव कमरे में पंखे से लटका मिला था। वे एक अगस्त 2023 को रिसर्चर के रूप में संस्थान के बायो साइंस और बायो इंजीनियरिंग विभाग से जुड़ी थीं। इसके बाद 11 जनवरी को मेरठ निवासी विकास कुमार मीणा ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। मेरठ के कंकरखेडा निवासी 30 वर्षीय छात्र विकास कुमार मीणा आईआईटी में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग से एमटेक कर रहा था। उसने हॉस्टल में पंखे से मफलर के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी थी। अब 18 जनवरी को केमिकल इंजीनियरिंग से शोध कर रही पीएचडी छात्रा झारखंड दुमका की प्रियंका जायसवाल ने जान दे दी। इन घटनाओं के बाद संस्थान काफी चर्चा में है। छात्र-छात्राओं की आईआईटी प्रशासन की ओर से देखरेख और काउंसलिंग की जा रही है। अफसोस की बात है कि पिछले छह वर्षों से आईआईटी कानपुर में हर साल एक स्टूडेंट जान देता आ रहा है। यह सिलसिला लगातार बढ़ता ही जा रहा है।

### पहले भी आईआईटी में हुए सुसाइड

- **7 सितंबर 2022** को वाराणसी निवासी पीएचडी छात्र प्रशात सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी।
- **12 मई 2021** को संस्थान में असिस्टेंट रजिस्ट्रार सुरजीत दास ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी।
- **09 जुलाई 2020** को आईआईटी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर प्रमोद सुब्रमण्यन ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी।
- **30 दिसंबर 2019** को संस्थान में सिक्योरिटी गार्ड आलोक श्रीवास्तव ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी।
- **19 अप्रैल 2018** को फिरोजाबाद निवासी पीएचडी छात्र भीम रिव्ह ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी।

### होनहार छात्रा का दुर्भाग्यपूर्ण निधनः आईआईटी

पीएचडी छात्रा प्रियंका जायसवाल के निधन पर आईआईटी प्रशासन की ओर से शोक व्यक्त किया गया। आईआईटी प्रशासन के अनुसार प्रियंका पिछले माह केमिकल इंजीनियरिंग विभाग में शामिल हुई थीं। गुरुवार दोपहर अपने छात्रावास के कमरे में मृत पाई गईं। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौत के कारण जानने के लिए परिसर का दौरा किया। संस्थान मौत का संभावित कारण निर्धारित करने के लिए पुलिस जांच का इंतजार कर रहा है। प्रियंका के निधन से संस्थान ने एक प्रतिभाशाली और होनहार छात्रा को खो दिया।

---

**एक्सक्लूसिव**

- कंसल्टेंट टीम अगले हफ्ते शहर आएगी
- गंगा में सबसे कम चौड़ाई वाला स्थान देखेगी

# गंगा में टनल के निर्माण की ओर एक और कदम

## गुड़गांव की कंपनी तैयार करेगी दो किलोमीटर लंबी टनल की फिजिबिलिटी रिपोर्ट

अभिनव मिश्रा, कानपुर

**अमृत विचार।** ट्रांसगंगा सिटी से वीआईपी रोड तक गंगा नदी पर पुल बनाने के बजाय टनल बनाने की योजना पर सेतु निगम एक कदम और आगे बढ़ गया है। निगम ने गुड़गांव की कसल्टेंट कंपनी को चयनित कर लिया है। पांच सदस्यीय कंसल्टेंट टीम अगले हफ्ते शहर आकर टनल निर्माण के लिए स्थल चयन का सर्वेक्षण करेगी। उप्र सेतु निर्माण निगम सर्वे रिपोर्ट मंडलायुक्त और डीएम को सौंपेगा। इसके बाद गंगा में करीब दो किलोमीटर लंबी टनल बनाने की योजना पर मुहर लगेगी और विस्तृत प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा। वहां से हरी झंडी मिलने पर डीपीआर तैयार की जाएगी।

कानपुर शहर से ट्रांस गंगा सिटी तक सीधा पहुंच मार्ग देने के लिए सरसैया घाट से गंगा बैराज मार्ग पर ट्रांसगंगा सिटी तक पुल निर्माण की योजना बनी थी। लेकिन इसमें तमाम बाधाएं आने के बाद गंगा नदी में टनल बनाने की योजना तैयार की गई है। टनल की कुल लंबाई दो से ढाई किलोमीटर होगी। गंगा नदी में टनल 15 मीटर नीचे गहराई पर बनेगी। टनल का दो किलोमीटर हिस्सा गंगा के पानी में रहेगा। शहर में इस टनल को वीआईपी रोड पर टेफ्को के पास निकालने की योजना है। सेतु निगम अधिकारियों के मुताबिक शासन की मंशा है कि कम लागत में टनल का निर्माण किया जाए। टनल की फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के लिए कंसल्टेंट कंपनी की पांच सदस्यीय टीम शहर आकर सर्वे करेगी। टीम की प्राथमिकता गंगा नदी में उस हिस्से को तलाशने की है, जहां धारा की चौड़ाई सबसे कम हो।



टेफ्को के पास से टनल निकालने की योजना है। अमृत विचार

### 10 वर्षों से लटकी है योजना

सरसैया घाट से ट्रांसगंगा सिटी तक 275 करोड़ रुपये की लागत से पुल निर्माण की योजना वर्ष 2013 में तैयार की गई थी। लेकिन उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने पुल निर्माण से हाथ खींच लिए थे, जिससे योजना अधर में लटक गई थी। डीएम विशाख जी अय्यर ने सीडीओ की अध्यक्षता में समिति का गठन कर पुल निर्माण में तेजी लाने को कहा। इस पर बाबा घाट के पास निरीक्षण हुआ। लेकिन यहां संकरी जगह होने से पुल का घुमाव संभव नहीं हो पा रहा था। इसी के बाद अन्य विकल्प तलाशे गए।

### पहले पुल के तीन विकल्प देखे गए थे

**प्रथम विकल्प** : सरसैया घाट से ट्रांसगंगा सिटी तक फोरलेन पुल लेकिन चौराहे पर जाम की समस्या देखते हुए इसे रद किया गया।

**दूसरा विकल्प** : बाबा घाट से पुल बनना था, लेकिन बाबा घाट चौराहे पर कई बहुमंजिला इमारतों का अधिग्रहण करना पड़ता। इसमें मुआवजा अधिक देने से लागत बढ़ जाती।

**तीसरा विकल्प** : टैफ्को की भूमि से पुल बनाने का विकल्प देखा गया, लेकिन इसमें सबसे बड़ी बाधा फैक्ट्री की भूमि का विवादित होना आई। भूमि का विवाद कोर्ट में लंबित है।

---

# विशेष सत्र में कल शहर से सौ करोड़ का कारोबार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अप्रत्याशित घटनाओं से निपटने की होगी तैयारी, निवेशक प्राण प्रतिष्ठा से जोड़ रहे

**अमृत विचार।** शेयर बाजार में विशेष ट्रेडिंग सत्र का आयोजन शनिवार, 20 जनवरी को किया जाएगा। आमतौर पर शेयर बाजार में सोमवार से शुक्रवार तक ही कामकाज होता है। लेकिन विशेष सत्र के लिए शनिवार को अवकाश के दिन शेयर बाजार खुला रहेगा। माना जा रहा है कि इसमें शहर से सौ करोड़ रुपये का कारोबार किया जा सकता है।

शनिवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज(एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) दोनों खुलेंगे। इससे पहले दीपावली के दिन विशेष ट्रेडिंग सत्र (मुहूर्त ट्रेडिंग) का आयोजन हुआ था।

इस विशेष सत्र के लिए शहर के शेयर ब्रोकर्स के दफ्तर खुले रहेंगे। शनिवार के विशेष ट्रेडिंग सत्र को निवेशक राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा जोड़कर देख रहे हैं। हालांकि एनएसई के सर्कुलर के मुताबिक, डिजास्टर रिकवरी साइट को टेस्ट करने के लिए शनिवार को दो सत्रों में कारोबार होगा। इस दौरान अप्रत्याशित घटनाओं से निपटने की तैयारी को जांचा जाएगा।

**पहला सेशन**
सुबह 9 .15 से 10 बजे तक
प्री-ओपनिंग- सुबह 9 से 9 .08 बजे तक

**दूसरा सेशन**
पूर्वाह्न 11 .30 से 12 .30 बजे तक
**प्री-ओपनिंग** : 11 .15 से 11 .23 बजे तक
**प्री क्लोजिंग** : 12 :40 से 12 :50 बजे तक

### किसी बड़े उतार-चढ़ाव की बाजार में संभावना नहीं

आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह का कहना है कि शेयर बाजार में गिरावट जारी है, पिछले तीन दिनों में निफ्टी 618 और सेंसेक्स 2141 अंक गिर चुका है। लेकिन विशेष ट्रेडिंग सत्र में शेयर बाजार में बड़े उठा-पटक की सम्भावना कम है। एक फरवरी को अंतरिम बजट आने वाला है जो आगे का रूख तय करने के लिए अहम होगा। ट्रेडर्स को सलाह है कि स्टॉप लॉस लगाकर ही ट्रेडिंग करें।

---

# हैलट इमरजेंसी में रात में नहीं बने पर्चे

**कानपुर।** हैलट अस्पताल में रात को इमरजेंसी में पर्चे न बनने से मरीजों व उनके तीमारदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पर्चे न बनने पर मरीजों को इलाज में देरी हुई।

बुधवार रात इमरजेंसी के पर्चा काउंटर पर पर्चे न बनने की शिकायत तीमारदारों ने डॉक्टरों से की। जब कुछ जेआर पर्चा काउंटर पर पहुंचे तो उनको वहां पर कोई कर्मी मौजूद नहीं मिला। रात करीब 11 बजे के बाद जब कर्मी आया तो पर्चा व मरीजों की भर्ती फाइल बननी शुरू हुई। इस दौरान करीब दो घंटे तक पर्चे नहीं बन सके। जेआर के मुताबिक मरीजों को दिक्कत न हो इसलिए बिना पर्चे के इलाज शुरू किया गया। प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने इस संबंध में गुरुवार को इमरजेंसी प्रभारी, ओपीडी प्रभारी, इमरजेंसी पीआरओ व पर्चा काउंटर में तैनात कर्मियों के हेड आदि के साथ बैठक की। रात को किसकी ड्यूटी थी, कर्मी के लेट आने व मौजूद कर्मी के जल्दी जाने की वजह आदि की जानकारी की। साथ ही इमरजेंसी प्रभारी व पीआरओ को परिसर की व्यवस्थाओं की देखभाल करने के साथ ही काउंटर पर तैनात कर्मियों पर नजर रखने आदि निर्देश दिए।

---

## एक नजर

### बेकनगंज में कार में लगी आग , दमकल ने बुझाई

**कानपुर।** बेकनगंज थानाक्षेत्र में गुरुवार देर रात 2 :11 बजे मिनी कंट्रोल में बेकनगंज में हामिद हॉस्पिटल के पास कार में आग लगने की सूचना मिली। जिस पर फायर स्टेशन लाटूश रोड से एफएसओ समेत 1 फायर यूनिट मौके के लिए रवाना हुए और आग बुझाई। घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नही हुई है। आग के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### खुले में शराब पीने पर 520 लोगों का चालान

**कानपुर।** पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के निर्देश पर चारों जोन में सार्वजनिक स्थान पर, गाड़ियों में शराब पी रहे 3 लोगों के विरुद्ध धारा-151 के तहत कार्रवाई की गई। 520 लोगों का 34 पुलिस एक्ट के तहत चालान किया गया। पुलिस ने कहाकि ऑपरेशन कार ओ बार कठोरता के साथ चलता रहेगा, विधि विरुद्ध कार्य किए जाने पर कठोर कार्रवाई होगी।

---

## कमरे के अंदर हीटर तापता बंदर



कानपुर। सर्दी से ठिठुर रहा एक बंदर शरण लेने के लिए पुलिस कमिश्नर के कैंप कार्यालय के अन्दर घुस गया और हीटर के सामने बैठकर तापने लगा। ड्यूटी पर तैनात उप निरीक्षक अशोक कुमार गुप्ता ने उसे भगाने की जगह बैठे रहने दिया और प्यार से सहला कर बिस्कुट खिलाया। गरमाहट पाने के बाद बिना हानि पहुंचाये बंदर चला गया। पुलिस के रवैये की सोशल मीडिया में खूब सराहना हुई।

---

# कर्मचारी ने किया 17.83 लाख का गबन, आठ पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- व्यापारियों से कर्मचारी ले गया तगादा फिर हो गया था गायब

**अमृत विचार।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में रहने वाले कारोबारी का बिधनू के कर्मचारी ने करीब 17.83 लाख रुपये का गबन कर लिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत डीसीपी पूर्वी से की। जिनके आदेश पर तीन नामजद समेत पांच अज्ञात के खिलाफ अमानत में खयानत, मारपीट, धमकी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

खपरा मोहाल निवासी कारोबारी मोहम्मद तनवीर अंसारी ने पुलिस को बताया कि उनकी हैदराबाद के गौलीगुडा चमन में मेसर्स सदर्न इंपोरियम के नाम पर फर्म है। जिसमें कैनवास का काम होता है। उनके भाई अरशद अंसारी प्रबंधक हैं और बिधनू के इमलीपुर गांव के रहने वाले रवि कर्मचारी हैं। उन्होंने बताया कि सात अक्टूबर 2023 की रात रवि से अरशद की आखिरी बार बात हुई थी। इसके बाद से उसका न फोन आया और न मिलाने पर उठाया। अनहोनी की आशंका होने पर 13 अक्टूबर को वहां के पुलिस कमिश्नर को रवि की गुमशुदगी के लिए रजिस्टर्ड डाक से प्रार्थना पत्र भेजा गया। बाद में कुछ व्यापारियों से संपर्क होने पर पता चला कि रवि फर्म का तगादा ले गया था लेकिन उसे फर्म में जमा नहीं किया गया। जांच कराने पर पता चला कि उसने 17.83 लाख रुपये का गबन किया। 30 अक्टूबर को जब वह भाई के साथ रवि के गांव पहुंचे तो उसके परिजनों ने माफी मांगी और 15 नवंबर तक पूरा हिसाब पहुंचाने का वादा किया। आरोप है कि उसके बाद भी कुछ नहीं हुआ। जब दोबारा रुपये मांगे तो 17 नवंबर की रात रवि व उसके पिता रनवीर और मामा बउवन व चार-पांच अज्ञात लोग घर में घुस आए और लात-घूंसों से पीटकर धमकी देते हुए भाग गए। इस संबंध में रेलबाजार थाना प्रभारी विजय दर्शन ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।




---

# बेकरी कारोबारी के घर से 22 लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में बुधवार देर रात बेकरी कारोबारी के बंद घर के ताले तोड़कर चोरों ने नकदी जेवर समेत 22 लाख रुपये की चोरी की। पुलिस, डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम ने जांच की।

चिश्ती नगर निवासी शमीम अहमद ने बताया कि उनकी बेकरी है। 10 दिन से पत्नी उजमा बेगम और बच्चे फतेहपुर के हथगाम गए थे। बुधवार रात वह बेकरी में रहे। घर में ताला लगा था। तड़के पड़ोसी सलमान ने फोन कर जानकारी दी कि उनके मेनगेट का ताला टूटा है। वह मौके पर पहुंचे तो घर का सारा सामान बिखरा और अलमारी खुली थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि चोर सोने-चांदी के 18.39 लाख के जेवर, साढ़े तीन लाख रुपये नकद व सामान ले गए।

डॉग स्क्वायड सामने के एक खाली प्लॉट पर पहुंचा तो जेवर रखने वाले खाली डिब्बे मिले। करीब 100 मीटर आगे पहुंचने के बाद लौट आया। पुलिस अब इलाके में लगे सीसी कैमरे जांचने में जुटी है। सुबह उनके घर के बाहर लोगों की भीड़ लग गई। क्षेत्र लोगों ने पुलिस पर गश्त न करने के आरोप लगाए। ज्यादातर घटनाएं रात में कोहरा पड़ने के दौरान हो रही हैं। चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, कई संदिग्ध उठाए गए हैं।

---

**सुअवसर** 24 से 30 जनवरी तक लखनऊ में श्रमिकों का होगा टेस्ट

# स्किल टेस्ट के बाद इजराइल का वीजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इजराइल जाने के इच्छुक श्रमिकों को पहले स्किल (कौशल) टेस्ट देना होगा। स्किल और मेडिकल टेस्ट की रिपोर्ट आने के बाद चयनित श्रमिकों का संबंधित कंपनी वीजा स्वीकृत करेगी। इसके बाद ही श्रमिकों की इजराइल के लिए उड़ान होगी। कानपुर मंडल से 600 श्रमिक इजराइल भेजे जाने हैं। प्रदेश के 20 मंडलों में श्रमिकों के चयन की प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

श्रम विभाग के एएलसी राम लखन पटेल ने बताया कि कानपुर मंडल से 600 श्रमिकों की सूची भेजी गई थी। इसमें इजराइल की कंपनी ने मंडल से 300 नामों पर स्वीकृति दी है। इसमें कानपुर के 185 श्रमिक हैं, जिनका मेडिकल टेस्ट होना है। कुल चार कैटेगरी सिरेमिक टाइल, प्लास्टरिंग, आयरन बेल्डिंग, फ्रेम वर्क (शटरिंग, कारपेंटर) में श्रमिक भेजे जाने हैं। कानपुर के श्रमिकों का स्किल टेस्ट लखनऊ अलीगंज स्थित आईआईटी में 27 जनवरी को होगा। उप श्रमायुक्त मुख्यालय, अंजू वर्मा ने बताया 24 से 30 जनवरी तक अलग-अलग शहरों के श्रमिकों का स्किल टेस्ट होना है। हर जिले की अलग तारीख है। 26 जनवरी को स्किल टेस्ट नहीं होगा।




### इंटरनेशल वर्क अनुभव मिलेगा

श्रम विभाग के अनुसार श्रमिकों के लिए यह बेहतर मौका है। इजराइल विकसित देश है। वहां काम करने से श्रमिकों के काम में निखार आएगा। अनुभव बेहतर होने से आगे अच्छे अवसर मिलेंगे।

### इसलिए इजराइल भेजे जा रहे श्रमिक

इजराइल और हमास के बीच जंग की वजह से इजराइल में इंफ्रास्ट्रक्चर को काफी नुकसान हुआ है। ऐसे में इजराइल ने भारत से एक लाख से अधिक श्रमिकों की मांग की है, जिस पर भारत ने सहमति जताई है। इसी के तहत यूपी से 12 हजार श्रमिक भेजे इजराइल भेजे जाने हैं। इन श्रमिकों की उम्र 21 से 45 वर्ष के बीच होगी। श्रमिकों का न्यूनतम एक वर्ष और अधिकतम पांच वर्ष तक अनुबंध होगा।

### शहर के श्रमिकों का मेडिकल आज से

कानपुर क्षेत्र के सहायक श्रमायुक्त (एएलसी) राम लखन पटेल ने बताया कि शुक्रवार 19 जनवरी से कानपुर के श्रमिकों का मेडिकल होगा। मेडिकल परीक्षण में सफल होने पर ही श्रमिकों को इजराइल भेजने के लिए आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। मेडिकल सीएमओ की देखरेख में होगा। इस बीच इजराइल जाने के इच्छुक श्रमिक गुरुवार को अपर श्रमायुक्त कार्यालय कानपुर क्षेत्र पहुंचे और इजराइल आने-जाने, रहने में होने वाले खर्च और वेतन के बारे मे पूछा। उन्हें बताया गया कि आने-जाने का खर्च श्रमिक को उठाना होगा। वेतन एक लाख 37 हजार 260 रुपये मासिक होगा।

---

# झांसी, ग्वालियर का इतिहास जानेंगे सीएसए के छात्र

**कानपुर।** सीएसए से 125 विद्यार्थियों का दल तीन दिवसीय टूर के लिए गुरुवार को रवाना किया गया।

सस्य विज्ञान विभाग के इस एजुकेशनल टूर को कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने रवाना किया। मीडिया प्रभारी खलील खान के अनुसार यह दल झांसी और ग्वालियर भेजा गया है।

इस दौरान इस भ्रमण में महारानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय विश्वविद्यालय झांसी के साथ भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान झांसी केच बारे में सभी को जानकारियां दी जाएंगी। ग्वालियर में जीवाजी राव सिंधिया विश्वविद्यालय के भ्रमण के साथ उसके इतिहास के बारे में बताया जाएगा। इस दौरान डॉ. एसएन सुनील पांडे, डॉ. संजना पाठक, डॉ. बलवीर सिंह के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

---

# बाल रोग इमरजेंसी में बढ़ गए 15 बेड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हैलट के बाल रोग अस्पताल की इमरजेंसी में बेड कम होने की वजह से एक बेड पर दो से तीन बच्चे लिटाकर इलाज करना पड़ता था, इस कारण संक्रमण फैलने का खतरा तो रहता ही था, बच्चों को भी दिक्कत होती थी। अब बाल रोग इमरजेंसी में 15 बेड बढ़ा दिए गए हैं।

हैलट के बाल रोग अस्पताल में प्रतिदिन कानपुर के साथ आसपास के जिलों से बच्चे इलाज को पहुंचते है। बाल रोग की इमरजेंसी में अभी तक 12 बेड की सुविधा थी। ऐसे में अगर बीमार बच्चों की संख्या बढ़ती थी तो एक बेड पर दो या कभी-कभी तीन बच्चों को लिटाने की नौबत आ जाती थी।

इसे लेकर अक्सर सामान, दवा आदि रखने में तीमारदारों के बीच कहासुनी हो जाती थी। इस समस्या को देखते हुए बाल रोग इमरजेंसी में 15 बेड बढ़ाए गए हैं। अब यहां की इमरजेंसी में कुल 27 बेड हो गए हैं। प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने बताया कि बाल रोग की नवीन इमरजेंसी में 15 बेड और हो गए हैं। इमरजेंसी में आने वाले बच्चों के इलाज के लिए डॉक्टरों की टीम 24 घंटे तैनात रहती है।

सर्दी के मौसम में बच्चे खांसी, जुकाम, बुखार, जकड़न व सांस लेने में कठिनाई से ग्रस्त होकर अस्पताल आ रहे हैं।


बाल रोग अस्पताल में बना नया आकस्मिक वार्ड। अमृत विचार

- बेड की कमी से एक बेड पर करना पड़ता था दो से तीन बच्चों का इलाज

# पिता से अवैध संबंधों पर वृद्ध शिक्षिका को मारा था

## मुंह दबाकर की हत्या फिर फूंक दिया शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौ जनवरी को रायपुरवा थानाक्षेत्र में छब्बालाल के हाते में कमरे के अंदर जली मिलीं बुजुर्ग शिक्षिका मंजू वर्मा के हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस के अनुसार पड़ोसी धर्मेंद्र कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया गया है।

उसने पुलिस को बताया कि उसके पिता वीरेंद्र से शिक्षिका के अवैध संबंध थे। वह सारी कमाई उसे दे देते थे। जिसका वह विरोध करता था। इसी खुन्नस में बुजुर्ग शिक्षिका को मुंह दबाकर मारा और फिर उन्हें जला दिया था। शिक्षिका का मोबाइल वह ले गया था। उसके बाद से पुलिस नंबर को ट्रेस कर रही थी। जिसके आधार पर उसे रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है।

डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि धर्मेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि वारदात वाली रात दो बजे के आसपास उसकी आंख खुली तो वह बाहर गया। वहां देखा कि पड़ोसी शिक्षिका मंजू वर्मा का दरवाजा खुला हुआ था। अंदर गया तो देखा कि मंजू सो रही थीं। उसने पहले मुंह पर पेपर रखकर दबा दिया जिससे उनकी सांसें थम गईं। इसके बाद वही पेपर रखकर रजाई में आग लगा दी।



हत्यारोपी धर्मेंद्र। अमृत विचार

- शिक्षिका के लूटे मोबाइल से खुला राज, हत्यारोपी पड़ोसी गिरफ्तार, किया खुलासा

इसके बाद उनका मोबाइल लेकर वह वहां से फरार हो गया। डीसीपी ने बताया कि हत्यारोपी धर्मेन्द्र, मंजू का मोबाइल लेकर गया था। पुलिस को मौके पर पहुंचने पर सिर्फ राख और हड्डियां मिली थीं।

पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर खुलासे के लिए पांच टीमें गठित की थीं। डीसीपी ने बताया कि मंजू का मोबाइल सर्विलांस पर लिया गया तो मोबाइल में दूसरा नंबर चलता मिल गया। पुलिस ने मोबाइल इस्तेमाल करने वाले को पकड़ा तो उसने बताया कि धर्मेन्द्र इस मोबाइल को दो दिन पहले 200 रुपये में बेच गया था। इसके बाद पुलिस की टीम ने धर्मेन्द्र की तलाश की तो वह तीन दिन से घंटाघर के पास होटल में रहता मिल गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की तो पूरा हत्याकांड खुलकर सामने आया।

### पिता सारी कमाई दे देते थे, इससे नाराज था

धर्मेन्द्र ने पुलिस को बताया कि वह और उसका भाई भीलवाड़ा में नौकरी करते थे। दीपावली में वह कानपुर आया था। उसके बाद से वापस नहीं गया। उसने बताया कि उसके पिता वीरेन्द्र प्रसाद वर्मा पल्लेदार हैं। उनके बुजुर्ग शिक्षिका मंजू वर्मा से अवैध संबंध थे। वह जितना कमाते थे मंजू को दे देते थे, इसी वजह से उसका और पिता का विवाद होता था। नाली के पानी को लेकर मंजू बहुत परेशान करती थी। इन्हीं कारणों से उसने हत्या की। वारदात को अंजाम देने के बाद वह दरवाजे में कुंडी लगाकर फरार हो गया था।

## जिला उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने अफसरों को दिए दिशा-निर्देश

# अतिक्रमण, जलभराव समस्या का समाधान करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में गुरुवार को सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में उद्योगों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जिला उद्योग बंधु की बैठक हुई। बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत ट्रिपिंग, जलभराव, अतिक्रमण, पार्कों में ग्रीन बेल्ट स्थापित करने आदि मुद्दों पर चर्चा हुई।

आईआईए की ओर से चौबेपुर फैक्ट्री एरिया में कुछ प्रतिष्ठानों में जलभराव की समस्या उठाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने एनएचएआई के परियोजना निदेशक को निर्देश दिए कि औद्योगिक, संस्थागत व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का सर्वे कर सर्विस रोड बनाए जाने की कार्यवाही की जाए। फीटा ने



उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने तमाम निर्देश दिए। अमृत विचार

फजलगंज औद्योगिक क्षेत्र में निजी बसों के खड़े होने से जाम की समस्या उठाई।

इस पर संभागीय परिवहन अधिकारी व ट्रैफिक पुलिस को संयुक्त अभियान चलाकर बसें खड़ीं करने वालों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए। वहीं अपर नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि प्राइवेट बस स्टैंड बनाए जाने के लिए जमीन चिह्नित करें। चकेरी औद्योगिक क्षेत्र में जल्द स्ट्रीट लाइट लगाने का काम शुरू किया जाए। चकेरी औद्योगिक क्षेत्र में कर निर्धारण की समस्या पर क्षेत्रीय प्रबंधक, यूपीसीडा मुख्य अभियंता, नगर निगम को निर्देश दिए कि संयुक्त निरीक्षण कर फैक्ट्रियों के कर निर्धारण व नगर निगम को हैंडओवर के संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करें। पनकी इंडस्ट्रियल एरिया (साइट-दो व तीन) में रैन बसेरा न होने से मजदूरों को होने वाली समस्या पर अपर नगर आयुक्त को तत्काल अस्थायी रैन बसेरा बनवाने के निर्देश दिए। दादा नगर से लेकर पनकी साइट-एक, दो व तीन में नगर निगम, कानपुर विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग व यूपीसीडा के अधिकारियों को विभाग से संबंधित भूमि चिह्नित कर अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए।

चौबेपुर औद्योगिक क्षेत्र में सब स्टेशन के लिए जमीन आवंटित किए जाने पर औद्योगिक संगठनों ने धन्यवाद व्यक्त किया। बैठक में उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र सुधीर कुमार, अपर नगर आयुक्त प्रतिपाल चौधरी, मुख्य अभियंता नगर निगम व क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा आदि थे।

## सड़क हादसे में मौत

**कानपुर।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में साढ़ के बौहार गांव निवासी 23 वर्षीय कुलदीप कुमार अपने यहीं के रहने वाले साथी जोगेंद्र के साथ समाधि पुलिया के पास मजदूरी कर रहे थे। बुधवार रात दोनों साइट से काम खत्म करने के बाद लौट रहे थे। हाईवे पर लघुशंका के लिए जैसे ही कुलदीप बाइक से उतरा वैसे ही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

# बुकिंग न मिलने से किस्तें रुकीं तो जान दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रायपुरवा थानाक्षेत्र में बुकिंग न मिलने से चढ़ी किस्तों को न चुका पाने के कारण परेशान ओला चालक ने बुधवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह काफी देर तक जब दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को शक हुआ। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा जहां युवक का शव फांसी के फंदे से लटक रहा था। परिजनों में कोहराम मच गया।

- रायपुरवा में ओला चालक ने लगा ली फांसी

गर्ग रोड रायपुरवा निवासी 24 वर्षीय प्रांजुल ओला कार चलाता था। उसकी बहन प्रिया ने बताया कि उसने एक मोबाइल कंपनी में काम करके भाई को कार गिफ्ट की थी। जिसके बाद उन्होंने उसे ओला में अटैच करा लिया था। बहन के अनुसार कुछ महीनों से उन्हें बुकिंग बहुत कम मिल रही थीं। जिसके बाद किस्तों का लगातार भार बढ़ता जा रहा था। इस पर वह परेशान रहने लगा था।

इसी वजह से बुधवार रात कमरे का दरवाजा बंद करके उसने फांसी लगा ली। मां दीपा बेटे का शव फांसी के फंदे पर लटकता देख अचेत हो गई। रायपुरवा पुलिस ने परिजनों से घटना के जानकारी की।

# सर्दी में चोर मचाएं शोर पुलिस गश्त पड़ी पस्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सर्दी बढ़ते ही चोर पूरी तरह से सक्रिय हो गए हैं। कोहरे और घरों में दुबके लोगों की वजह से चोर फायदा उठा रहे हैं। आए दिन किसी न किसी थानाक्षेत्र में चोर घटना को अंजाम देकर पुलिस की गश्त की पोल खोलते नजर आ रहे हैं। पूर्व की चोरी की कई घटनाएं खुली नहीं, नई वारदात पुलिस के लिए सिरदर्द बनकर अपराध रजिस्टर का भार बढ़ा रही हैं। चकेरी में 22 लाख की चोरी इसका प्रमाण है।

- आखिर इन चोरियों का कब होगा खुलासा

**केस 1** रावतपुर गांव निवासी बीमा कंपनी से सेवानिवृत्त उदित नारायण सिंह चौहान 3 जनवरी को अपने परिवार के साथ पौत्र जन्मदिवस पर रायबरेली गए थे। घर पर अपने कुत्ते को छोड़ गए थे। चोरों ने मंकी कैप पहनकर कुत्ते को गत्ते में बंद करके घर के ताले तोड़कर पांच लाख से ज्यादा की चोरी को अंजाम दिया था। घटनास्थल पर एसीपी और थाना पुलिस समेत फोरेंसिक ने जांच पड़ताल की लेकिन अब तक एक भी सुराग नहीं लग सका है।

**केस 2** नजीराबाद थानाक्षेत्र के ब्रह्मनगर इलाके में 1 दिसंबर की रात को अकाउंटेंट राजीव अग्रवाल बीमार मां माधुरी के इलाज के लिए पास के अस्पताल में पत्नी रूपा के साथ रुके थे। इस दौरान चोरों ने ताले तोड़कर नकदी और ज्वैलरी समेत तकरीबन 20 लाख रुपये का माल पार कर दिया था। पुलिस और फोरेंसिक ने जांच की लेकिन खुलासा नहीं हो सका।

**केस 3** चकेरी थानाक्षेत्र के एचएएल कॉलोनी निवासी धर्मशिला श्रीवास्तव अपने एक बेटे के साथ रहती हैं। उनके पति रिटायर एचएएल कर्मी थे। धर्मशिला के अनुसार सोमवार को वह अपने दूसरे बेटे के घर पर थीं। दूसरा बेटा उनके घर से कुछ दूरी पर रहता है। घर पर ताला लगा हुआ था। देर रात चोरो ने ताला तोड़ा और अंदर घुसकर 12 हजार रुपये व करीब चार लाख की कीमत के जेवरात पार कर दिए। मंगलवार सुबह जब धर्मशिला घर पहुंची तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। पुलिस अभी तक मामले की जांच कर रही है।

**केस 4** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के आईआईटी सोसाइटी गोपालपुर निवासी भारतीय सेना में जूनियर कमीशन अधिकारी गणेश ने बताया कि उनके निर्माणाधीन मकान से चोरों ने ताला तोड़कर ऊपरी मंजिल में की गई बिजली की वायरिंग के प्रथम तल के कमरे के अंदर रखे लगभग डेढ़ लाख कीमत के 20 बंडल तार चोरी करके ले गए थे। पुलिस मामले की जांच ही कर रही है।

**केस 5** आर्यनगर चौराहे पर स्थित एक नामचीन बेकरी के सामने स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से स्कूटी सवार चोर पांच बैट्रियां चोरी कर ले गए थे। पुलिस चौकी से दस कदम की दूरी पर ये घटना हुई। वीडियो भी सामने आया लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं लग सकी। इसी प्रकार सीसामऊ थानाक्षेत्र में आनंद बाग चौराहे पर स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से चोरों ने कैमरे और तार चोरी कर ले गए थे। चोरों ने पी रोड स्थित आईडीबीआई बैंक के एटीएम के शीशे को भी तोड़ दिया था लेकिन उससे कुछ चोरी नहीं हो सकी। खुलासा तो दूर की बात पुलिस अब तक मामला तक नहीं दर्ज कर सकी है।

# कंपनी से जुड़ने का ऑफर दे ठगी

**कानपुर।** गांधी नगर निवासी ओमकार विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि उनके पिता का अपर्णा ट्रेडर्स के नाम से फोम का व्यापार है। अजय धर नाम का व्यक्ति स्वंय को साक्षी कंपनी का एजेंट बताता है। उन्होंने बताया कि कंपनी से जुड़ने के लिए उसने कई सारे ऑफर दिलाने की बात कही। जिसके एवज में उन्होंने उक्त व्यक्ति को 25 जनवरी 2022 को चेक से 60,000 रुपये व नकद एक लाख रुपये प्रदान किए। बताया कि अजय धर ने उनके मोबाइल पर कंपनी का बिल व्हाट्सअप कर बताया कि आपका कंपनी से अप्रूवल हो चुका है और वह कंपनी से जुड़ चुके हैं। इसके बाद कंपनी से फोन के माध्यम से आगे पता चला है कि न कोई बिल जारी किया गया है और न ही आपका कोई भी पैसा कंपनी के पास प्राप्त हुआ है। इसके बाद उन्होंने् अजय धर को फोन कर रुपये वापस मांगे। आरोप है कि आठ जून 2023 को अजय धर की नई फैक्ट्री बांकेबिहारी धर्मकाटें के बगल में जाकर अपने पैसे वापस मांगे तो वह मारपीट व गाली गलौज करने लगा। उसने मारपीट कर 3000 रुपये लूट लिए कहा कि उसका कोई पैसा वापस नहीं होगा। इस संबंध में सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अजय धर और उसके साथी के खिलाफ कई धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

- एक लाख 60 हजार रुपये की धोखाधड़ी की



रेल कर्मचारियों ने टॉवर वैगनों से टहनियां छांटीं। अमृत विचार

# टॉवर वैगन से हटाई गईं पेड़ों की टहनियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेल कर्मियों ने गुरुवार को ओएचई लाइन पर काम किया। टॉवर वैगन से लाइनों के किनारे पेड़ों की टहनियां काटने का अभियान चलाया। इस दौरान क्रासिंग बंद होने से जीटीरोड पर जाम की स्थित बनी रही।

अनवरगंज से आईआईटी कल्याणपुर के बीच गुरुवार को रेलवे कर्मियों ने ओएचई लाइन पर काम किया। रेलवे कर्मियों ने बताया कि रेलवे लाइन के किनारे खड़े पेड़ों की टहनियां जब हाईटेंशन लाइन से छू जाती हैं तो समस्या आती है। इस कारण ओएचई लाइन पर काम किया जाता है। टॉवर वैगन के माध्यम से पेड़ों की टहनियों को काटा जाता है। जिससे लाइन में कोई बाधा न आए। टॉवर वैगन जब किसी क्रासिंग पर खड़ा होता है तो क्रासिंग बंद कर दी जाती है। इधर क्रासिंग बंद होने से जीटी रोड पर जाम की स्थित रही। 15 से 20 तक क्रासिंग बंद रहने से लोगों को इंतजार करना पड़ा।

- रेलवे कर्मियों ने ओएचई लाइन पर किया काम

## बच्ची से दुष्कर्म में आरोपी चाचा को 10 साल कैद

**कानपुर।** स्कूल से लौटी पांच वर्षीय भतीजी के साथ दुष्कर्म करने वाले चाचा को विशेष न्यायाधीश पाक्सो अतिरिक्त की कोर्ट ने दोषी पाकर 10 साल कैद की सजा व 10 हजार रुपया जुर्माना किया।

पीड़िता की मां ने अगस्त 2015 में शहर के एक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि वह मजदूरी करती है। 13 अगस्त को वह मजदूरी करने गई थी। इसी दौरान उसकी पांच वर्षीय बेटी स्कूल से घर लौटी थी। वह घर में अकेली थी। बच्ची को घर में अकेला पाकर पारिवारिक चाचा मुन्ना ने उसके साथ दुष्कर्म किया था।

मां के लौटने पर बच्ची ने आपबीती बताई, जिसके बाद आरोपी के खिलाफ स्वरूप नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामला विशेष न्यायाधीश (पाक्सो अतिरिक्त) योगेश कुमार द्वितीय की कोर्ट में चल रहा था। विशेष लोक अभियोजक भावना गुप्ता ने बताया कि सबूतों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने मुन्ना को दोषी पाया। कोर्ट ने मुन्ना को 10 साल की सजा व 10 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

# दहेज हत्या में पति को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दहेज के लिए विवाहिता के हाथ बांधकर मारपीट कर जिंदा जलाने के दोषी पति को अपर सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने ससुर व सास को भी दोषी मानते हुए 10-10 साल कैद की सजा दी।



कानपुर देहात के थाना रूरा, किशनपुर निवासी रामकुमार पांडेय ने बताया कि उन्होंने कल्याणपुर, कश्यप नगर निवासी गिरीश कुमार द्विवेदी के बेटे पीयूष कुमार द्विवेदी से बेटी ज्योति की शादी वर्ष 2014 में की थी। शादी में चार लाख नकद व दो लाख का सामान समेत जेवरात दिए थे। बताया कि सुसरालीजन आए दिन बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। मांग पूरी न करने पर आए दिन मारपीट करते थे। जिस पर ससुरालीजनों के खिलाफ वर्ष 2015 में रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। इसके बाद ससुरालीजनों ने समझौता कर लिया था। बताया कि 10 फरवरी 2019 को पति पीयूष कुमार, सास गुड्डी देवी, ससुर गिरीश समेत ससुरालीजनों ने बेटी के हाथ बांध कर पिटाई की। इसके बाद ससुरालीजनों ने उसे जिंदा जला दिया था। मोहल्ले के लोगों की सूचना पर रामकुमार हैलट पहुंचे, जहां ज्योति अकेली मिली। इलाज के दौरान ज्योति की मौत हो गई थी। रामकुमार ने ससुरालीजनों के खिलाफ कल्याणपुर थाने में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। मामला अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश चौधरी की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी प्रदीप कुमार साहू ने बताया कि कोर्ट ने पति पीयूष को दहेज हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व ससुर गिरीश व सास गुड्डी देवी को 10-10 साल की सजा व अर्थदंड की सजा सुनाई।

- ससुर व सास को 10-10 साल की सजा

# कुशाग्र हत्याकांड में चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सूरत के साड़ी कारोबारी के पुत्र कुशाग्र कनोडिया की अपहरण के बाद हत्या के मामले में पुलिस ने गुरुवार को कोर्ट में तीन हत्यारोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। यह प्रक्रिया बुधवार को होनी थी, लेकिन छुट्टी पड़ जाने के कारण एक दिन टल गई थी। इस हत्याकांड में पुलिस ने ट्यूशन टीचर के प्रेमी को मुख्य आरोपी बनाया है वहीं टीचर और उसके प्रेमी के दोस्त को सहयोगी बताया गया है। इस हत्याकांड में पुलिस ने 34 लोगों को गवाह बनाया है। परिजनों ने वाले हत्यारोपियों को फांसी की मांग की है।

रायपुरवा थानाक्षेत्र में आचार्य नगर के श्री भगवती विला अपार्टमेंट में रहने वाले सूरत के बड़े कारोबारी मनीष कनोडिया का बेटा कुशाग्र कनोडिया (16) कैंट स्थित जयपुरिया स्कूल में कक्षा 10 का छात्र था। 30 अक्तूबर 2023 को वह स्कूटी से स्वरूप नगर में कोचिंग पढ़ने के लिए निकला था। 30 लाख की फिरौती के लालच में उसकी पूर्व ट्यूशन टीचर ओमनगर निवासी रचिता वत्स व उसके प्रेमी प्रभात शुक्ला ने अपने एक अन्य शिवा गुप्ता के साथ मिलकर अपहरण करने के बाद रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी थी।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अपार्टमेंट के सिक्योरिटी गार्ड राजेंद्र की मदद से तीनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब चार्जशीट लगा दी है।

पिता मनीष कनोडिया, चाचा सुमित कनोडिया और मां सोनिया कनोडिया व अन्य परिजनों ने हत्यारोपियों को फांसी की मांग की है। पुलिस ने 34 लोगों को गवाह के रूप में शामिल किया गया। वहीं हत्याकांड को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजने की बात कही। जिससे आरोपियों को जल्द से जल्द सजा मिल सके।

- प्रभात शुक्ला को बनाया गया मुख्य आरोपी
- परिजन बोले, हत्यारोपियों को फांसी दी जाए

### किसी भी गवाह ने आग लगाते नहीं देखा: बचाव पक्ष

**कानपुर।** आगजनी कांड में गुरुवार को एमपीएमएलए कोर्ट में सुनवाई की गई। सपा विधायक इरफान व उनके भाई रिजवान सोलंकी के वकील ने वादिनी पर कई सवाल दागे। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि वादिनी मकान के कोई भी दस्तावेज कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर पाई हैं। वादिनी व उनके परिजनों का पासपोर्ट जाजमऊ के अशरफाबाद का बना हुआ है। साथ ही अभियोजन किसी भी ऐसे गवाह को कोर्ट में पेश नही पाया है, जिसने आग लगाते हुए देखा हो। डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी फूंकने के आरोपी सपा विधायक इरफान सोलंकी व उनके भाई रिजवान सोलंकी के मामले में गुरुवार को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सईद नकवी व शिवाकांत दीक्षित की ओर से कोर्ट में कहा गया कि दस्तावेजों के हिसाब से नजीर फातिमा आगजनी वाले प्लॉट पर रहती ही नहीं थी। नजीर फातिमा प्लॉट के कोई भी दस्तावेज कोर्ट में पेश नहीं कर सकी हैं। उनके अशरफाबाद के मूल निवास प्रमाण पत्र कोर्ट के समक्ष दाखिल किया गया है। जिसमें नगर निगम की रसीदे समेत पंसाला शामिल है। अधिवक्ता सईद नकवी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कागजात के आधार पर स्पष्ट है कि प्लॉट नजीर फातिमा का नही था। बताया कि प्लॉट वर्ष 1992 को मारिया लीजा के नाम पर केडीए ने आवंटित किया था, जिसे वर्ष 2022 में रिजवान सोलंकी ने खरीदा था। साथ ही प्लॉट की रजिस्ट्री भी बचाव पक्ष ने दाखिल की। अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने सवाल उठाया कि जब नजीर फामिता का घर था ही नही, तो आगजनी जैसी घटना कैसे बताई गयी। वहीं एफआईआर में प्लॉट में आग लगने के बयान दिये गये हैं। जबकि कोर्ट के समक्ष झोपड़ी बताई गयी है। सहायक शासकीय अधिवक्ता भास्कर मिश्रा ने बताया कि कोर्ट ने सुनवाई के लिए शुक्रवार की तारीख निर्धारित की है।

- वादिनी व उनके परिजनों के पासपोर्ट अशरफाबाद के, रिजवान ने मार्च 2022 में कराई थी रजिस्ट्री
- गुरुवार को एमपीएमएलए कोर्ट में विधायक इरफान सोलंकी आगजनी कांड की हुई सुनवाई

चुनावी चर्चा | प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी कोआर्डिनेटर ने ली बैठक

# पांच कांग्रेस नेताओं ने लोकसभा टिकट की ठोंकी दावेदारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही कांग्रेस पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी है। गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी कोआर्डिनेटर के सामने लोकसभा टिकट के लिए महिला कांग्रेसी करिश्मा ठाकुर के साथ पांच अन्य लोगों ने अपनी दावेदारी ठोकी है। इनमें वरिष्ठ कांग्रेसी मदन मोहन शुक्ल, पवन गुप्ता, पूर्व बार अध्यक्ष नरेश चंद्र त्रिपाठी, आलोक मिश्रा, हरप्रकाश अग्निहोत्री शामिल हैं।

गुरुवार को लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी कोआर्डिनेटर राहुल रिछारिया ने कानपुर प्रभारी उपाध्यक्ष राहुल राय व सचिव अनंतराम नीलांचल के साथ तिलक हाल में बैठक का





प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कोआर्डिनेटर ने बैठक कर लोकसभा चुनाव के लिए जुटने को कहा। अमृत विचार

आयोजन किया। बैठक में कांग्रेस कमेटी एआईसीसी, पीसीसी, कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ लोकसभा टिकट के लिए दावेदार भी शामिल हुए। बैठक में पार्टी के संगठन ढांचे को मजबूत करने पर चर्चा हुई। रिछारिया ने वार्ड व उससे जुड़े बूथ समितियों की स्थितियों का जायजा लिया। संगठन को मजबूत बनाने के लिए बूथ व वार्ड स्तर पर खाली पड़े पदों पर नियुक्ति के लिए जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजने को कहा। बैठक के बाद रिछारिया ने कानपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले दावेदारों व उनके समर्थको से अलग-अलग साक्षात्कार भी लिया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संजीव दरियाबादी, अमित पांडेय, नरेश कटियार, शंकर दत्त मिश्र, विकास अवस्थी, दिलीप शुक्ला, पदम मोहन मिश्रा, महेश मेघानी, लल्लन अवस्थी, कृपेश त्रिपाठी, इकबाल अहमद, संदीप शुक्ला शामिल रहे।

- साक्षात्कार के साथ संगठन को मजबूत करने पर चर्चा

### कांग्रेस का संवाद एवं कार्यशाला कार्यक्रम आज

**कानपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार को बुंदेलखंड जोन का संवाद व कार्यशाला का कार्यक्रम फूलबाग स्थित यूनियन क्लब लॉन में आयोजित होगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रत्येक स्तर के संगठन के पुर्नगठन व सत्यापन के साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रदेश आगमन पर तैयारी की समीक्षा होगी। संवाद एवं कार्यशाला कार्यक्रम मे बुंदेलखंड जोन के सभी एआईसीसी, पीसीसी सदस्य, प्रदेश, शहर, जिला व फ्रन्टल संगठन के पदाधिकारियों को शामिल होने के निर्देश दिए गए है।

### लहराएंगे केसरिया ध्वज और झंडियां, सजेंगे राम मंदिर और श्रीराम के कट आउट

# अयोध्या की तरह सजेंगे शहर के बाजार, बन रहे मंगल तोरण द्वार

राम आएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 22 जनवरी को शहर के बाजार अयोध्या की तरह सजेंगे। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स और उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने सभी प्रमुख बाजारों को राममय करने की तैयारी शुरू कर दी है।

कैट के राष्ट्रीय सचिव पंकज अरोरा व प्रदेश महामंत्री अशोक बाजपेई ने बताया कि श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह को उत्सव के रूप में मनाने की शुरुआत कर दी गई है। गुरुवार को फूलबाग से लेकर घंटाकर तक भगवा झंडे और बैनर लगाए गए हैं। शुक्रवार दोपहर 12.30 बजे से फूलबाग, बिरहाना रोड, नयागंज चौराहा, जनरलगंज, मनीराम बगिया, मेस्टन रोड होते हुए नयागंज तक जनसंपर्क किया जाएगा। इस दौरान रामसंवाद का आमंत्रण दिया जाएगा।



वार्ता करते कैट के राष्ट्रीय सचिव पंकज अरोरा और महामंत्री अशोक बाजपेई।

#### 20 को यहां होंगे संवाद

20 जनवरी को संगीतमय राम संवाद आमंत्रण कार्यक्रम किया जाएगा। कारोबारी रामलला के भजनों पर नाचते थिरकते हुए मूलगंज, बादशाही नाका, किराना बाजार, नयागंज डाकखाना, भूसाटोली होते नयागंज चौराहे तक जाएंगे।

#### घंटाघर चौराहे पर 20 फीट की स्क्रीन

कैट की ओर से 22 को घंटाघर पर मुख्य आयोजन होगा। घंटाघर चौराहे पर 20 फीट की स्क्रीन लगाकर अयोध्या में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का सजीव प्रदर्शन किया जाएगा। अजय तिवारी व दुर्गा केसरवानी ने बताया कि 22 तक सभी प्रमुख बाजारों में यात्राएं निकाल प्रभुराम पोटली वितरित की जाएगी।

#### बाजार में आए नए स्प्रे

प्रभु राम यात्राओं को भक्तों की ओर से महकाने की भी तैयारी की जा रही है। बाजार में चंदन, गुलाब, केवड़ा की खुशबू वाले स्प्रे की खरीदारी तेज हो गई है। कई संगठनों की ओर से इन स्प्रे की बल्क में खरीदारी की जा रही है। बिसाती बाजार में कारोबारियों ने बताया कि उनके पास लगातार ऑर्डर आ रहे हैं। इसके अलावा बाजार में परफ्यूम की मांग भी बढ़ गई है।



बाजार में आए रामलला के वस्त्र और राम दरबार की मूर्तियां। अमृत विचार

## चांदी का राम दरबार, सोने के हनुमान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राम मंदिर की स्थापना के उत्सव के लिए रोज नए उत्पाद बाजार में दस्तक दे रहे हैं। सराफा बाजार में चांदी का राम दरबार और सोने के वीर हनुमान आए हैं तो बर्तन बाजार में पीतल के राम दरबार शोभा बढ़ा रहे हैं। बाजार में यह उत्पाद एक हजार से लेकर 12 हजार रुपये तक में हैं। कारोबारियों के अनुसार शादी समारोह में उपहार में देने के लिए लोग राम दरबार खरीद रहे हैं।

सबसे अधिक मांग चांदी के राम दरबार की हैं। इसे देखते हुए सराफा कारोबारियों ने लगभग 12 हजार रुपये कीमत का राम दरबार लांच किया है। इसकी खासियत यह है कि यह देखने में पुरातन काल का लगता है। इसी तरह बाजार में गुरुवार को 'सिल्वर बार' भी लांच किया गया है। इसमें राम मंदिर का थ्री-डी मॉडल है। 'सिल्वर बार' तिरछा करने पर आकृति बदलता है। इसमें प्रभु राम धनुष लिए हुए खड़े हैं। 20 ग्राम के इस 'सिल्वर बार' को उपहार में देने के लिए सबसे अधिक खरीदा जा रहा है। पीतल का राम दरबार भी खूब बिक रहा है। इसे लोग अपने घरों के मंदिरों में विराजमान करने के लिए खरीद रहे हैं।

वीर हनुमान भी सोने की प्रतिमा के रूप में दस्तक दे चुके हैं। चार इंच की वीर हनुमान की आकृति उपहार में देने के लिए लांच की गई है। कारोबारी पंकज अरोड़ा ने बताया कि इलेक्ट्रो फॉर्मेटिंग की यह प्रतिमा लगभग आठ हजार में है। बाजार में प्रभु के श्रृंगार के लिए पीतल के आभूषण भी हैं। इनमें कड़े, पायल, धनुष शामिल हैं।



करताल खरीदते लोग। अमृत विचार

#### झांझ-मंजीरा, करताल, शंख से बढ़ेगी यात्राओं की शोभा

**कानपुर।** हटिया, शिवाला और रामनारायण बाजार में खामोश पड़ा वाद्ययंत्र बाजार मुस्कुराने लगा है। वाद्ययंत्रों की खरीदारी बढ़ गई है। 22 जनवरी को निकलने वाली शोभा यात्राओं के लिए लोग बड़ी संख्या में झांझ–मंजीरा, करताल और शंख खरीद रहे हैं। कारोबारी वैभव ओमर व गोविंद गुप्ता ने बताया कि ग्राहकों क मांग को देखते हुए बाजार में 30 रुपये से तीन हजार रुपये तक के झांझ और 40 रुपये से लेकर 450 रुपये तक मंजीरे मिल रहे हैं। छोटे बच्चों के लिए भी वाद्ययंत्र बाजार में आ चुके हैं। इनमें छह इंच तक के झांझ मौजूद हैं। इनकी कीमत 40 रुपये से शुरू होती है। शिवाला में कारोबारी अमित त्रिपाठी ने बताया कि बाजार में अचानक सीटियों की मांग बढ़ गई है। वाहन जुलूसों और पैदल यात्राओं के लिए सीटियां खरीदी जा रही हैं। रोज लगभग दो सौ शंख की बिक्री हो रही है। कई मंदिरों से भी वाद्ययंत्रों के ऑर्डर आए हैं। यह ऑर्डर प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन मंदिरों में होने वाले आयोजनों के लिए हैं।



रावतपुर में रामलला मंदिर में हुआ कार्यक्रम। अमृत विचार

#### रामलला का श्रृंगार और भजनों पर नृत्य

**कानपुर।** वीरांगना सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति की महिलाओं ने रावतपुर स्थित रामलला मंदिर में श्रृंगार कराया और रामलला को नए वस्त्र पहनाए। इसके बाद हाथों में प्रभु के चित्र वाले झंडे लेकर जय श्रीराम के नारे लगाते हुए नृत्य किया। प्रभु के भजनों ने माहौल राममय बना दिया। महिलाओं ने कहा कि 22 तारीख को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन आसपास के मंदिरों में साज सज्जा के साथ भजन गाकर खुशियां मनाएंगे। शशि भारद्वाज, सुमन सेंगर, आशा सिंह, मीरा सिंह, कंचन, उषा राठौर, बीना चौहान, विभा चंदेल, विभा भदोरिया, पूनम वालिया, पुष्प लता सिंह, रेनू सिंह, प्रियंका सिंह मौजूद रहीं।

## सबके राम, सभी मिलकर मनाएं उत्सव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● सदियों की तपस्या, बलिदान के बाद शुभ घड़ी आई

**अमृत विचार।** 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए रावतपुर स्थित रामलला मंदिर में गुरुवार को समारोह का आयोजन किया गया। यहां पहुंचे संत, महात्माओं के साथ सांसद और विधायक और समाजसेवियों ने राम मंदिर के लिए संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश में रामराज्य आने का भरोसा दिलाया और सभी लोगों से इस दिन को उत्सव की तरह मनाने का आह्वान किया।

मठ मंदिर समन्वय समिति के संरक्षक बाल योगी अरुणपुरी चैतन्य महाराज ने कहा कि राम लला की स्थापना के बाद रामराज्य भी आएगा। राम से ही संसार की उत्पति है। सुख, दुख, पाप, पुण्य, दिन, रात, जय, पराजय सब राम की माया है। अगर आप सोंचे की अशांति नहीं रहेगी तो यह ठीक बात नहीं है, पूरी तरह से शांति व्यवस्था स्थापित होने पर बहुत सारी चीजों का नुकसान होगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद सभी लोग राम राज्य अवश्य देखेंगे। जिसके प्रमाण अभी से सामने हैं। कथा वाचक शिवाकांत महाराज ने कहा कि प्रभु श्री राम जगत के राम हैं। देश में सनातन परंपरा का नया उदय होगा। वर्षों तपस्या के बाद यह समय आया है। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि योगी और मोदी अवतरित पुरुष जैसे हैं। इस उत्सव से वे लोग ही वंचित रहेंगे जिनकी वजह से इस समय को आने में 500 वर्ष लग गए। भाजपा सबका साथ सबका विकास की बात करती है। इसीलिए जनता पसंद करती है। सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि काशी, मथुरा के मामले पर भी हमारी आस्था की जीत होगी, जिसका सबसे बड़ा कारण प्रमाण हैं।




समारोह को संबोधित करते बाल योगी अरुण पुरी। अमृत विचार



कंबल वितरित करतीं मालिनी अवस्थी। अमृत विचार

#### राम भजन गाकर मंदिर में की सफाई, कंबल भी बांटे

**कानपुर।** पनकी स्थित शिव मंदिर में गुरुवार को लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने सफाई की। इस मौके पर खिचड़ी भोज के साथ 12 सौ जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए। आह्वान किया गया कि 22 जनवरी को प्राण–प्रतिष्ठा समारोह को उत्सव के रूप में मनाएं। मंदिरों में सफाई अभियान के तहत पनकी क्षेत्र के आदिवित्य शिव मंदिर में लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने सफाई करके जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। सफाई अभियान का शुभारंभ मालिनी अवस्थी ने राम भजन गाकर किया। उन्होंने लोगों से कहा कि 22 जनवरी को उत्सव के रूप में मनाएं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक नीलिमा कटियार मौजूद रहीं।

#### महापौर की पदयात्रा पर बरसे फूल

**कानपुर।** महापौर प्रमिला पांडे ने गुरुवार को अफीम कोठी चौराहे से मां चंद्रिका देवी के मंदिर तक श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा जन जागरण के लिए पदयात्रा निकाली। ढोल मजीरे और भगवान श्री राम की झांकी के साथ पदयात्रा का भव्य स्वागत हुआ। जगह–जगह दुकानदारों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर जय श्री राम के नारे लगाए। इस दौरान महापौर ने घरों और दुकानों पर जाकर सभी से 22 जनवरी के दिन रान्मोत्सव कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। पदयात्रा में महापौर प्रमिला पांडे, पार्षद विकास साहू,पार्षद आकर्ष बाजपेई, पार्षद पवन पांडे, पार्षद आनंद शुक्ला, पार्षद कौशल मिश्रा मौजूद रहे।

#### टूटी मूर्तियों के जख्म पर पेंट का मरहम...



अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव को लेकर शहर में जगह–जगह स्वयं शहरवासी जहां एक ओर मंदिर में श्रीराम की मूर्ति की साज सज्जा कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर नगर निगम विभाग मोतीझील स्थित तुलसी उपवन में क्षतिग्रस्त श्रीराम का टूटा धनुष व अन्य की मूर्ति से उखड़े पर्त पर पेंट से रंगरोगन कर खामियों को ढकने का कार्य किया जा रहा है। लंबे अरसे से लोहे की रेलिंग टूटी पड़ी है। उपवन में रख रखाव का अभाव है। अब अफसर एकदम से जागे हैं।

**फोटो – मनोज तिवारी**



कथा कहते भैया लाल शुक्ल।

#### हम रामजी के रामजी...

**कानपुर।** श्री भुवनेश्वर साईं धाम मंदिर किदवईनगर में रामकथा के दूसरे दिन नैमिषारण्य से आए व्यास भैया लाल शुक्ल ने श्रीराम नाम की महिमा का संकीर्तन वर्णन किया तो भावविभोर होकर भक्त नाचने लगे। व्यास ने कहा कि राम नाम अविनाशी है। यह सदा बना रहेगा। राम नाम की महिमा बढ़ती जाएगी। जीवन का आधार ही राम हैं। मनुष्य की अंतिम यात्रा में मोक्ष पाने के लिए राम नाम ही सत्य है। राम में शिव और शिव में राम हैं। हम रामजी के रामजी हमारे हैं भजन पर भक्त नाचने लगे। मिथलेश गुप्ता, दया शंकर त्रिवेदी, नवीन अग्रवाल, नरेश सोहने, अनिल शुक्ला, नरेश गुप्ता, आलोक शर्मा, प्रेमलाता पांडेय, गीता त्रिवेदी आदि रहे।

## कौशल्या ले आईं कृष्ण यशोदा के घर पहुंचे राम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पंडित राम प्रसाद त्रिपाठी आदर्श हिंदू धर्मशाला नौ ब्लाक में चल रही रामकथा में प्रहलाद महाराज ने श्रीराम की लीला के प्रसंग में देवलोक में माता कौशल्या और यशोदा की बातों का वर्णन किया।

प्रहलाद महाराज ने बताया कि माता कौशल्या और यशोदा बातों में मगन थीं, तभी कौशल्या के साथ बाल गोपाल श्रीकृष्ण और यशोदा के साथ बाल रूप राम चले गए। कौशल्या जब अपने महल पहुंची तो वहां श्रीकृष्ण तोड़फोड़ करने लगे। सामान इधर से उधर फेंकने लगे। दशरथ ने कहा कि देवी अपना लाल तो ऐसा नहीं है। ये क्या हो गया। ये क्यों शैतानी कर रहा है। वहीं श्रीराम जब नंद के घर पहुंचे तो चुपचाप खड़े हो गए। इधर-उधर देखने के बाद बोले, आसन बिछा दीजिए, हमें बैठना है। इस पर नंद को बड़ा आश्चर्य हुआ कि हमारा गोपाल शैतानी नहीं कर रहा है। उन्हें जब मालूम हुआ कि दोनों माता के बेटे बदल गए हैं तो उन्हें वापस छोड़कर आए। कार्यक्रम में सांसद सत्यदेव पचौरी को गणेश प्रतिमा देकर और राम की पट्टिका पहनकर प्रहलाद महाराज ने आशीर्वाद दिया।



कथा कहते प्रहलाद महाराज।




दीया बांटते समाजसेवी सुनील शुक्ला। अमृत विचार

#### बांटे गए सात लाख दीये

**कानपुर :** श्री बाला जी सेवा समिति की ओर से पवन तनय आश्रम रंजीतपुर में सात लाख दीयों का वितरण किया जा चुका है। समिति अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने बताया कि 11 लाख दीये बांटने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक सात लाख दीये बांटे जा चुके हैं। दीपों का वितरण मंदिर के महंत गोपाल दास जी महाराज की अगुवाई में हो रहा है। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के दिन मंदिरों को भी सजाया जाएगा और भंडारे का भी आयोजन करेंगे।



आरएसएस ने निमंत्रण बांटने के लिए साइकिल यात्रा निकाली। अमृत विचार

#### समर्पण लेने आये थे,निमंत्रण देने आए हैं

कानपुर। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर शहर में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। गुरुवार को बृजेंद्र स्वरूप पार्क से आरएसएस के प्रान्त संघ चालक भवानी भीख द्वारा साइकिल यात्रा का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान समर्पण लेने आये थे,निमंत्रण देने आए हैं, हर मंदिर हो राम मन्दिर, हर नगर अयोध्या बनाएंगे, आओ चलो चले शहर की गली गली साइकिल यात्रा के स्वर गूंजते रहे। इस अवसर पर संजीव पाठक, ,शम्भू,संतोष, अभिमन्यु, प्रमोद, सौरभ आदि रामभक्त साइकिल यात्रा पर निकले और घर- घर सन्देश पहुंचाने का काम किया।

परेशानी | 10 ई–सिटी बसें चलने लायक नहीं, रोज 30 हजार के आसपास यात्री होंगे परेशान

## अयोध्या गईं ई–सिटी बसें, यहां संचालन ठप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में शुक्रवार से ई-सिटी बसें दिखना बंद हो जाएंगी। इसकी वजह उपलब्ध 100 बसों में 90 बसों का अयोध्या भेजा जाना है। पहले अयोध्या जाने वाली बसों की संख्या 40 थी, अब नए आदेश में 90 बसें भेजने को कहा गया है। ऐसे में बची हुई 10 बसें इस लायक नहीं हैं कि उन्हें सड़क पर चलाया जा सके। ई-सिटी बसों का संचालन ठप होने से रोज लगभग 30 हजार यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ेगी।

अयोध्या में राम मंदिर दर्शन के लिए उमड़ने वाले जनसैलाब को सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए शहर से 90 ई-सिटी बसों को भेजा गया है। कानपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के अधिकारियों ने 40 बसें कम होने पर वैकल्पिक रूट की योजना बनाई थी। लेकिन अब 40 से बढ़ाकर 90 बसों को अयोध्या भेजे जाने से सभी योजना ध्वस्त हो गई है।

**100** में 90 ई–सिटी बसें अयोध्या में दौड़ेंगी



#### इन रूटों पर मिलेंगी बसें

30 सीएनजी बसों में से 15 बसों को रामादेवी से आईआईटी के रूट पर चलाया जाएगा। इसके अलावा 15 सीएनजी बसों को जाजमऊ से बिठूर तक के यात्रियों के लिए लगाया जाएगा। 10 खराब ई–सिटी बसों को भी ठीक कर चलाए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

#### सजाईं गईं बसें

अयोध्या के लिए 65 ई–सिटी बसों को सजाकर रवाना कर दिया गया। बची 25 बसों को शुक्रवार शाम तक रवाना किया जाएगा। अयोध्या के लिए ई–सिटी बसों को केसरिया, पीले, लाल और हरे रंग से सजाया गया है। बसों पर 'अयोध्या धाम में आपका स्वागत है' और 'जय श्रीराम' के स्टीकर लगाए गए हैं। बसों के वापसी का समय अभी तय नहीं है।

#### 30 सीएनजी बसें सड़क पर उतारने का फैसला

शहर के बाहर चल रही 30 सीएनजी बसों को अधिकारियों ने शहर के भीतर चलाने की रूपरेखा बनाई है, ताकि यात्रियों को सहूलियत मिल सके। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार ने कहा कि 90 ईसिटी बसों के जाने से विकल्प के तौर पर सीएनजी बसों को उतारा जा रहा है।




झाड़ू लगातीं मन्नत मां और उनकी सहयोगी। अमृत विचार

#### मंगलामुखी ने अर्द्धनारीश्वर मंदिर में सफाई की

**कानपुर।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर किन्नरों (मंगलामुखी) में भी खासा उत्साह है। मंदिरों के सफाई अभियान में उनकी सक्रिय भूमिका दिख रही है। कालपी रोड पर किन्नरों के अर्धनारीश्वर मन्दिर में मन्नत मां फाउंडेशन ट्रस्ट ने सफाई अभियान चलाया। अखिल भारत हिन्दू किन्नर महासभा की अध्यक्ष मंगलामुखी मन्नत मां ने सफाई की। मन्नत मां ने कहा कि 22 जनवरी को पूजन और भंडारा आयोजित किया जाएगा। निहारिका, आरोही, नन्दिनी, रौनक आदि उपस्थित रहे।

# मंदिरों की सफाई, लेखन कारीगरी भी दिखाई

- भाजपा जिला अध्यक्षों की अगुवाई में मंदिरों और मूर्तियों की सफाई
- 14 मंडल अध्यक्षों का किया गया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भाजपाई शहर के मंदिरों की सफाई कर रहे हैं। एक बार फिर से मोदी सरकार दीवार लेखन अभियान में भी भाजपा पदाधिकारी, प्रतिनिधि और कार्यकर्ता जुटे हैं। गुरुवार को उत्तर जिले के जिला अध्यक्ष दीपू पांडे की अगुवाई में 14 मंडलों के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों के सहयोग से 56 जगह छोटे-बड़े मंदिरों की सफाई की गई। इसी तरह दक्षिण जिले में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने भी सफाई अभियान और दीवार लेखन अभियान में भाग लिया।

जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने सुबह दिगंबर जैन मंदिर जनरल गंज, खेरेपति मंदिर बिराहना रोड में मंदिर परिसर एवं मूर्तियों की साफ-सफाई की। सांसद सत्यदेव पचौरी ने भी यहां हाथ बटाया। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने सह मीडिया प्रभारी उत्तर अंकित बाजपेई के साथ रायपुरवा स्थित काली माता मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर व ब्रह्मदेव मंदिर में मंडल अध्यक्ष गौरव पांडे के साथ साफ सफाई का अभियान किया। इस दौरान आनंद मिश्रा, विमल तिवारी, अभिमन्यु सक्सेना, वैभव खंडेलवाल, अन्नू गुप्ता, सुनील गुप्ता रहे। वहीं, उत्तर के अध्यक्ष दीपू पांडे ने दीवार लेखन की शुरुआत रतन लाल नगर मंडल के दादा नगर पुल पर कमल का फूल और एक बार फिर भाजपा सरकार लिखकर की।



शिवराम सिंह दीवार पर कमल का फूल बनाते हुए। अमृत विचार

### मंदिरों में चलाया स्वच्छता अभियान

अयोध्या में श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह के नेतृत्व में बर्रा मंडल के 28 मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उनके साथ विनोद मिश्रा ज्ञानू, अनीता गुप्ता, पुष्पा तिवारी, रमाकांत शर्मा, नरेश कठेरिया, रमेश कुशवाहा, अखिलेश अवस्थी, गौरव तिवारी, संजय पासवान सहित आदि उपस्थित रहे।

### मंडल अध्यक्षों को मिला टास्क

भाजपा के नवीन मार्केट कार्यालय पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का गुरुवार को स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि 2024 में सबसे बड़ा पर्व श्रीराम का विराजमान होना है। अपने आसपास के प्रतिदिन 5 से 6 मंदिरों में साफ सफाई करना है। पूरे कानपुर को झालरों व राम ज्योति से जगमग करना है। बैठक में प्रमुख रूप से संतोष शुक्ला, जितेंद्र विश्वकर्मा, अवधेश सोनकर, वीरेश त्रिपाठी, गौरव पांडे, वात्सेय त्रिपाठी, अभिमन्यु सक्सेना, करन यादव, रमाशंकर अग्रहरि, योगेश पांडे, सुमित पावा, वैभव खंडेलवाल, जनक सिंह, चंचल सिंह, राजेश जोशी, गौरव द्विवेदी, दीपक शुक्ला, प्रशांत पाल रहे।


मंडल अध्यक्षों का सम्मान किया गया। अमृत विचार


लाभार्थियों को सांसद सत्यदेव पचौरी और विधायक सुरेंद्र मैथानी ने चाभी दी।

### मोदी को सुन भाजपाई बोले अबकी 400 पार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए छावनी विधानसभा क्षेत्र के ओमपुरवा मंडल के अंतर्गत वार्ड 29 के कमला पार्क, जगईपुरवा में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एक बड़ी एलईडी के माध्यम से भाजपाईयों ने पीएम मोदी के वर्चुअल संबोधन को सुना। सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की विकासपरक योजनाओं एवं जनकल्याणकारी नीतियों की बदौलत भाजपा अबकी बार देशभर में 400 से अधिक सीटें जीतेगी। कार्यक्रम में पीएम सम्मान निधि के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र, पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाभी, आयुष्मान भारत (प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना) के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस कनेक्शन एवं पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए कैंप में 382 लोगों ने अलग-अलग योजनाओं के तहत आवेदन किए। विधायक महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी, विधान परिषद सदस्य सलिल बिश्नोई, अरुण पाठक, राम बहादुर यादव ,विनोद मिश्रा, रघुनंदन भदौरिया, पूनम द्विवेदी,अमरीश जायसवाल, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी रहे।

# अमित अध्यक्ष, राकेश बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर कपड़ा कमेटी में नवीन को चुना गया प्रधान सचिव

**अमृत विचार।** कानपुर कपड़ा कमेटी के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा गुरुवार को कर दी गई। अमित दोसर को अध्यक्ष व राकेश कपूर 'टिम्मी' को वरिष्ठ उपाध्यक्ष घोषित किया गया। अन्य पदाधिकारियों में अनिल कुमार जैन कनिष्ठ उपाध्यक्ष व नवीन कुमार नेवटिया प्रधान सचिव चुने गए। अभिषेक चावला सोनू को सचिव व राम प्रकाश गुप्ता 'मुन्नू भइया' को संयुक्त सचिव चुना गया। कोषाध्यक्ष पद पर अशोक माहेश्वरी को चुना गया।

कमेटी के चुनाव के लिए लगभग एक महीने से प्रक्रिया चल रही थी। पदाधिकारियों को चुनने के लिए चुनाव समिति ने गुरुवार का दिन निर्धारित किया था। कमेटी के कार्यालय में हुई बैठक में चुनाव समिति के करुणेश कुमार मिश्रा व सत्यनारायण सिंहानिया की मौजूदगी में नाम प्रस्तावित किए गए। यह नाम मतदान के बाद जीते 23 सदस्यों के सामने प्रस्तावित किए गए। सात पदाधिकारियों की कमेटी पर आठवां नाम सामने आने पर जब चुनाव तय माना जा रहा था। कमेटी के बुजुर्ग सदस्यों के हस्तक्षेप पर दीपक गुप्ता ने नाम वापस ले लिया था।

### युवा गुट के अधिक सदस्य

चुनाव में इस बार युवा गुट के 13 व काशी गुट के 10 सदस्य चुनाव जीते थे। इससे युवा गुट ने अपना वर्चस्व बना लिया था। चुनावों में इस बार 31 प्रत्याशियों ने ताल ठोंकी थी। बाद में दोनों ही गुटों ने 15-15 प्रत्याशी मैदान में उतारे थे। 23 सदस्यों को 1265 सदस्यों ने अपना वोट देकर चुना था।


कपड़ा कमेटी के पदाधिकारी चुने गए। अमृत विचार

# रिश्तेदार बन दरोगा से ठगे तीस हजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रेलबाजार थाने में दर्ज कराया गया मामला

**अमृत विचार।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में साइबर ठग ने रिश्तेदार बनकर एक दरोगा को अपना शिकार बना लिया। ठग ने उन्हे फोन फिर अस्पताल में भर्ती होने की बात कहते हुए तीस हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। जब दरोगा ने अपने रिश्तेदार से बात की तो उन्होंने मना कर दिया। इसके बाद उन्होंने मामला दर्ज कराया है।



यातायात पुलिस लाइन में तैनात दरोगा अवध बिहारी मिश्र ने साइबर सेल को बताया कि 28 नवंबर को उनके पास अंजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को उनका रिश्तेदार बताया। इस पर उन्हें अरोपी की आवाज उनके एक रिश्तेदार से मिलती जुलती लगी।

जिस पर वे उसके झांसे में आ गये। फिर आरोपी ने अस्पताल में बीमारी की बात कहते हुए तीस हजार रुपये की मांग की। इस पर दरोगा ने आरोपी के दिए गए नंबर पर रुपये ट्रांसफर कर दिए। उनके अनुसार उसके बाद उनको दोबारा फोन कर चालीस हजार रुपयों की मांग की गई। इस पर उन्हें संदेह हुआ। फिर दरोगा ने अपने रिश्तेदार को फोन किया तो उन्हें अपने साथ हुई ठगी की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने रेलबाजार थाने में शिकायत की। इस संबंध में थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर साइबर सेल से मदद ली जा रही है।

# सजीव प्रसारण दिखाएंगे सफाई योद्धाओं को

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महापौर ने अधिकारियों के साथ की तैयारी बैठक

**अमृत विचार।** श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा पर वाल्मीकि उपवन, मोतीझील में सफाई योद्धाओं को एलईडी पर सजीव प्रसारण दिखाया जाएगा। गुरुवार को महापौर प्रमिला पांडेय ने इसके संबध में नगर निगम मुख्यालय के समिति कक्ष में बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिये।

महापौर ने कहा कि सफाई योद्धाओं को वाल्मीकि उपवन परिवार सहित आमंत्रित किया जाये। उनके लिए भोजन व्यवस्था भी की जाए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित होने वाले आम जनमानस के लिए भी भंडारे की व्यवस्था की जाये। बैठक में अपर नगर आयुक्त मो. अवेश, संयुक्त नगर आयुक्त सन्तोष यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय संखवार, डॉ. अमित सिंह, जेडएसओ-1 मनोज पाल, सुशील कुमार गुप्ता आदि रहे।

# 69 दिन में 50 फीसदी भी वसूली नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केस्को की एकमुश्त समाधान योजना का बुरा हाल

**अमृत विचार।** शहर के बकायेदारों के खिलाफ केस्को ने शासन के निर्देश पर एकमुश्त समाधान योजना 53 दिन चलाई थी। वसूली बहुत कम होने पर केस्को को 16 दिन का और समय दिया गया था, लेकिन अफसोस की बात है कि केस्को के अधिकारी योजना के तहत 50 फीसदी भी वसूली नहीं कर सके हैं। अब भी केस्को का करोड़ों रुपया हजारों बकायेदार डकारे बैठे हैं, पर केस्को उनसे अपना ही रुपया वसूल पाने में असमर्थ हो रहा है।

केस्को के शहर में करीब सात लाख उपभोक्ता हैं, जिनमें से 79,627 लोगों पर केस्को का 105.46 करोड़ रुपये का बिजली का बिल बकाया है।

बकायेदारों से वसूली के लिए शासन के निर्देश पर केस्को ने आठ नवंबर से तीन चरणों में एकमुश्त समाधान योजना शुरू की थी, जो 31 दिसंबर तक चली। लेकिन तीन चरणों में केस्को वसूली में अपने लक्ष्य के काफी पीछे रहा। इसके बाद ओटीएस योजना की तिथि 16 जनवरी तक बढ़ा दी गई थी, जो केस्को के अधिकारियों के पास लक्ष्य को पूरा या उसके आसपास पहुंचने का आखिरी मौका था, वह भी केस्को के अधिकारी पूरा नहीं कर सके। जबकि केस्को के प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन ने योजना का संचालन ठीक से करने के निर्देश दिए थे। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि योजना में 79,627 उपभोक्ताओं में से 50,619 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराते हुए 30.23 करोड़ रुपये जमा किए हैं।

# संगम में अंगीठी जलाने पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीसीटीवी से की जाएगी आरोपियों की पहचान

**अमृत विचार।** मेरठ से प्रयागराज जा रही 14163 संगम एक्सप्रेस के एम 1 कोच में अंगीठी जलाने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। यह मुकदमा फफूंद स्टेशन पर दर्ज हुआ है। मुकदमा दर्ज होने के बाद अब आरोपिरयों की पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की जाएगी।

पूरा मामला बुधवार का है। संगम एक्सप्रेस से भारतीय किसान यूनियन 'टिकैट गुट' के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुशल पाल व युवा ब्रिगेड के गौरव टिकैत अपने सवा सौ समर्थकों के साथ सफर कर रहे थे। इस दौरान फफूंद स्टेशन के पास कोच में अंगीठी जलाकर कुछ लोग ठंड से बचने के का प्रयास कर रहे थे। अंगीठी के धुंए से यात्रियों को लगा कि ट्रेन में आग लग गई है। इससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। मामला सामने पर यात्री शांत तो हुए लेकिन उन्हीं में से किसी ने आग तापते हुए लोगों का वीडियो रिकॉर्ड कर उसे वायरल कर दिया। यात्रियों की ओर से ही एसी कोच में अंगीठी से आग तापते हुए लोगों की शिकायत भी की थी। इसके बाद कानपुर सेंट्रल पर सुरक्षा कर्मियों व रेलवे अधिकारियों ने ट्रेन में छापेमारी की थी। मामले पर आरपीएफ फफूंद के प्रभारी थाना निरीक्षक रजनीश राय ने बताया कि मामला रेलवे की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। इसलिए सूचना के आधार पर अज्ञात यात्रियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। इस ट्रेन से बड़ी संख्या में किसान यूनियन से जुड़े लोग प्रयागराज रैली में शामिल होने जा रहे थे।

### सेंट्रल पर खड़ी रही वंदेभारत

वाराणसी से नई दिल्ली जाने वाली 22415 वंदेभारत एक्सप्रेस की कोच में तकनीकी गड़बड़ी की वजह से करीब पौन घंटे कानपुर सेंट्रल में रोका गया। सूचना पर टेक्निकल टीम ने ट्रेन की गड़बड़ी को दुरुस्त किया। जब जांच में संतुष्ट हुए तब ट्रेन को नई दिल्ली के लिए रवाना किया गया। गुरुवार को वाराणसी से नई दिल्ली जाने वाली 22415 वंदेभारत एक्सप्रेस गुरुवार शाम 3.39 पर प्लेटफ़ॉर्म नंबर एक पर पहुंची। ट्रेन के पायलट स्टाफ ने कोच में तकनीकी गड़बड़ी होने की सूचना दी। यह बताया कि तकनीकी गड़बड़ी चलते कोच में अपने आप ब्रेक लग रहे थे, जिससे ट्रेन संचालन में समस्या पैदा हो रही थी। कानपुर सेंट्रल में सूचना पर टेक्निकल टीम पहुंची और उसने मरम्मत का काम किया। जब जांच में पूरी तरह से यह पुष्टि हो गई। आगे समस्या नहीं होगी तब ट्रेन को 4.25 बजे रवाना किया गया।

# ग्रीन बेल्ट में निर्माण रोकने पर हंगामा

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में श्यामनगर इलाके में ग्रीन बेल्ट में हो रहे मंदिर निर्माण को रोकने पर हंगामा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया।

श्यामनगर स्थित ग्रीन बेल्ट में मंदिर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी शिकायत पर नगर निगम जोन दो के जोनल अधिकारी अनिरुद्ध सिंह प्रवर्तन दस्ते के साथ पहुंचे। उन्होंने निर्माण कार्य को रुकवा दिया।

इस पर निर्माण करा रहे लोग टीम से भिड़ गए। कहा कि ग्रीनबेल्ट में पहले से ही इतने मंदिर बने हुए हैं, तो इनका निर्माण क्यों रोका गया। अगर उनका निर्माण रोका जाता है, तो पहले बनाया गए मंदिरों को हटाया जाए। इस पर जोनल अधिकारी वापस लौटने लगे। वहीं मौके पर पहंची पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया।

# पुलिस ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दुकानदारों को चेतावनी देकर एक दिन में सामान हटवाने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने, सड़कों व चौराहों से अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी ट्रैफिक पुलिस के साथ स्थानीय पुलिस को देने पर गुरुवार को दूसरे दिन शहर भर में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। फुटपाथ पर कब्जा कर अतिक्रमण करने वाले स्ट्रीट वेंडरों को सुव्यवस्थित खड़े होने के निर्देश दिए गए। वहीं स्थायी अतिक्रमण करने वालों को एक दिन का समय देकर जगह मुक्त करने को कहा गया। इसके साथ ही नौबस्ता हमीरपुर हाईवे पर पुलिस ने बेरीकेडिंग करवाई।

शहर की यातायात व्यवस्था को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने चुनौती के रुप में स्वीकार किया है। यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों की एक बड़ी फौज उतारी है। इसके साथ ही ट्रैफिक को सुचारू बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस के साथ ही सभी सर्किल के एसीपी को क्षेत्र से अतिक्रमण हटवाने की जिम्मेदारी सौंपी है। आदेश के दूसरे दिन शहर भर में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। एडीसीपी ट्रैफिक अंकिता शर्मा, नौबस्ता एसीपी आशुतोष कुमार, प्रवर्तन अधिकारी बनाए गए इंस्पेक्टर आशीष द्विवेदी व नौबस्ता पुलिस ने जाम से जूझने वाले नौबस्ता हमीरपुर हाईवे पर विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क तक सामान फैलाने वालों दुकानदारों को चेतावनी दी गई।

नौबस्ता चौराहे से बर्रा बाईपास की ओर जाने वाले रास्ते पर बेरीकेडिंग लगवाई गई। पुरानी मौरंग मंडी पर सड़क किनारे खड़ी ट्रालियों के चालान काटे गए। किदवई नगर चौराहों से ई-रिक्शा व ठेलों को हटवाया गया। गुजैनी में एसीपी आशुतोष कुमार ने दुर्गा मंदिर रोड पर फुटपाथ पर कब्जा करने वालों को फुटपाथ खाली करने के निर्देश दिए गए। कल्याणपुर एसीपी अभिषेक पांडेय ने ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर पनकी रोड चौकी से नया शिवली रोड तक अतिक्रमण अभियान चलाया। एसीपी ट्रैफिक ने प्रतिबंधित मार्ग पर चलने वाले ई-रिक्शों को सीज किया। यातायात प्रभार पूर्वी जोन ने रामादेवी चौराहे पर अवैध रुप से रोड किनारे लगे ठेले वालों को हटवाया। वहीं पूरे शहर में कार के सीशों में काली फिल्म लगाकर चलने वालों के चालान काटे गए।


फुटपाथ घेरे दुकानदारों को दी चेतावनी।

बढ़े भाईचारा | शहर काजी की सरपरस्ती में शांति-एकता की कवायद

# मरकजी जुलूस में गूंजा शांति का पैगाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर काजी की सरपरस्ती में शांति-एकता व सद्भावना के लिए गुरुवार को मरकजी जुलूस निकाला गया। शहर काजी मौलाना मुफ्ती मोहम्मद साकिब अदीब मिस्बाही ने सफेद कबूतर उड़ाकर सभी धर्मों में भाईचारा को मजबूत करने का पैगाम दिया। इसके बाद जुलूस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जुलूस में भाईचारा देखने को मिला। हिंदू धर्म गुरु, पादरी भी मौजूद रहे।

इस मौके पर शहर काजी, नायब शहर काजी कारी सगीर आलम हबीबी, मुफ्ती रफी अहमद निजामी, पार्षद इशरत अली, सपा नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, महबूब आलम खान, इस्लाम खान आजाद, हिंदू धर्म गुरु पंडित राजेश मिश्रा, पादरी मिथलेश सोलोमन, मुफ्ती हनीफ बरकाती, मौलाना गुलाम मुस्तफा, हाफिज कफील खान, हारुन चिश्ती, मुनीर अहमद दानिश, अनवार खान, रजा खान, मुबीन अजहरी, अदनान खान, मोहम्मद फाजिल चिश्ती, इस्लाम खान चिश्ती, नूर आलम, इरफान हाफिज शरीफ उवैशी, अशरफी, मोहम्मद रफीक, गुफरान मजीद, अजमत अली चिश्ती आदि लोग थे।


सद्भावना के लिए मरकजी जुलूस निकाला गया। अमृत विचार


एकता और शांति के लिए दुआ की गई। अमृत विचार

# महिला अंपायर और स्कोरर को आगे बढ़ाएगा यूपीसीए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कमेटी की बैठक में लिया गया फैसला, महंगाई भत्ते व लोकल कंवेंस में बढ़ोत्तरी

**अमृत विचार।** बोर्ड से कराई जाने वाली ट्रॉफी हो या लोकल स्तर पर खेली जाने वाली प्रतियोगिताएं, सबमें महिलाएं स्कोरिंग और अंपायरिंग करती नजर आने वाली हैं। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) ने महिलाओं को इस फील्ड में भी भविष्य बनाने के लिए आगे बढ़ाने की ठान ली है। प्रमोट करने के लिए फैसला लिया गया है। यूपीसीए अपनी संबद्ध जिला इकाइयों से भी महिलाओं को अंपायर और स्कोरर भूमिका में भविष्य बनाने के प्रेरित करने के लिए कहेगा।

क्रिकेट खेल के संचालन में अंपायर और स्कोरर की भी प्रमुख भूमिका होती है। अभी इसमें पुरुषों का ही वर्चस्व नजर आता है। बड़े स्तर के मुकाबले में आपको कुछ महिला अंपायर या स्कोरर दिख जाएंगी, लेकिन जिला स्तर पर होने वाली लीग और टूर्नामेंट में शायद इक्का-दुक्का ही देखने को मिलें। महिलाओं की प्रतियोगिता में भी अंपायर और स्कोरर की भूमिका में अक्सर पुरुष ही नजर आते हैं। यह परंपरा अब यूपी में टूटने वाली है। यूपीसीए ने अब स्थिति को बदलने का मूड बना लिया है। अंपायर और स्कोरर की बैठक में इस बारे में चर्चा करके महिलाओं को आगे बढ़ाने का फैसला लिया गया है।

### वर्कशॉप फ्री

अंपायर और स्कोरर की फील्ड में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए अब उनके लिए अलग से अंपायर-स्कोरर वर्कशॉप आयोजित की जाएगी। इसके लिए उनसे कोई फीस नहीं ली जाएगी। उनके रहने एवं खाने का सारा इंतजाम भी यूपीसीए करेगा।

**डीए में बढ़ोत्तरी :** अंपायरिंग व स्कोरिंग करने वाले अंपायर-स्कोरर के महंगाई भत्ते (डीए) में यूपीसीए ने दो गुने की बढ़ोत्तरी की है। अब उन्हें पांच सौ रुपये डीए के रूप में भुगतान किए जाएंगे।

## सार-संक्षेप

### चौबेपुर: दो दुकानों में लगी आग


दुकान में आग लपटें।

**चौबेपुर।** कस्बे में जीटी रोड स्थित खादी भंडार के बगल स्थित दो दुकानों में आग गई। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाया। जीटी रोड स्थित मनोज गुप्ता की हार्डवेयर की दुकान में करीब 11:00 बजे अचानक भड़क उठी आग। आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते आग नें विकराल रूप ले लिया। लोगों ने बुझाने की कोशिश की तब तक आग ने पास की दूसरी दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पुलिस के साथ दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**कानपुर।** गुरुवार को हमसफर एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म सात में आई तो एक युवक, जिसकी उम्र 45 वर्ष थी ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। जीआरपी के मुताबिक अभी मृतक की पहचान नहीं हुई है सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि युवक एक ट्रेन में बार-बार घुस रहा था।

### कस्बे में रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**चौबेपुर।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास विभाग द्वारा गुरुवार को कस्बा स्थित पं रामकुमार ग्राम्य विद्यापीठ इंटर कॉलेज में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान मौके पर पहुंचे 600 बेरोजगार युवक युवतियों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराये गए। कार्यक्रम का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मुहैया कराना था। उत्तर प्रदेश कौशल विकास विभाग द्वारा कस्बा स्थित पं राम कुमार ग्राम्य विद्यापीठ इंटर कॉलेज में आयोजित रोजगार मेले का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की मंशा हर हाथ को रोजगार देने की है। कहा कि बेरोजगारी घटेगी तभी हमारा देश उन्नति के रास्ते पर पहुंचेगा। रोजगार मेले में लोहिया कॉर्प लिमिटेड, एल आई सी समेत दो दर्जन कंपनियों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए। इन स्टॉलों में 600 बेरोजगार युवक और युवतियों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया। लोहिया कॉर्प के अमित तिवारी ने बताया कि आवेदन कर्ताओं की कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। विद्यालय प्रबंधक विजय कुमार दीक्षित, कार्यवाहक प्रबंधक वरुण दीक्षित, प्रधानाचार्य दिनेश तिवारी, राजेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# कानपुर में पांचवीं तहसील बनाने की कवायद

## नई तहसील में बिल्हौर के सबसे ज्यादा जुड़ेंगे राजस्व गांव, सदर और घाटमपुर तहसील क्षेत्र के भी राजस्व गांव शामिल होंगे

अभय प्रताप सिंह, बिल्हौर

**अमृत विचारः** कानपुर नगर जनपद में पांचवीं तहसील बनाने की कवायद शुरू हो गई है। नई तहसील के गठन के लिए राजस्व गांवों की सूची तैयार हो रही है। नई तहसील में बिल्हौर, सदर और घाटमपुर तहसील के राजस्व गांवों को जोड़ा जाएगा, जिसमें सबसे अधिक बिल्हौर तहसील के 144 राजस्व गांव जोड़े जाने की तैयारी है। इस सिलसिले में शासन को राजस्व गांवों की सूची भेजी जा चुकी है।

कुछ समय से बिल्हौर तहसील चर्चा में है। यह चर्चा इसलिए भी तेज है, क्योंकि नई तहसील के गठन में सबसे ज्यादा बिल्हौर तहसील के गांव जोड़े जाने की संभावना है। इसमें शिवराजपुर और चौबेपुर ब्लॉक के राजस्व गांवों को काट कर कानपुर नगर की पांचवीं तहसील बनाने की कवायद चल रही है। सूत्रों के अनुसार नई तहसील में करीब 300 राजस्व गांव शामिल किए जाएंगे, जिसमें बिल्हौर के 144 गांवों के अलावा सदर और घाटमपुर तहसील के गांव जोड़े जाएंगे।

बताते हैं कि सरसौल विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने जनपद में पांचवीं तहसील के सृजन के लिए चर्चा उठाई थी, जिसके बाद कवायद तेज हो गई है। हालांकि अभी नई तहसील के मुख्यालय को लेकर कोई निष्कर्ष नहीं निकला है, मगर माना जा रहा है कि कानपुर साउथ के नौबस्ता या उसके आसपास तहसील मुख्यालय स्थापित करने को तरजीह दी जा सकती है। इससे सदर और घाटमपुर तहसील क्षेत्र से कटकर जुड़ने वाले गांवों के लोगों के लिए खासी सहूलियत होगी।

**300** राजस्व गांव शामिल होंगे नई तहसील में

**144** राजस्व गांव बिल्हौर तहसील के जुड़ेंगे




### पहले कन्नौज में शामिल करने का हुआ था विरोध

यह पहला मौका नहीं है, जब बिल्हौर तहसील के अस्तित्व पर संकट आया है। वर्ष 2013 में बिल्हौर तहसील के राजस्व गांवों को कन्नौज जनपद में जोड़े जाने की चर्चा उठी थी। तह बिल्हौर तहसील के अधिवक्ताओं ने महीनों संघर्ष किया था, तब जाकर मामला शांत हुआ था। इससे पहले कानपुर देहात में बिल्हौर तहसील को शामिल करने की चर्चा हो चुकी है।

### अधिवक्ताओं ने बिल्हौर के लिए खतरा बताया

बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव का कहना है कि नई तहसील में शिवराजपुर और चौबेपुर ब्लॉक के लगभग 144 राजस्व गांव काटे जाएंगे, जिससे बिल्हौर तहसील का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। पहले बिल्हौर का न्यायिक क्षेत्र कानपुर नगर से काटकर माती कानपुर देहात में मिला दिया गया, अब तहसील के गांव काटकर नई तहसील में मिलाए जाने की तैयारी है, जो कतई उचित नहीं है। उधर, लायर्स एसोसिएशन के जनार्दन यादव, देवेश कुमार यादव ने भी इस कदम को बिल्हौर तहसील के भविष्य के लिए खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि यदि बिल्हौर के गांव काटे जाएंगे तो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस निर्णय का अधिवक्ता विरोध करेंगे।

### बार और लायर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

तहसील के राजस्व ग्रामों को काटकर नई तहसील में मिलाने के प्रस्ताव पर बार और लायर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को ज्ञापन सौंपा। तय हुआ कि 20 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मुलाकात करेगा। लायर्स एसोसिएशन के दीपक कटियार ने कहा कि इस प्रस्ताव का खुला विरोध किया जाएगा और सभी अधिवक्ता सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रवीना यादव ने कहा कि शासन अपनी मनमर्जी से बिल्हौर तहसील का अस्तित्व मिटाना चाह रहा है। इसके लिए तहसील बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया जाएगा। इनका कहना है कि पहले भी दो बार बिल्हौर तहसील के अस्तित्व के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की जा चुकी है।

### एक नजर में बिल्हौर तहसील की स्थिति

बिल्हौर तहसील में 403 राजस्व गांव हैं। शासन को जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें सदर तहसील क्षेत्र से सटे बिल्हौर के 144 राजस्व गांवों को पृथक कर नई तहसील में जोड़े जाने की तैयारी है। बिल्हौर तहसील मुख्यतः आलू उत्पादन के लिए जानी जाती है। यहां महाभारत कालीन खेरेश्वर मंदिर, कोल्ड स्टोरेज, जीटी रोड, मकनपुर में मदार साहब की दरगाह और मंडल का एकलौता अटल आवासीय विद्यालय है।

शासन की ओर से राजस्व गांवों की जो जानकारी मांगी गई थी, वह भेज दी गई है। नई तहसील के गठन को लेकर मुझे कोई जानकारी नहीं है।

**–रश्मि लांबा**, एसडीएम बिल्हौर

## सार-संक्षेप



बारातशाला का उद्घाटन करते सांसद देवेंद्र सिंह भोले। अमृत विचार

### सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने किया बारातशाला का उद्घाटन

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के बगरिया और रामपुर गांव में गुरुवार को सामुदायिक भवन/ बारातशाला का सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में एसडीएम रामानुज, एनयूपीपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संतोष, मानव संसाधन प्रमुख वेंकटस्वामी उपस्थित रहे। एनयूपीपीएल की तरफ से रघुपति पीसी और केपी बीनू के साथ रामपुर और बगरिया के ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे। सांसद ने कहा कि इस प्रयास से सामाजिक समृद्धि के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन की ओर एक कदम बढ़ा है। गांव वालों को सामूहिक समरसता का एक नया केंद्र मिला है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने कूष्मांडा मंदिर में लगाई झाड़ू

**घाटमपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा ने गुरुवार को कूष्मांडा देवी मंदिर में झाड़ू लगाई और 22 जनवरी को भव्य दीपोत्सव को लेकर तैयारी की। इसके अलावा बारेश्वर महादेव मंदिर में जिला प्रभारी राधेश्याम पांडेय के साथ सफाई अभियान चलाया। जिलाध्यक्ष ने आह्वान किया कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर अपने-अपने घरों में दीपक जलाकर खुशी मनाएं। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, मंडल अध्यक्ष अनूप अवस्थी, युवा भाजपा नेता शोभित सेंगर, जिला संयोजक आईटी सौरभ त्रिवेदी, हरिओम गुप्ता, अमित सोनी, कृष्णकांत सविता आदि मौजूद रहे।



पौधा लगाते दिनेश कुशवाहा।

### कानपुर देहात ने जालौन को 8 विकेट से हराया

**घाटमपुर।** मूसानगर थाना क्षेत्र के पुरंदर गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन गुरुवार को जालौन टीम को कुंभी कानपुर देहात ने 8 विकेट से हरा दिया। कुंभी टीम के खिलाड़ी ध्रुव ने 61 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त किया। पुरंदर गांव में चल रहे 15 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में तीसरे दिन गुरुवार को जालौन और कुंभी कानपुर देहात के बीच मैच खेला गया। इसमें टॉस जीतकर जालौन की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 131 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में कुंभी कानपुर देहात की टीम ने सोनू 7 रन, सुत्ता 51, गुरु 61 रन की लाजवाब बल्लेबाजी की बदौलत जालौन टीम को 8 विकेट से हरा दिया।

### रेलवे क्रासिंग के पास कार पलटी, दो युवक घायल

**बिल्हौर।** गुरुवार की देर शाम कोतवाली क्षेत्र के उत्तरीपूरा कस्बे में रेलवे क्रासिंग के समीप एक कार अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी, जिसमें दो लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक हादसे में घायल हुए राहुल कटियार पुत्र अशोक कटियार (28) और सूरज दिवाकर पुत्र आदेश दिवाकर (32) बलराम नगर, बिल्हौर के रहने वाले हैं। हादसे की सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने दोनों को बिल्हौर के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया है।



हादसे में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

## दोनों हत्यारोपी भेजे गए जेल

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के सुघरदेवा गांव निवासी कुलदीप तिवारी की हत्याकांड के दोनों आरोपियों को पुलिस ने गुरुवार को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया।

सुघरदेवा निवासी कुलदीप बीते सात जनवरी को सीतापुर जनपद के सिंधौली थाना क्षेत्र के जलालाबाद निवासी मुन्ना सिंह और प्रीति सिंह के साथ घर से निकला था, किंतु घर नहीं लौटा था। मां ने 13 जनवरी को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिजनों को दोनों दोस्तों पर ही शक था। मां सरस्वती ने बहाने से दोनों दोस्तों को गांव बुलाया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। उन्होंने जुर्म कबूल कर नदी से लाश भी बरामद करवा दी। क्राइम इंसपेक्टर शिव शंकर पटेल ने बताया कि दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## फरीदपुर में दो घरों से माल समेट ले गए चोर

संवाददाता, घाटमपुर

- कीमती सामान के साथ देशी घी का डिब्बा भी ले गए
- खटपट की आवाज पर शोर हुआ तो भाग निकले चोर

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के फरीदपुर गांव में बुधवार की रात चोरों ने दो घरों में धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। छत से घर में दाखिल हुए चोर 20 हजार की नकदी के साथ कीमती सामान समेट ले गए। खटपट की आवाज सुनकर परिजनों की नींद खुली तो शोर मचाया, लेकिन शोर सुनकर चोर भाग निकले। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के फरीदपुर गांव निवासी चंद्रशेखर ने बताया कि बुधवार की देर रात चोर उसकी छत में चढ़कर जीने के सहारे घर में उतर आए। चोरों ने कमरे के अंदर रखे बक्शे का ताला तोड़कर साड़ी, बर्तन समेत दस हजार रुपये की नकदी चोरी करने के साथ देशी घी का डिब्बा चोरी कर ले गए हैं। इसके बाद चोरों ने पड़ोस में कुछ दूरी पर रहने वाले संतोष कुमार के घर में पीछे से कमरे की कच्ची दीवार में सेंध काटकर घुसने का प्रयास किया।

कच्ची छत को खोदने के दौरान खटपट की आवाज सुनकर संतोष की नींद खुल गई, तो उसने शोर मचाया। शोर सुनकर पड़ोसी भी जाग गए और चोरों को घेरने लगे। पड़ोसियों से अपने को घिरता देख चोर मौके से भाग निकले। परिजनों ने घटना की सूचना घाटमपुर पुलिस को दी है। सूचना पर मौके पर पहुंची घाटमपुर पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



बक्से का टूटा ताला। अमृत विचार

### चौबेपुर में कमरे का ताला तोड़ 50 हजार की चोरी

**चौबेपुर।** क्षेत्र के इंदलपुर जुगराज गांव में बुधवार की रात मौका पाकर चोरों ने कमरे का ताला तोड़ वहां रखा कीमती सामान पार कर दिया। पीड़ित के मुताबिक चोरी में करीब 50 हजार रुपये का सामान गया है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। इंदलपुर जुगराज गांव निवासी महेंद्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि बुधवार रात चोरों ने मौका पाकर घर के एक कमरे का ताला तोड़ दिया और उसमें रखा एक लैपटॉप, एक एंड्रॉयड फोन और कुछ कीमती सामान पार कर दिया। मामले की जानकारी गुरुवार की सुबह जागने के बाद हुई। घटना की जानकारी पर पुलिस के अलावा एसीपी बिल्हौर अजय त्रिवेदी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच-हड़ताल की। थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

## वांछित अभियुक्त को भेजा गया जेल

**चौबेपुर।** पुलिस ने बुधवार की रात गश्त के दौरान क्षेत्र के बिकरू गांव के निकट एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसके खिलाफ कई मामले दर्ज बताए गए हैं।

बुधवार रात गश्त पर निकले उप निरीक्षक सुमित यादव ने बिकरू गांव के पास संदिग्ध अवस्था में खड़े युवक को टोका, तो उसने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने उसे दौड़ाकर दबोच लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मियाजुल पुत्र जैकुल निवासी बिकरू, चौबेपुर बताया। छानबीन में मालूम हुआ कि युवक के खिलाफ चौबेपुर थाने में कई मामले पंजीकृत किया हैं और वह लम्बे समय से पुलिस की पकड़ से दूर था। थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त को जेल भेजा गया है।

## शुद्ध पानी पिएं, रोगों से दूर रहें

संवाददाता, बिल्हौर

- स्वच्छ पेयजल के लिए गांव-गांव जागरूक करेगा वाहन
- बीडीओ ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अमृत विचारः** जल जीवन मिशन के तहत चलाई जा रही हर घर जल योजना के अंतर्गत ककवन खंड विकास अधिकारी शिवनरेश राजपूत और ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव ने गुरुवार को एलईडी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खंड विकास कार्यालय से रवाना हुए ये वाहन गांव-गांव, गली-गली पहुंचकर शुद्ध पानी पीने और रोगों से दूर रहने का संदेश देंगे।

भारत सरकार एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत एलईडी वैन के माध्यम से गांव-गांव जाकर आम जनमानस को शुद्ध पेयजल एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन कार्यदायी संस्था इंफोटेक साल्यूशन नोयडा की ओर से किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था इंफोटेक साल्यूशन के उपेन्द्र कुमार बताया कि प्रचार वाहन के माध्य से बताया जाएगा कि सरकार जल जीवन मिशन के तहत सभी ग्रामीण परिवारों को क्रियाशील घरेलू नल संयोजन (एफएचटीसी) के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में तत्परता से कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि राज्य में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की सफलता के लिए राज्य सरकार, पंचायती राज संस्थाओं एवं जन प्रतिनिधियों सहित जनसमुदाय को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी शिव नरेश राजपूत, सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजवीर कटियार, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी संजीव कैथवार और विकास खंड कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।




वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते बीडीओ एसएन कश्यप। अमृत विचार

## विवाद में पयार की खरही में लगाई आग

**घाटमपुर।** रेवना थाना क्षेत्र के दुरौली गांव में जमीन के विवाद में कुछ लोगों ने घर में रखे पयार में आग लगा दी, जिससे बड़ा हादसा होते-होते बच गया। पड़ोसियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया गया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

रेवना थाना क्षेत्र के दुरौली निवासी बृजेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उसने गांव के ही विजय सैनी उर्फ छोटे से एक प्लाट खरीदा था। विजय सैनी अब प्लाट में विवाद खड़ा कर रहा है। रेवना थाने की पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता कराकर विवाद न करने की हिदायत दी थी, लेकिन विजय सैनी और ममता सैनी ने गुरुवार पयार की खरही में आग लगा दी। पड़ोसियों ने आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। थानाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। आगजनी की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। आरोपी की तलाश की जा रही है।




तैयारी | ककवन थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक, एसीपी ने प्रधानों से गांवों की नब्ज टटोली

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शांति का संदेश

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार को ककवन थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई, जिसमें शांति और सद्भाव के साथ रामोत्सव मनाने का संदेश दिया गया। बैठक में बिल्हौर एसीपी अजय कुमार द्विवेदी ने ग्राम प्रधानों के जरिए गांवों के माहौल की नब्ज टटोली।

बैठक के दौरान एसीपी अजय कुमार द्विवेदी ने सभी ग्राम प्रधानों के साथ बीट पुलिस अफसरों का परिचय कराया और हर छोटी-बड़ी घटना पर नजर रखने के साथ संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान थाना क्षेत्र के सभी गांवों में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर आयोजित होने वाले पूजा-पाठ के कार्यक्रमों की जानकारी ली और दिक्कत के बारे में वार्ता की। प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन शासन की ओर से जारी किए गए दिशा-निर्देशों का पालन करने की भी अपील की गई। एसीपी व थाना प्रभारी अभिलाष मिश्रा ने सभी ग्राम प्रधानों व नागरिकों से बैठक के दौरान बीट पुलिस अफसर अमित कुमार के उत्साह वर्धन के लिए तालियां बजवाईं। बैठक में मुस्लिम समाज के नागरिकों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। बैठक में मुख्य रूप से बीट पुलिसिंग सिस्टम लागू होने के बाद आम जनता से फीडबैक लिया गया। बताया गया कि पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की ओर से गांव-गांव, मोहल्ला-मोहल्ला बीट पुलिस अफसर तैनात कर लोगों में पुलिस के प्रति नकारात्मक सोच बदलकर सकारात्मक सोच पैदा करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस के प्रति विश्वास कायम करने के लिए जनता का भी सहयोग जरूरी है।

बैठक में ग्राम प्रधान राजू स्वर्णकार, मानस मिश्रा, अनिरुद्ध कुमार, विकास बाजपेई, धीरेंद्र राजपूत, मिंटू दुबे, इंद्रेश राठौर, मिंटू राठौर, दीनू शुक्ला, ककवन मंडल अध्यक्ष शानू राठौर मौजूद रहे। इसी प्रकार अरौल थाना परिसर में भी शांति समिति की बैठक हुई, जिसमें मकनपुर मदार साहब दरगाह समिति के लोग और अरौल कस्बे के सभ्रांत नागरिक मौजूद रहे। बैठक में एसीपी अजय कुमार द्विवेदी, थाना प्रभारी अखिलेश पाल ने मकनपुर प्रधान मजाहिर हुसैन, बरांडा प्रधान राजेश कुमार पाल, मुन्ना सिंह आदि के साथ चर्चा की।



ककवन थाने में बैठक करते एसीपी अजय कुमार द्विवेदी। अमृत विचार

# हत्या में दोषी पाए गए युवक को उम्र कैद

## 14 माह में पूरी हुई मुकदमे की सुनवाई, पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में साल-2022 में हत्या के मामले की अंतिम सुनवाई कोर्ट में पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता की दलील व पुलिस द्वारा पेश किये गए साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास से दंडित करने के साथ 50 हजार का जुर्माना भी लगाया।

बता दें कि दिनेश कुमार पुत्र बैजू निवासी कलवारी महमदाबाद ने 29 जून-2022 को बांगरमऊ कोतवाली में दी तहरीर में बताया था कि उसके पिता बैजूलाल घर से खाना खाने के बाद कुछ दूर बनी झोपड़ी में सोने जा रहे थे। तभी रास्ते में घात लगाए बैठे सावन कुमार ने पिता के सीने पर सरिया से कई वार कर घायल कर दिया था। चीख सुन पहुंचे परिजन उसे सीएचसी फिर ट्रामा सेंटर लखनऊ ले गए। इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई। बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज हुई और आरोपी को जेल भेजा गया। तत्कालीन एसएचओ ओपी राय ने 22 अगस्त-2022 को जांच के बाद चार्जशीट दाखिल की थी। एडीजे कोर्ट-4 में मामले की सुनवाई शुरू हुई। महज 14 माह में गुरुवार को अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता आनंद गौड़ व मनोज कुमार पांडेय की दलीलों व पेश किए गए सबूतों के आधार पर न्यायाधीश अनिल कुमार सेठ ने सावन कुमार को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास व 50 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है।

● **22 अगस्त-2022 को चार्जशीट दाखिल हुई थी**

### छात्रा से दुष्कर्म करने वाले शिक्षक को 20 साल की सजा

**उन्नाव।** परीक्षा में फेल करने की धमकी देकर नाबालिग छात्रा से एक साल तक दुष्कर्म करने वाले शिक्षक को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद दोषी ठहराते हुए 20 साल की सजा सुनाई है। आसीवन थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने मार्च-2021 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि बेटी को स्कूल व ट्यूशन पढ़ने वाला बीजीमऊ निवासी शिक्षक प्रदीप कुमार उसकी कक्षा 10 में पढ़ने वाली बेटी से बीते एक साल से फेल करने व परिजनों को जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म कर रहा था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक के विरुद्ध पाक्सो एक्ट सहित कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। एडीजे कोर्ट-11 में गुरुवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता कविता सिंह द्वारा पेश की गई दलील के आधार पर न्यायाधीश ने शिक्षक प्रदीप को दोषी मानते हुए 20 साल की सजा सुनाने के साथ 60 हजार का जुर्माना लगाया है।

### दहेज हत्या के वांछित पति को पुलिस ने पकड़ा

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ऋषि नगर बाबा कुटी निवासी एक विवाहिता की मौत होने के बाद पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। गुरुवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी पति को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि माखी थाना क्षेत्र के शाहपुर रवीन्द्र प्रसाद ने की तहरीर पर गंगाघाट कोतवाली के ऋषि नगर निवासी पति दिनेश, ससुर सत्यपाल, सास छेदाना, ननद रामा, जेठ सदानंद के खिलाफ दहेज हत्या की एफआईआर दर्ज की है। जहां आरोप था कि 12 जनवरी को उनकी बेटी पूनज की हत्या कर दी। दर्ज मुकदमें में पति दिनेश रैदास वांछित चल रहा था। गुरुवार को एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद दर्ज मुकदमें के आधार पर उसके खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा गया है।

## लुटेरों ने साइकिल सवार को पीटा

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव आसत माइनर मार्ग पर बुधवार रात बाइक सवार तीन लुटेरों ने एक साइकिल सवार की डंडों से जमकर पिटाई कर उसे लूटने का प्रयास किया। तभी पीछे से आए ई-रिक्शा सवार लोगों ने दौड़कर एक लुटेरे को दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। जामा तलाशी में पुलिस ने लुटेरे के पास से दो कारतूस बरामद किये हैं।

आसत मोहीउद्दीनपुर गांव निवासी मनीष पुत्र प्रभू दयालु बांगरमऊ-उन्नाव मार्ग स्थित एक इंश्योरेंस कंपनी के पास चाय की दुकान चलाता है। वह बीते बुधवार देरशाम दुकान बंद कर साइकिल से गांव जा रहा था। तभी रास्ते में आसत माइनर मार्ग पर अचानक बाइक सवार तीन लुटेरे आ धमके और उसे रोककर डंडे से पीटने लगे। लुटेरों ने उसकी साइकिल व पैसे लूटने का प्रयास किया। तभी पीछे से एक ई-रिक्शा आ गया। शोर सुन ई-रिक्शा पर बैठे लोग दौड़े और एक लुटेरे को दबोच लिया। जबकि दो बाइक से भाग निकले।

# बार चुनाव: महामंत्री पद के लिए नौ समेत 35 लोगों ने कराया नामांकन



नामांकन कराने के बाद अपने समर्थकों के साथ सिद्धांत अवस्थी।



नामांकन कराते रामेंद्र प्रसाद। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन चुनाव के नामांकन के दूसरे दिन महामंत्री, संयुक्त मंत्री व कनिष्ठ सदस्य पद के लिए प्रत्याशियों ने पर्चे दाखिल किए। महामंत्री पद के लिए नौ और अन्य पदों के लिए 26 उम्मीदवारों के साथ नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो गई।

एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन बालकृष्ण बाजपेई और चुनाव अधिकारी ने बताया कि नामांकन के दूसरे दिन शुक्रवार को महामंत्री पद पर सिद्धांत अवस्थी, आनंद सिंह, अजीत सिंह, अरविंद दीक्षित, अशोक तिवारी, गुलाब सिंह, हरिहरन सिंह, रामेंद्र प्रसाद व राहुल सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किए। संयुक्त मंत्री प्रशासन पद पर नीलम देवी, पंकज सिंह चंदेल, प्रकाश नारायण, संतोष यादव व सुनील यादव ने पर्चा भरा। संयुक्त मंत्री पद के लिए आशुतोष सैनी, अजय चौबे, भावार्थ मिश्रा, गिरजा शंकर व राजेश कुमार ने नामांकन कराया। संयुक्त मंत्री पुस्तकालय पद पर अरविंद कुमार, मणिकांत सिंह रावत व सुनील कुमार ने नामांकन कराया। कनिष्ठ सदस्य पद पर 13 अधिवक्ताओं ने पर्चे भरे। नामांकन के दौरान सहायक चुनाव अधिकारी प्रेम सिंह, कर्ण बहादुर सिंह, अनुराग बाजपेयी, विकास दत्त, अमित कुमार व मानवेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

● **एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन बालकृष्णने बताया 13 कनिष्ठ सदस्य के लिये भी पर्चे भरे गये**

# सड़क पार कर रही मां-बेटी को कार ने मारी टक्कर, बेटी की मौत, मां गंभीर

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव



सीएचसी में मौजूद पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत पैदल हाईवे पार करते समय तेज रफ्तार कार की टक्कर से मां और उसकी आठ वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की मदद से पुलिस ने दोनों को सीएचसी भिजवाया जहां बेटी को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर घायल मां को जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार को पकड़ लिया है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के डहरौली गांव निवासी श्रीकिशन की बेटी अनीता (32) इन दिनों मायके में रह रही है। गुरुवार को वह अपनी आठ वर्षीय बेटी प्रीति के साथ भाई विनोद के पास चंडीगढ़ जाने के लिये घर से निकली थी। अजगैन बाजार मोड़ के पास हाईवे पार करते समय कानपुर की ओर से आई तेज रफ्तार कार ने दोनों को टक्कर मार दी। इसमें दोनो को गंभीर चोटें आ गईं। पुलिस ने राहगीरों की मदद से दोनों को नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां प्रीति को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं मां को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायल महिला के पिता ने बताया कि उसका बेटा एक माह पहले आया था। उसकी आंख का आपरेशन हुआ था। इसलिए अपने भांजे शिवा को साथ ले गया था। बेटी बेटे को वापस लेने जा रही थी तभी हादसा हो गया।

● **टक्कर मारने वाली कार को पकड़ लिया गया है**

## प्रेशर कुकर फटने से बच्ची गंभीर

**नवाबगंज उन्नाव।** असोहा थानाक्षेत्र के रतावर गांव में अचानक प्रेशर कुकर फटने से एक बच्ची गंभीर घायल हो गई। उसे एम्बुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

असोहा थानाक्षेत्र के रतावर गांव निवासी किशनपाल के घर मं् उसकी पत्नी रीता गुरुवार दोपहर खाना बना रही थी। वहीं पास में उसकी 11 वर्षीय बेटी राधिका अपनी 1 वर्षीय बहन जियासनी को लेकर बैठी थी। रीता किसी काम से बाहर गयी थी। तभी चूल्हे पर चढ़ा प्रेशर कुकर अचानक तेज धमाके के साथ फट गया। जिसकी चपेट में आकर राधिका गंभीर रूप से झुलस गई। कुकर फटने से हुए तेज धमाके में कुकर का ढक्कन छत में घुस गया। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से घायल बच्ची को नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

# जाल में फंसकर दो मोर व 10 चिड़ियों की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** औरास थानांतर्गत गांव के बाहर शिकारियों द्वारा बाहर बिछाए गए जाल में फंस कर दो मोर व 10 चिड़ियों की मौत हो गई। गांव वालों के पहुंचने पर शिकारी भाग निकले। वन रक्षक की तहरीर पर शिकारियों पर वन्य जीव संरक्षण एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज हुई है।

हैदराबाद बीट के वन रक्षक सीताराम पुत्र विजय कुमार निवासी ग्राम पडेरी थाना कछवा जिला मिर्जापुर ने बीती औरास पुलिस को दी तहरीर में बताया उन्हें बीती 16 जनवरी को दोहपर 12 बजे सूचना मिली कि शिवदीन खेड़ा से टीयर जाने वाले मार्ग पर दर्जी बाबा मंदिर के पास मुंशीलाल के खेत में अज्ञात लोग जाल डाल शिकार कर रहे है। जिसमें दो मोर (मादा) व 10 बेहना (चिड़िया) की मौत हुई है। इसी दौरान दीपू पुत्र गया प्रसाद, प्रकाश पुत्र शिवराम निवासी दलेलपुर के घटना स्थल पर पहुंचने से शिकारी भाग निकले। वन रक्षक सहित पीआरवी भी पहुंची थी।

जहां दो मोर व 10 चिड़ियां मृत अवस्था में पड़ी मिली। इस दौरान एक बाइक सहित बासों में लोहे की कील लगा प्लास्टिक का जाल पतली रस्सी तथा थैले मे रखा चावल बरामद किया गया। मृत राष्ट्रीय पक्षी समेत चिड़ियों का पोस्टमार्टम करा कर दफन कराया गया। पुलिस ने अज्ञात शिकारियों पर रिपोर्ट दर्ज करने के साथ बाइक नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

● **ग्रामीणों के पहुंचने पर बाइक व जाल छोड़कर भागे शिकारी, रिपोर्ट दर्ज**

## सार-संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर घायल, रेफर

**आसीवन।** औरास थानाक्षेत्र के उन्नाव-संडीला मार्ग स्थित गांव डालखेड़ा के पास गांव लालता खेड़ा निवासी महेंद्र पुत्र रजेपाल किसी काम से मियागंज आ रहा था। तभी डाल खेड़ा गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी मियागंज में भर्ती कराया।

### नेत्र शिविर आज

**उन्नाव।** जिला अंधता निवारण समित के तत्वावधान में कानपुर के जवाहर लाल रोहतगी नेत्र चिकित्सालय द्वारा बंदा खेड़ा गांव में एक विशाल नेत्र शिविर शुक्रवार को लगाया जाएगा। पूर्व प्रधान अनिल मिश्र ने बताया कि शिविर में नि :शुल्क आखों की जांच की जायेगी। साथ ही मरीजों को अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### 1.980 किलो गांजे के साथ महिला को दबोचा

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली में तैनात दरोगा अनिल कुमार व सिपाही अर्पित चौधरी ने कस्बा नवाबगंज निवासी डिम्पल को रिंग रोड के पास 1.980 किलो गांजा के साथ पकड़ा। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया। बताया कि महिला काफी समय से नवाबगंज क्षेत्र में गांजा बेच रही थी।

### सड़क पर दिखाई दिया 10 फुट लंबा अजगर, मचा हड़कंप

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मकूर-सुंदरपुर मार्ग स्थित मरोचा गांव की पुलिया के पास गुरुवार सुबह अचानक से सड़क पर 10 फुट लंबा अजगर निकलने से लोगों में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना मिलते ही वहां आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने अजगर को पकड़ा और साथ लेकर चली गई।

### दो स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाएं

**पाटन उन्नाव।** बिहार थानाक्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं को लेकर हुई शिकायतों पर पुलिस ने कार्यवाही की है। बिहार थानाक्षेत्र के गांव पठका खेड़ा में शराब पीकर पंकज अपने माता-पिता से मारपीट कर रहा था। बचाने गए बड़े भाई कालीचरण पुत्र छोटेलाल व उसकी पत्नी सोनी को भी उसने पीट दिया। इसमें कालीचरण को गंभीर चोटे आई हैं। पीड़ित ने भाई पंकज को नामजद कर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराकर कार्यवाही शुरू की है। वहीं, मारपीट की दूसरी घटना थानाक्षेत्र के गांव कलुआ खेड़ा के मजरा जमीपुर में अन्ना मवेशियों द्वारा खेत चरने को लेकर हुई। इसमें विपक्षियों ने घर पर चढ़ाई कर मनोज पुत्र कृष्ण कुमार को लाठी-डंडों से पीट दिया। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। इसकी शिकायत विकास पुत्र रामनरेश व फूलमती पत्नी रामनरेश को नामजद कर की है। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराकर रिपोर्ट दर्ज की है।

### शिक्षा विभाग के सचिव को भेजा पत्र

**बांगरमऊ उन्नाव।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रशिक्षु शिक्षक भर्ती 2011 की 12091 पदों की सूची में कई ऐसे अभ्यर्थियों के नाम गायब हैं जिनके यूपी टीईटी में अंक अधिक हैं। जबकि कम अंक वाले अभ्यर्थियों के नाम सूची में शामिल हैं। अभ्यर्थियों ने बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव को पत्र भेजकर छूटे नाम शामिल किए जाने और कम अंक वाले अवैध नाम खारिज करने की मांग की है। उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा प्रशिक्षु शिक्षक भर्ती 2011 के 72825 पदों में से बाकी बचे 12091 पदों पर भर्ती करने का आदेश जारी किया है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा कोर्ट को यूपी टीईटी कट ऑफ मेरिट की सौंपी गई सूची भी जारी की है। अभ्यर्थियों का आरोप है कि इस सूची में अरविंद कुमार के 101 अंक, रोशनी देवी के 93 अंक, कमल किशोर के 110 अंक, अवधेश पाल के 93 अंक, सुनीता पाल के 93 अंक व जय प्रकाश श्रीवास्तव के 112 अंक के नाम शामिल नहीं है। जबकि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी सूची में इस कट ऑफ से कम अंक वाले कई अभ्यर्थियों के नाम अवैधानिक ढंग से शामिल कर लिए गए हैं। यूपी टीईटी के अधिक अंक धारक अभ्यर्थियों ने बेसिक शिक्षा परिषद इलाहाबाद के सचिव को पत्र भेजकर विभाग द्वारा जारी सूची में उनके नाम शामिल करने और कम अंक के अभ्यर्थियों को सूची से बाहर करने की मांग की है।

## जीजा बन किया फोन और खाते से पार कर दिये 7000 हजार

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नवांव निवासी वर्षा ने पुलिस को दिये शिकायतीपत्र में बताया कि उसका पुरवा स्थित भारतीय स्टेट बैंक में खाता है। कुछ दिन पूर्व उसके मोबाइल पर एक युवक ने फोन कर रिश्ते में जीजा होने की बात कही और खाते में 30 हजार रुपए भेजने को कहा। उसने उसे अपना खाता नंबर दे दिया। थोड़ी देर बाद एक नोटिफिकेशन आया। जिस पर क्लिक करते ही उसके खाते से 7000 रुपये कट गए। रुपये कटने का मैसेज आते ही उसने उस मोबाइल नंबर पर फोन किया तो नंबर बंद हो गया था।

# हर्षोल्लास के साथ मनाएं प्राण प्रतिष्ठा समारोह

संवाददाता सफीपुर उन्नाव



शांति समिति की बैठक में मौजूद अधिकारी व क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा व गणतंत्र दिवस को लेकर कोतवाली परिसर में शांति सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें एसडीएम प्रज्ञा पांडेय व सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा होने जा रही है। साथ ही 26 जनवरी का राष्ट्रीय पर्व भी है।

बैठक में उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, सभासदों, ग्रामप्रधानों को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुसार में सभी अपने-अपने क्षेत्रों, गावों में मंदिरों की साफ-सफाई, सजावट करवाएं तथा 22 जनवरी को कार्यक्रम आयोजित कर हर्षोल्लास पूर्वक मनाएं। उन्होंने सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की। कहा कि प्रशासन की नजर असामाजिक तत्वों पर है। कुछ भी संदिग्ध होने पर पुलिस को सूचित करें। सीओ ने मांस विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन मांस बिक्री बंद रहेगी। बैठक में एसएचओ श्याम नारायण सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेयी राजा बेटा, सभासद नीरज कुशवाहा, राजा शर्मा, रामखेलावन पाल, बेचेलाल गुप्ता, राजू बिमल, कृष्णा पाल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनूप सिंह लल्ले, दिलीप मिश्रा, रिजवान शेख, दिनेश यादव, बाबूलाल, ब्रजकिशोर, प्रताप नारायण, राधाकृष्णन, अशोक बाजपेई, राजूपाल, श्याम पाल, हुकुमचंद, राजू कुशवाहा आदि रहे।

### माहौल बिगाड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही

**फतेहपुर चौरासी।** थाना परिसर में हुई बैठक में सफीपुर एसडीएम प्रज्ञा पांडेय व सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने कहा कि 22 जनवरी को सभी लोग दीपोत्सव मनाने के साथ सभी धर्मों का सम्मान करें। उल्लास में किसी को कष्ट न पहुंचे इसका ध्यान रखें। सभी जनप्रतिनिधि मंदिरों में सजावट करने के साथ मुख्य स्थलों व प्रवेश द्वार पर सजावट करें। इंस्पेक्टर राजेश पाठक ने कहा कि यदि कहीं कोई अप्रिय घटना या अराजकता की स्थित लगे तो तत्काल सूचना दें। माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों पर कड़ी कार्वाई की जाएगी। बैठक में फतेहपुर चौरासी चेयरमैन मिथलेश जायसवाल, ऊगू के पूर्व चेयरमैन अनुज दीक्षित, कई सभासद, प्रधान राकेश, जितेंद्र राजपूत, रामगोपाल पांडेय आदि मौजूद रहे।

**प्रकृति** — पक्षीविहार की झील में इस बार पर्याप्त पानी होने से यहां देशी-विदेशी पक्षियों के आने का सिलसिला अभी तक जारी है

# पक्षियों व वन्य जीवों से चहचहा रहा पक्षी विहार, बढ़े सैलानी

विनीत सिंह, नवाबगंज



पक्षी विहार झील में कलरव करते विदेशी पक्षी।



डियर पार्क में मौजूद हिरन।

**अमृत विचार।** रामसर साईट में अपना नाम दर्ज करा चुके नवाबगंज स्थित चंद्रशेखर आजाद पक्षीविहार की झील में इस बार पर्याप्त पानी भरा होने से यहां देशी-विदेशी पक्षियों के आने का सिलसिला अभी तक जारी है। यहां हिमालय व अलास्का जैसे ठंडे देशों से लाखों विदेशी पक्षी आते हैं। काफी समय बाद झील में इतना पानी है कि इसमें पक्षी आराम से ठहर सकेगें। इसके लिये झील में इन दिनों गश्त भी तेज की जा रही है।

शहीद चंद्रशेखर आजाद पक्षीविहार की झील में इस बार अधिक पानी होने से शीतलहर के साथ ही देशी और विदेशी पक्षियों के आने का क्रम शुरू हो गया है। अब तक हजारों की तादात में प्रवासी परिंदे यहां पर अपना आशियाना बना चुके हैं। प्राकृतिक सौन्दर्यीकरण के देखने के लिए यहां पर्यटकों के आने का भी सिलसिला शुरू हो गया है। वहीं वन विभाग के डियर पार्क में भी हिरनों की संख्या में सुधार हुआ है तो मेहमानों की मेजबानी के लिए पर्याटक विभाग के सुरखाब रेस्टोरेंट व मोटल भी तैयार दिख रहा है। रेंजर विवेक ने बताया कि इस बार अभी से देशी-विदेशी पक्षी तो हजारों की संख्या में हैं ही औऱ विदेशी पक्षियों की आमद भी हो रही है। उनकी सुरक्षा के लिये इन दिनों गश्त भी बड़ा दी गई है। वहीं, वन विभाग के रेंजर हिमांद्र बताती हैं कि यहां 32 हिरन हैं। सभी को चारा आदि दिया जा रहा है। यहां बने बच्चों के पार्क को भी सही कराने के लिये शासन को लिखा गया है।

● **पक्षी विहार में सैलानियों को भरपूर आनंद की हो रही है अनुभूति**

● **हिमालय व अलास्का जैसे ठंडे देशों से लाखों विदेशी पक्षी आते हैं यहां**

### 10 हजार किमी की दूरी तय कर आते हैं विदेशी पक्षी

भारत देश में पक्षियों की करीब 1200 प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें से करीब 200 से अधिक प्रजाति के पक्षी हिमालय पर्वत की ऊंचाइयां पार कर यूरोप, साइबेरिया, मंगोलिया, मध्य एशिया आदि से 10 हजार किमी की दूरी तय कर हमारे देश में आते हैं। इन्हीं में से कुछ पक्षी नवाबगंज पक्षी विहार में हर वर्ष आते हैं।

### यह हैं भारतीय पक्षी

पक्षी विहार में स्वदेशी पक्षियों में एशियन ओपनबिल स्टोर्क, पेंटेड स्टोर्क, वोली नेक्ड् स्टोर्क, सारुस क्रेन, ब्लेक हेडेड लेबिस, इंडियन कोरमोरेंट, डारटर या स्नेक बर्ड, कॉमन किंश फिशर, व्हॉइट ब्रेस्टेड ब्रोन्ज विंग्ड् जकाना व किंशफिशर सहित विभिन्न प्रकार के पक्षी यहां आते हैं।

### बीते दिनों हुई बारिश ने भर दी थी झील

पछी विहार में परिंदे न भी हों तब भी इसकी खूबसूरती में सिर्फ प्राकृतिक नजारा ही नजर आता है। कई वर्षों से झील में पानी कम होने से अप्रवासी पक्षी कम आ रहे थे। लेकिन इस बार अधिक बारिश होने से नहरों से पानी भी खूब आया है। जिसका नतीजा है कि झील में पानी चारों ओर भरा है। यहां आने वाले विदेशी पक्षियों में गरगनीटील, बेंटेल, रसियन कूट, स्पाटबिल, सावलर, बिसलिनटील, लालसर, गौड़विल आदि शामिल हैं। पक्षी विहार लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित है। इसका उद्घाटन साल-1975 में हेमवती नंदन बहुगुणा ने किया था। उस समय इसका नाम प्रियदर्शिनी पक्षी विहार रखा गया था। इसके बाद साल-1984 में इसका नाम बदलकर नवाबगंज बर्ड सेंचुरी (पक्षी विहार) रख दिया गया। इसके बाद इसका नाम एक बार फिर से बदल कर चंद्रशेखर आजाद पक्षी विहार रख दिया है।

# भाजपाइयों ने लोगों को दी योजनाओं की जानकारी



पंचप्रण की शपथ लेते जिलाध्यक्ष व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

संवाददाता फतेहपुर चौरासी

**अमृत विचार।** पीएम नरेंद्र मादी की मंशा व संकल्प है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। जिसके लिए प्रधानमंत्री ने अंत्योदय स्तर पर बैठे व्यक्ति को करीब 150 से अधिक योजनाएं संचालित की हैं।

यह बातें कस्बा स्थित शीतला देवी मंदिर परिसर में गुरुवार को आयोजित संकल्प भारत यात्रा कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने कहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के हर नागरिक को अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं की जानकारी देते हुए मौजूद लोगों को पंचप्रण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का उद्घाटन कस्बा स्थित आरबीएस इंटर कालेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर और जिलाध्यक्ष ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि का स्वागत ईओ अरविन्द सिंह व चेयरमैन मिथलेश जायसवाल के अलावा मौजूद सभासदों ने किया। इस दौरान नितिन जयसवाल, बालाराव गुप्ता, राधेश्याम बाजपेई, पवन पांडेय, रामदास आदि रहे।

# फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगा हत्या का मुकदमा

## विनोद हत्याकांडः पश्चिमी गंगाघाट के सिपाहियों का कार्यक्षेत्र बदलकर पुलिस ने की खानापूरी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- आलाधिकारियों ने साक्ष्य संकलन कर चार्जशीट जल्द लगाने के दिये निर्देश
- अपराध निरीक्षक कर रहे थे विवेचना, कोतवाली प्रभारी को सौंपी गई

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा निवासी भाकियू नेता की हिस्ट्रीशीटर ने दिनदहाड़े हत्या कर दी थी। हत्या की रात ही पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद हत्या की धाराएं बढ़ाई गई थी। इधर पुलिस ने पश्चिमी चौकी के पुलिस कर्मियों का कार्य क्षेत्र बदलकर महज खानापूरी कर दी है। शासन स्तर से हत्या के इस मामले को संज्ञान में लिया गया है। जिस कारण आरोपी के खिलाफ जल्द ही गैंगस्टर की कार्यवाही होगी। साथ ही फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा भी चलाया जायेगा।

22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। जिसको लेकर विनोद कश्यप ने अपने छोटे भाई दुर्गाशंकर, साले कल्लू को भंडारे और श्रृंगार के लिये क्षेत्र में चंदा एकत्र करने के लिये कहा था। मिश्रित आबादी में जय श्री राम के नारे लगाने पर हिस्ट्रीशीटर काले खान ने किसान नेता की हत्या कर दी थी। मामला हाईप्रोफाइल और क्षेत्रीय लोगों के विरोध को देखते हुये क्षेत्र में पूरे जिले की पुलिस फोर्स के साथ ही चार सीओ को तैनात किया गया था। किसी तरह मृतक का अंतिम संस्कार कराया गया था। इधर लखनऊ के आलाधिकारी भी किसान नेता के हत्याकांड में बराबर नजर बनाये हुये हैं। जिस पर अपराध निरीक्षक राम प्रकाश वर्मा से स्थानांतरित कर कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति को विवेचना दी गई। मामले में गवाह, नक्शा नजरी का कार्य पूरा कर लिया गया है। इलेक्ट्रानिक साक्ष्य जुटाये जा रहे हैं। चार्जशीट लगाने के बाद आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्यवाही की जानी है। वहीं आरोपियों को जल्द से जल्द सजा मिले इसके लिये मामले को फास्ट ट्रैक पर चलाया जायेगा। जिससे जल्द ही आरोपियों को सजा मिल सके।


मृतक के घर के बाहर तैनात पुलिसबल। अमृत विचार

### खुफिया विभाग ने तैयार किया इनपुट

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में सालों से तैनात पुलिस कर्मियों की खुफिया विभाग ने इनपुट तैयार की है। इसकी रिपोर्ट लखनऊ के अफसरों को भेजी गई है। 22 जनवरी के बाद ऐसे पुलिस कर्मियों पर गाज गिर सकती हैं।

### कार्यवाही के नाम पर महज बदला कार्यक्षेत्र

हत्या वाले दिन मृतक की पत्नी प्रीती पति की पिटाई होता देख पुलिस के पास पहुंचकर मौके पर चलने की बात कही थी लेकिन कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा। जिस पर विनोद की हत्या हो गई। पुलिस की लापरवाही होने के बावजूद कार्यवाही के नाम पर महज उनका कार्यक्षेत्र बदलकर खानापूरी कर दी गई है।

### पांचवें दिन भी तैनात रहा भारी पुलिस बल

विनोद की हत्या के बाद से आरोपी के घर के बाहर, घटना स्थल और मृतक के घर के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रहा। जहां मृतक के घर आने जाने वाले लोगों से गुरुवार को पुलिस कर्मियों ने पूछताछ भी की।

# रोजगार मेले में 132 को मिला रोजगार

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- बांगरमऊ के सुल्तानपुर में आयोजित हुए रोजगार मेले में 190 प्रतिभागी हुए थे शामिल
- श्रीराधा कृष्ण इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड व उप्र कौशल विकास मिशन द्वारा हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर में श्री राधा कृष्ण इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड व उप्र कौशल विकास मिशन द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित कौशल विकसित करने के बाद 190 उम्मीदवारों ने भाग लिया। जिसमें 132 को विभिन्न कंपनियों में नौकरियां प्राप्त हुई हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा एमएलसी रामचंद्र सिंह प्रधान ने कहा कि यह रोजगार मेला उम्मीदवारों को रोजगार देने के साथ एक नई दिशा देने का सशक्त प्रयास है। कहा कि जहां हमने उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में उनके कौशल के अनुसार चुनकर उन्हें प्रमुख कंपनियों में रोजगार का सुनहरा मौका प्रदान किया है। कहा कि इस सफलता के पीछे डीएम, सीडीओ की अध्यक्षता में श्रीराधा कृष्णा इंफोटेक प्रालि के साथी संगठन, उप्र कौशल विकास मिशन व समर्थन करने वाले सभी उद्यमियों व संगठनों का महत्वपूर्ण योगदान है। श्रीराधा कृष्णा इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डारेक्टर ऐनके शर्मा ने कहा कि हमारी कंपनी प्रदेश में बेरोजगार युवाओं को देश के लिए समर्पित प्रयास के साथ आगे बढ़ने का संकल्प रखती है। मेले की अध्यक्षता सीडीओ ऋषिराज ने की। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, एनके शर्मा व श्रीराधा कृष्णा इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का स्टाफ उपस्थित रहा।


रोजगार मेले में साक्षात्कार लेते कंपनी के अधिकारी। अमृत विचार

# बर्फीली हवाओं से जनमानस ठिठुरा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** लगातार पारा लुढ़कने के कारण सर्दी का सितम जारी है। जिससे आम जनमानस का सर्दी में बुरा हाल है। गुरुवार को आसमान साफ रहा। इसके बावजूद बर्फीली हवाओं से हर कोई परेशान रहे। दोपहर के समय धूप निकली लेकिन धूप भी बेअसर रही। जिससे आने जाने वाले लोग ठिठुरते हुये निकले।

जनवरी माह में दिनों दिन पारा लुढ़कता जा रहा है। जिस कारण लोग ठिठुरने को बेबस हैं। बुधवार रात कोहरा छाया रहा। जिसके बाद गुरुवार सुबह मौसम साफ रहा लेकिन बदली छाई रही। वहीं पूरे दिन शीत लहर चलने से हर कोइर ठिठुरता हुआ दिखाई दिया। वहीं दोपहर के समय धूप निकलने से लोगों ने कुछ राहत की सांस ली। वहीं पिछले एक सप्ताह से पड़ रही कड़ाके की सर्दी के कारण घरों में रहने वाले महिलाओं के पैरों की उंगलियां में सूजन आ गई है।

शाम को फिर से मौसम ने करवट ली और आसमान में कोहरे की धुंध छा गई। वहीं भीषण सर्दी के चलते बेजुवान भी दुबके हुये हैं। वहीं पशु पक्षी भी सर्दी में कंपकंपाते दिखाई पड़ रहे हैं। इसके अलावा गोवंश भी जल रहे अलाव के पास खड़े दिखाई पड़े। वहीं कुछ स्थानों पर अलाव न जलने पर लोग कूड़ा करकट जलाकर आग तापने को मजबूर हैं।


सर्दी से बचने के लिये आग तापते लोग। अमृत विचार

▸▸ गोवंश भी जल रहे अलाव के पास खड़े दिखाई पड़ रहे

# विधि विज्ञान लैब की टीम ने कराया सीन रि-क्रिएशन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

▸▸ मामला हाईकोर्ट पहुंचने के बाद से तेज हुई है एसआईटी की जांच

**अमृत विचार।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के बक्शीखेड़ा गांव में युवक की मौत के मामले हाईकोर्ट के जांच तलब किए जाने के आदेश के बाद से एसआईटी जांच में जुटी है। गुरुवार को अनुसूचित जाति के युवक का फंदे से लटके मिले शव मामले में गुरुवार को एसआईटी के साथ विधि विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक सहित डाक्टरों की चार सदस्यीय टीम ने घटना के सीन का रि-क्रिएशन किया।

रामप्रसाद रावत के बेटे दीपक (22) का शव बीती 24 नवंबर घर के पास दुपट्टे के फंदे से लटका मिला था। पिता ने गांव के ही एक परिवार पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगा पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर मामला हाईकोर्ट पहुंचा। इस पर कोर्ट ने जांच रिपोर्ट मांगी तो डीजीपी ने एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए। बीती सात जनवरी को कब्र से शव खुदवाकर दोबारा डाक्टरों की टीम से पोस्टमार्टम कराया गया। गुरुवार देरशाम विधि विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक गयासुद्दीन खान व शाहिद सहित चार सदस्यीय टीम व एसआईटी ने सीन रि-क्रिएशन किया। इस दौरान सीओ संतोष सिंह, एसआईटी की तीन सदस्यीय टीम में इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह, इंद्रपाल सिंह सेंगर, दरोगा सदाकत हुसैन व हसनगंज एसएचओ राजेश्वर त्रिपाठी रहे।

# टॉयर फटने से अनियंत्रित होकर बोलेरो पलटी

**पाटन।** बिहार थानांतर्गत उन्नाव-रायबरेली मार्ग पर रायबरेली की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो का गनेशी खेड़ा के सामने अचानक टायर फट गया। जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह रोड किनारे पलट गई।

इसमें वाहन सवार कई लोगों को मामूली चोटें आईं। इसमें चालक पवन कुमार पुत्र श्याम सुंदर निवासी पान कुश्वर खेड़ा थाना मौरावा गंभीर घायल हो गया।

एंबुलेंस से उसे पीएचसी सुमेरपुर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं, अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

## सार-संक्षेप

### बाजारों में खूब बिक रहे श्रीराम, हनुमान की फोटो वाले झंडे

**शुक्लागंज उन्नाव।** 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गंगाघाट क्षेत्र के नगर व ग्रामीण इलाके अभी से राममय हो गये हैं। प्राण प्रतिष्ठा के दिन घरों में दिवाली बनाने के लिये महिलाएं साफ सफाई कर रही हैं। इसके अलावा प्रमुख गली और चौराहों पर जय श्री राम और प्रभु श्रीराम के चित्रों वाली पताकाओं व झंडों से दुकानें सज गई हैं। जहां लोग खूब खरीददारी कर रहे हैं। अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं कुछ लोगों की छतों पर अभी से ही पताकाएं फहराने लगी हैं। वहीं दुर्गा मंदिर के बाहर, ऋषि नगर गेट, नेहरू नगर, पोनी रोड, मिश्रा कॉलोनी के अलावा आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्री राम के झंडे भी खूब बिक रहे हैं। 22 जनवरी को घरों को जगमग करने के लिये नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानें में झालरों की भी बिक्री हो रही है।

### 26 बटुकों का कराया गया यज्ञोपवीत

**फतेहपुर चौरासी।** क्षेत्र के गांव झूलूमऊ में 26 बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न हुआ। वहीं राम कथा में शंकर पार्वती के विवाह की कथा सुनकर श्रोता भावविभोर हो गये। इसमें आचार्य अरविंद द्विवेदी, शिवम द्विवेदी, विनय कृष्ण आदि ने 26 बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कराकर गायत्री मंत्र की दीक्षा दी। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, फतेहपुर चौरासी चेयरमैन मिथलेश जायसवाल, ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद, कृपाशंकर अवस्थी, अनिल द्विवेदी, राकेश दीक्षित आदि मौजूद रहे। फलाहारी बाबा ने बताया कि 21 जनवरी को शोभायात्रा, कथा विराम व 22 जनवरी को रामजानकी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

### मतदाता जागरुकता की दिलाई शपथ

**बांगरमऊ।** स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सदानंद राय द्वारा नगर के सुभाष इंटर कालेज व गांव राजेपुर स्थित जनता इंटर कालेज के एनसीसी कैडेट्स व महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान डा. सविता, डा. किरन, डा. अभय राजपूत, डा. शैलजा त्रिपाठी, डा. सुमन देवी व छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रो. सदानंद राय के संरक्षण में प्रभारी डा. दिग्विजय नरायन व राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी धर्मेंद्र द्विवेदी व मिशन शक्ति जागरुकता अभियान की संयोजक सविता राजन ने मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का नेतृत्व किया।

### पालिका और ग्राम सभा की सीमा में फंसी है गली

**शुक्लागंज।** फोरलेन से आर्य नगर को जाने वाली एक गली पालिका और नेतुआ ग्राम सभा में आने के कारण चार सालों से नहीं बन पा रही है। जिस कारण गली में हमेशा जलभराव रहता है। गली में रहने वाले लोग घूमकर आने को मजबूर हैं। जलभराव की समस्या को देखते हुये गली में रहने वाले एक दंपति ने खुद अपने पैसों से मिट्टी डलवाकर गली बनवाने का काम शुरू करा दिया है। चार सालों से आर्य नगर गली में रहने वाले लोग गली बनवाने के लिये जनसुनवाई, डीएम, एसडीएम, पालिका और ग्राम सभा में प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। इसके बावजूद किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिस कारण बिना बारिश के गली में हमेशा जलभराव रहता है। जिस कारण आस पास बने मकानों के अंदर पानी घुस जाता है। जिसे देखते हुये यहीं के रहने वाले प्रोफेसर अशोक द्विवेदी एडवोकेट और निशा द्विवेदी ने खुद ट्रैक्टर ट्रालियों से मिट्टी डलवाने का काम शुरू करा दिया है। उन्होंने बताया कि मिट्टी पड़ने से गली में रहने वाले लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। इसके साथ ही फोरलेन पर आने के लिये घूम कर नहीं जाना पड़ेगा। वहीं गली में अन्य बने मकान मालिकों को भी राहत मिलेगी। वहीं एक विद्यालय भी संचालित है।

### मवेशी चर गए फसल, किसानों का रोते हुए वीडियो वायरल

**पाटन उन्नाव।** गोशाला में बंद अन्ना मवेशियों के रात में छुट्टा घूमने के कारण किसानों की खड़ी फसल चर जाने से किसानों का बुरा हाल है। फसल चर जाने के परेशान किसानों का गुरुवार को रोते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन अंतर्गत विकासखंड सुमेरपुर के गांव देवराहार में बनी नई गोशाला में बंद अन्ना मवेशियों की रखवाली कर रहे लोगों की लापरवाही के कारण रात को जानवरों का एक झुंड गोशाला से निकल गया। मवेशियों के झुंड ने गोशाला के बगल के खेतों में खड़ी रबी की फसल चर डाली। फसल चरे जाने से किसानों का हाल बुरा हो गया है। किसानों ने जब सुबह अपनी फसल को चरा हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। वह रोने-पीटने लगे। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में तेजी के साथ वायरल हो गया।

# सड़क हादसे में मृत युवक की हुई शिनाख्त

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

▸▸ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर पत्नी ने शव की पहचान की

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के हरदोई पुल पर चार दिन पहले घायल पड़े मिले युवक की जिला अस्पताल में मौत हो गई थी। शिनाख्त के अभाव में उसका शव मोर्चरी में रखवाया गया था। पति को तलाश रही उसकी पत्नी ने दही थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। गुरुवार को मोर्चरी में अज्ञात शव रखे होने की सूचना पर वह पोस्टमार्टम हाउस पहुंची और पति के शव की पहचान की।

मृतक की पत्नी उमा देवी ने बताया कि कानपुर जिले के थाना बिल्हौर के गांव खेरा कुर्सी निवासी अमरेश सिंह (40) का दही थानाक्षेत्र के शिवनगर मोहल्ला में मकान है। लेकिन जिस जगह उनका घर है वह एरिया सुनसान होने से वह पत्नी व बच्चों के साथ 12 साल से शहर की कांशीराम कालोनी में किराए पर रहकर मजदूरी करता था। पत्नी ने बताया कि बीती 14 जनवरी को पड़ोसी से घर के बल्ब चोरी होने को लेकर कहासुनी हुई थी। विवाद की सूचना पर पुलिस भी पहुंची थी। आरोप है कि पुलिस ने पति से अभद्रता की थी। लेकिन बाद में पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता करा दिया था। उसके बाद से पति लापता थे। कहीं पता न चलने पर उसी दिन गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पत्नी उसकी तलाश कर रही थी। गुरुवार को अज्ञात शव मोर्चरी में रखा होने की सूचना पर वह वहां पहुंची और उसकी पहचान पति के रूप में की। युवक की मौत से बेटे सगुन व पवन सहित मां सावित्री, भाई राजन और साजन बेहाल रहे। एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी को पीटने पर पति के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के आजाद नगर निवासी एक विवाहिता को उसका पति आये दिन किसी न किसी बात को लेकर मारता पीटता था। जिस पर विवाहिता की मां की तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ कार्यवाही की है। और कहा है कि दोषी को बख्शा नहीं जायेगा। जो भी होगा उसे सजा अवश्य मिलेगी।

कानपुर कैंट मैकूपुरवा निवासी राजकुमारी ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसने अपनी बेटी जया की शादी चार साल पहले आजाद नगर धोबी पुलिया निवासी आकाश के साथ की थी। शादी के बाद से पति, सास और ननद बेटी को परेशान करते थे और जरा-जरा सी बात पर पीटते थे। बुधवार को भी बेटी को मारा पीटा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। जिसके बाद आरोपी पति पर कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा है।

# पति से झगड़कर लगाई फांसी, मौत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

▸▸ अमरुद के बाग में फांसी लगाकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा मनसुख खेड़ा निवासी एक महिला का गुरुवार सुबह पति से विवाद हो गया। जिस पर पत्नी ने खेत के पास अमरुद के बाग में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। क्षेत्रीय लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिस पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और विधिक कार्यवाही की है।


पार्वती।

चंपापुरवा के मनसुख खेड़ा निवासी मुन्ना निषाद कटरी में खेती किसानी का काम करता है। उसका गुरुवार सुबह पत्नी पार्वती (45) से मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। जिस पर पार्वती घर से निकली और खेत की ओर जाने लगी, तभी रास्ते में अमरुद के बाग में अमरुद के पेड़ से फंदा लगाकर उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कुछ देर बाद वहां से गुजर रहे लोगों की उस पर नजर पड़ी। जिसकी जानकारी मुन्ना को दी। पत्नी की मौत की सूचना पर वह और उसके चार बच्चे मौके पर पहुंचे। फांसी की सूचना गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई।

जिस पर कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल करवाने के बाद शव को फंदे से नीचे उतरवाया। जिसके बाद पंचानामा भर शव को पीएम के लिये भेजा है। वहीं इंस्पेक्टर ने बताया कि पति से विवाद होने के बाद पत्नी ने फांसी लगाई है। आये दिन दोनों में विवाद होता था। परिजनों से पूछताछ की जा रही है। शव को पीएम के लिये भेजा गया है।


पार्वती की मौत के बाद गमगीन बैठे परिजन। अमृत विचार

**परेशानी** चिकित्सकों द्वारा बाहर की दवा लिखने से जन औषधि केंद्र में नहीं बिक रही दवाएं

# डॉक्टर लिख रहे बाहर की दवा, जन औषधि केंद्र बंद

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- केंद्र में आए दिन लटका रहता है ताला, जिससे आने वाले मरीजों को होती है परेशानी
- चिकित्साधीक्षक ने कहा कि फार्मासिस्ट बदलते ही नियमित खुलेगा औषधि केंद्र

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हर गरीब को सस्ती दवा स्वास्थ्य केंद्र पर ही मिले। लेकिन, उनका सपना नबाबगंज सीएचसी में पूरा होता नहीं दिख रहा है। डाक्टरों द्वारा बाहर की दवा लिखने से यहां पर खुले जन औषधि केंद्र में दवा नहीं बिक रही है। जिससे यहां तैनात फार्मासिस्ट भी परेशान है। इसके चलते आएदिन केंद्र बंद ही रहता है और मरीजों को मजबूरन महंगे दामों पर बाहर से दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं।

सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर जन औषधि केंद्र खोले गये हैं। जहां मरीजों को सस्ती दवाएं मिलती हैं। ये आदेश भी हैं कि दवा पहले तो स्वास्थ्य केंद्र से ही दी जाये। अगर कोई दवा उपलब्ध न हो तो उसे जन औषधि केंद्र से लाने के लिये लिखा जाये। लेकिन, इस आदेश को धता बताते हुए सीएचसी के डाक्टर जन औषधि केंद्र की दवा लिखने की बजाय बाहर की दवा लिखते हैं। जो उनके द्वारा बताए मेडिकल स्टोर पर ही दवा मिलती है। जिससे मरीजों को सरकार द्वारा खोले गए जन औषधि केंद्र का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र स्थित जन औषधि केंद्र में तैनात फार्मासिस्ट अरुण कुमार बताते हैं कि वो लखनऊ से रोज आते हैं। लेकिन, यहां दवा की बिक्री न के बराबर होती है। जिससे कई बार केंद्र बंद करने का प्रयास कर चुके हैं। इस संबध में चिकित्साधीक्षक डा. राजेश कुमार ने बताया कि उनके द्वारा चिकित्सकों को निर्देश दिये गये हैं कि कोई भी बाहर की दवा नहीं लिखी जायेगी। जन औषधि केंद्र के फार्मासिस्ट को बदलना है। जिसकी प्रक्रिया चल रही है। फार्मासिस्ट बदलते ही नियमित औषधि केंद्र खुलेगा।



जन औषधि केंद्र में पड़ा ताला। अमृत विचार

# दबंगों ने युवक को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रतीरामपुरवा में गुरुवार शाम एक युवक को वहीं के दबंगों ने पीट दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

रतीरामपुरवा निवासी मो. शोएब ने गुरुवार शाम गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि शाम के समय वह अपने घर जा रहा था, तभी आजाद उर्फ पट्टू, जुनैद व उसके एक अन्य साथी ने उसे रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसकी लाठी डंडों से पीट दिया। जिससे उसे चोटें आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# बैराज मार्ग पर फिर लगा भीषण जाम फंसी एम्बुलेंस, रेंगे वाहन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बैराज मार्ग अति व्यस्त मार्ग है। जिस कारण हर समय इस मार्ग पर वाहनों का अधिक भार रहता है। गुरुवार दोपहर ट्रेनों के निकलने के कारण बैराज मार्ग पर जाम लगा रहा। जिससे राहगीरों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं उन्नाव से कानपुर की ओर जा रही एक एम्बुलेंस भी जाम में फंसी रही।

बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के पास आरओबी का काम होने के कारण दोनों ओर का मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके साथ ही मार्ग संकरा होने के कारण गुरुवार सुबह से ही जाम लगना शुरू हो गया। वहीं ट्रेनों के आने जाने के दौरान क्रासिंग बंद होने से जाम और तीखा हो गया। इसी तरह दोपहर में भी जाम की स्थिति बनी रही। बारह बजे से एक बजे के बीच जाम लगने के कारण उन्नाव से कानपुर जा रही एम्बुलेंस भी जाम में फंस गई। जिस पर वाहन सवारों ने एम्बुलेंस को रास्ता दिया। जिसके बाद एम्बुलेंस जाम से बाहर निकल सकी। वहीं रात के समय भी जाम लगा रहा। इसी नवीन पुल पर भी पीक ऑवर के समय रुक रुक कर जाम लगता रहा। जिससे कानपुर आने जाने वाले लोगों को मुसीबतें उठानी पड़ी। वहीं दोपहर के समय एक लोडर बालूघाट मोड़ के पास खराब हो गया। जिससे कुछ देर जाम लगा रहा। वहीं शाम के समय साप्ताहिक बाजार होने के कारण नवीन पुल के रास्ते पर जाम लगा रहा।


बैराज मार्ग जाम में फंसे वाहन और एम्बुलेंस। अमृत विचार

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषेते ।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधमः ॥

मूर्ख व्यक्ति बिना आज्ञा लिए किसी के भी कक्ष में प्रवेश करता है, सलाह मांगे बिना अपनी बात थोपता है तथा अविश्वसनीय व्यक्ति पर भरोसा करता है।

## संपादकीय

# अस्थिरता का खतरा

बीते दो दिनों में पाकिस्तान और ईरान द्वारा एक-दूसरे के क्षेत्र में मिसाइल हमले किए जाने के बाद क्षेत्र में अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है। दोनों देशों के बीच तनाव का हल शीघ्र न निकला तो क्षेत्र की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा है। पाकिस्तान ने ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में, कथित आतंकी ठिकानों पर गुरुवार तड़के हमले किए। इससे पहले मंगलवार को पाकिस्तान के अशांत ब्लूचिस्तान प्रांत में सुन्नी बलूच चरमपंथी समूह 'जैश-अल-अदल' के दो ठिकानों को निशाना बना कर ईरान ने हमले किए। ध्यान रहे पाकिस्तान पहला ऐसा देश नहीं है जहां ईरान ने पिछले कुछ दिनों में हमला किया हो। पाकिस्तान से पहले इराक और सीरिया पर भी हमला किया था। ये हमले ऐसे समय किए गए जब मध्य पूर्व में पहले से ही गाजा और इजरायल के बीच युद्ध को लेकर तनाव है। इन दो घटनाओं ने मध्य पूर्व की आग को दक्षिण एशिया तक पहुंचा दिया है। हमलों से कूटनीतिक विवाद छिड़ गया है। पाकिस्तान ने ईरान से अपने राजदूत को वापस बुला लिया और अपने पड़ोसी के सभी उच्च-स्तरीय यात्राओं को निलंबित कर दिया। चीन ने दोनों देशों से संयम बरतने और तनाव बढ़ने से बचने का आग्रह किया है।

भारत ने कहा कि ये ईरान और पाकिस्तान का आपसी मामला है। जहां तक भारत का सवाल है, तो आतंकवाद को लेकर हमारी नीति जीरो टॉलरेंस की है। सभी देशों की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान और सुरक्षा की जानी चाहिए। पाकिस्तान ईरान का आठवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। ईरान को पाकिस्तान के प्रमुख निर्यातों में चावल, मांस, कागज, वस्त्र और फल शामिल हैं। ईरान से पाकिस्तान के प्रमुख वस्तुओं के आयात में कार्बनिक रसायन, प्लास्टिक, खनिज, तेल, लोहा और इस्तपात शामिल हैं। ईरान और पाकिस्तान के बीच बड़ी अड़चन ईरान का सिस्तान और पाकिस्तान में बलूचिस्तान प्रांत रहा है। दोनों देशों ने सीमा पर अशांत बलूच क्षेत्र में लंबे समय से आतंकवादियों से लड़ाई लड़ी है। दोनों देशों के दुश्मन एक ही तरह के हैं, जो अलगाववाद की भावना रखते हैं, लेकिन सीमा पार एक दूसरे की धरती पर इन अलगाववादियों पर हमला करना असामान्य है। यदि मौजूदा हालात पर नीति निर्माताओं द्वारा कूटनीतिक रूप से नियंत्रण नहीं किया जाता है तो मौजूदा गलतफहमी उनके लिए बहुत चुनौतीपूर्ण हो सकती है। यह अब दोनों देशों पर निर्भर करता है कि वे दोनों पक्षों की बेहतरी और समृद्धि के लिए कौन सा रास्ता खोज निकालते हैं? क्योंकि ईरान और पाकिस्तान की चिंताओं तथा हितों का नए क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय माहौल से गहरा संबंध है।

# अन्य धर्मावलंबियों की भी नगरी है अयोध्या


डॉ. रामानंद शुक्ल
अयोध्या

बौद्धों से भी अयोध्या का घनिष्ठ संबंध रहा है। बौद्ध-वाङ्मय में इस नगर के दो अन्य नाम साकेत और विशाखा भी कहे गए हैं। दिव्यावदान ग्रंथ में कहा गया है कि-स्वयमागतं स्वयमागतं साकेत साकेतमिति संज्ञा संवृत्ता। यहां बुद्ध द्वारा कई चातुर्मास बिताए गए थे। अयोध्या के दंतधावनकुंड पर उनकी दातून से उत्पन्न वृक्ष का भी उल्लेख है।

कालक्रम से अयोध्या लुप्त-गुप्त और परिवर्तित होती रही है। रामावतार के कारण अयोध्या का नाम साकेत हो गया। उनके दिव्य साकेतधाम गमनोपरांत पहली बार त्रेतायुग में अयोध्या उजड़ गई। रामात्मज कुश ने इसे फिर बसाई। इसका प्राचीन इतिहास बताता है कि वर्तमान अयोध्या प्रतापी महाराज विक्रमादित्य की बसाई हुई है। इससे संदर्भित कई कथानक उपलब्ध हैं।

एक तो यह कि किसी दैवज्ञ ने कहा था कि चलते-चलते जहां आपका अश्व रुक जाएगा, वहीं खुदाई कराना यदि पादुका (खड़ाऊ) की प्राप्ति हो तो उसे अयोध्या जानना। दूसरा यह कि एक बार विक्रमादित्य देशाटन करते हुए संयोगवश यहां सरयू किनारे पहुंचे। वहां उनकी सेना ने शिविर डाल दिया। उस समय वहां वन था। कोई प्राचीन तीर्थ-चिह्न नहीं था। इस भूमि पर उन्हें कुछ चमत्कार एवं आध्यात्मिक सकारात्मक ऊर्जा जान पड़ी, महसूस हुई। तत्पश्चात उन्होंने अन्वेषण-शोध प्रारंभ किया। योगसिद्ध त्रिकालदर्शी साधकों-संतोष की कृपा से उन्हें यह परिज्ञात हुआ कि यह श्रीअवध की भूमि है। उनके निर्देश से महाराज ने यहां अनेक सर्वसुलभ साधनों के निर्माण कराए। शोध-सुलभ जानकारी के अनुसार कालांतर में अयोध्या पुनः विक्रमादित्य के द्वारा विनिर्मित हुई। आततायी आक्रमणकारियों की अनेक बार आखेट होती रही। इस प्रकार यहां की भूमि और निरंतर सलिल समन्विता सरयू अयोध्या की परम प्राचीनतमा गवाह हैं। अवधधाम-क्षेत्र के अंगभूत तीर्थ भी रामधाम की पुरातनता के प्राचीन प्रमाण-धरोहर हैं। पुरातात्विक अवशेष और यहां की स्थापत्य मूर्तिकला-भित्तिचित्र भी महन्महनीय साक्ष्य सिद्ध हुए हैं।

अनादि काल से अयोध्या साहित्य, संस्कृति एवं सभ्यता की केंद्र भी रही है। इसके पावनत्व से आकृष्ट हो करके ही अन्य धर्मावलंबियों ने इस सिद्धस्थली को अपना आश्रय बनाया। जैन-बौद्ध, सिक्ख, मुसलमान पीर-फकीर, श्रीवैष्णव, शैव-शाक्त, पलटू-रैदास तथा कबीर सभी धर्म, पंथ-संप्रदाय, मत-मजहब के लोगों, धर्मचार्यों ने अयोध्या का आश्रय ग्रहण किया। अपने धर्मायतन सुस्थापित किए। साधना तथा सिद्धांतोपदेश से श्रीसमृद्ध हुए। इसकी सांस्कृतिक समरसता अद्यतन-अद्यावधि अटूट और अक्षुण्ण है। उसी का यह परिणाम रहा कि सुदूर विदेशों, अन्य प्रांतों, भारतीय उपनिवेशों में इस नाम के अन्य नगर बसाए गए। यहां से संबंधित आध्यात्मिक तौर-तरीकों को अपनाया गया। कई नगरों के नाम तो अयोध्या शब्द को थोड़ा-बहुत रूपांतरित करके अयोध्योपुर रखे। मलय की वर्तमान नजूथिया या यूथिया अयोध्या का ही अपभ्रंश है।

अनादि काल से अयोध्या साहित्य, संस्कृति एवं सभ्यता की केंद्र भी रही है। इसके पावनत्व से आकृष्ट हो करके ही अन्य धर्मावलंबियों ने इस सिद्धस्थली को अपना आश्रय बनाया। जैन-बौद्ध, सिक्ख, मुसलमान पीर-फकीर, श्रीवैष्णव, शैव-शाक्त, पलटू-रैदास तथा कबीर सभी धर्म, पंथ-संप्रदाय, मत-मजहब के लोगों, धर्मचार्यों ने अयोध्या का आश्रय ग्रहण किया। अपने धर्मायतन सुस्थापित किए।

जैन-परंपरा में अयोध्या का अतीव आदरास्पद महत्व सार्वकालिक है। यह अनादि शाश्वत, क्षेत्रमंगल-स्थावर तीर्थ है। यह आदि तीर्थंकर ऋषभदेव सहित कुल पांच इक्ष्वाकुवंशी तीर्थंकरों की जन्मभूमि है। जैनग्रंथों का कथन है कि इसी नगरी से समग्र विश्व में जीवनयापन की कला प्रादुर्भूत एवं विकसित हुई। मनुस्मृति के वचन से कितना साम्य है--एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः। स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्याः सर्व मानवाः। अतएव मनुष्यता की प्रथम शुरुआत शिक्षा इसी भूमि से हुआ। उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम और जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी इसी का नेहनिष्ठ नारा है। यह सब यहीं से विश्वव्यापी हुआ। जैन परंपरा की मान्यता है कि स्त्री-शिक्षा का शुभारंभ-सूत्रपात इसी अयोध्या की धरती से ऋषभदेव ने अपनी पुत्री ब्राह्मी-सुंदरी को पढ़ाकर किया। समग्र संसार को सर्वोदय सिद्धांतों से परिचय तीर्थंकरों ने अयोध्या से ही कराया। यहां स्वयंभू मनु के प्रपौत्र नाभिराय को इस कल्पकाल का अंतिम मनु कहा गया है। उनकी पत्नी मरुदेवी की कुक्षि से ऋषभदेव का अवतरण बताया गया है। उनके जन्मोपलक्ष्य में ही देवताओं ने आदि नगरी अयोध्या का निर्माण किया। यहां उन्हीं का अपर नाम इक्ष्वाकु कहा गया है।

बौद्धों से भी अयोध्या का घनिष्ठ संबंध रहा है। बौद्ध-वाङ्मय में इस नगर के दो अन्य नाम साकेत और विशाखा भी कहे गए हैं। दिव्यावदान ग्रंथ में कहा गया है कि-स्वयमागतं स्वयमागतं साकेत साकेतमिति संज्ञा संवृत्ता। यहां बुद्ध द्वारा कई चातुर्मास बिताए गए थे। अयोध्या के दंतधावनकुंड पर उनकी दातून से उत्पन्न वृक्ष का भी उल्लेख है। बौद्धों की श्रावस्ती और साकेत से संबद्धता अधिक दिखती है। बौद्धधर्म यहां से सातवीं-आठवीं शताब्दी के उपरांत प्रायः तिरोहित होने लगा। उधर शुंगकाल से ही जैन परंपरा की गति मंद पड़ने लगी। मुसलमान शासनकाल में इनका और अधिक ह्रास हुआ। सिख परंपरा के संस्थापक गुरु नानक देव भी अयोध्या आए थे। गुरु गोविन्द सिंह भी यहां आए, कुछ काल रहे। उनकी स्मृति में अयोध्या के सरयूतटोपरि स्थित ब्रह्मकुंड पर ऐतिहासिक सिख-गुरुद्वारा आज भी विद्यमान है। यह पौराणिक एवं ऐतिहासिक आख्यानों से महामहिमा-मंडित है।

मुसलमानों के अनेक पीर-औलियों ने अयोध्या को पाकभूमि पुकारकर यहां डेरा डाला। मदीनुत्तुल औलिया नामक किताब के अनुसार अयोध्या हजरत आदम के समय से अद्यावधि अनेक फकीरों की साधना भूमि रही है। अबुल फजल और आइने अकबरी में अयोध्या के चमत्कारिक मजारों का, खुर्दमक्का का बड़े ही अदब के साथ जिक्र किया गया है। महमूद गजनबी के भांजे सैयद सालार मसऊद गाजी ने 1032 ईसवी के लगभग अयोध्या पर आक्रमण किया था। सन् 1200 ई के आसपास सुल्तान मुहम्मद गोरी के भाई मखदूम शाह जूरन गोरी ने अयोध्या पर आक्रमण किया। कुछ दिन अमीर खुसरो के भी अयोध्यावास का संकेत मिलता है। तेरहवीं शती के प्रारंभ में दिल्ली में मुसलमानों की सत्ता आसीन हुई और औध को उन्होंने सूबा अवध का शासनकेन्द्र बनाया। गुलाम, खल्जी, तुगलक, सैयद, लोदी और सूर पठानों के शासनकाल में एक के बाद एक मुसलमान अवध के सूबेदार होते रहे। बीच में 15 वीं शती में जौनपुर के शर्की सुलतानों का भी अयोध्या पर अल्पावधि आधिपत्य रहा। 16 वीं शती में बाबर द्वारा विधिवत मुगल-शासन की स्थापना हुई। इस संक्रमण काल में अयोध्या का प्राचीन वैभव प्रारंभिक तीन शाब्दियों में तो समाप्त प्रायः ही हो गया था, किंतु मुगलकाल के प्रारंभ से ही यह नगर वैष्णवों का गढ़ बनता गया। उत्तर मुगलकाल अर्थात् अवध के नवाबों के शासनकाल में तो अयोध्या पूर्ण रूप से विकसित धर्मतीर्थ बन गई।

14-15 वीं शताब्दी से अयोध्या में वैष्णवों का वर्चस्व बढ़ने लगा। 1528 ई. में यहीं के दो मुसलमान फकीरों फजल अब्बास कलंदर और मूसा आसिकान के आग्रह पर बाबर ने अपने सिपहसलार मीरबकी के द्वारा अयोध्या के रामकोट स्थित श्रीरामजन्मभूमि को विध्वंस कर उसके स्थान पर त्वरितगति से बाबरी मस्जिद बनवाई। अकबर और जहांगीर के शासनकाल में उनकी तटस्थता या मौन स्वीकृति के कारण कतिपय मठ-मंदिर पुनः स्थापित हुए। आगे औरंगजेब ने उन्हें भी तुड़वा दिया। अतएव अधिकांश मठ-मंदिर और जिनालय अवध के नबाबों और ब्रिटिश शासनकाल में बने हैं।

सन् 1722 में मुहम्मद अमीन सादत खां बुरहनुल्मुल्लक की नियुक्ति अवध के सूबेदार के रूप में हुई। अवध के नवाबी राजवंश का वह ही संस्थापक था। अवध की यह नवाबी 11 वें नवाब वाजिद अली शाह के साथ 1856 ई में समाप्त हुई। नवाब सफदरजंग के समय में फैजाबाद नाम से वहां एक कस्बा भी बसने लगा। तीसरे नवाब शुजाउद्दौला ने तो उसे एक रमणीक नगर बनाकर अपनी राजधानी ही बना लिया। उसके उत्तराधिकारी आसुफुद्दौला ने फैजाबाद का भी परित्याग करके लखनऊ को राजधानी बनाया। अयोध्या के धर्मस्थानों को लेकर इन नवाबों के काल में भी सांप्रदायिक संघर्ष होते रहे। सन् 1857 के आसपास यहां अंग्रेजी शासन स्थापित हुआ और इसी के सन्निकट फैजाबाद नगर को जनपद का मुख्यालय घोषित किया गया।

## प्रसंगवश

# तात्पर्य-निर्णय

हम सब प्रायः प्रतिदिन ही देखते रहते हैं कि पूरे ग्रंथ को पढ़े बिना ही लोग अपना फतवा जारी कर देते हैं। कभी मनुस्मृति की एक पंक्ति को पकड़ लाए तो कभी रामचरित मानस की पंक्ति को उठा लाए पूछने लगे कि क्या यह ठीक है? फिर उसे जला दिया अथवा ऊटपटांग आलोचना कर दी। देश काल को जाने-समझे बिना एक-दो पंक्तियां उद्धृत करने से ग्रंथ का तात्पर्य-निर्णय नहीं हो जाता, जो लोग परिवेश तत्व से ही अपरिचित हैं। देशकाल पात्र पर विचार नहीं करते, वे प्रामाणिक ही नहीं हैं।

पांच सौ वर्ष पहले क्या परिवेश था? एक जमाने में दासप्रथा भी थी और यहीं नहीं संसार के अन्य देशों में भी थी, अमेरिका में अभी भी नस्लवाद और रंगभेद है। रचना परिवेश का सच होता है। आज जो समाज है, वह कल नहीं था। दासयुग के जमाने की कविता को आप आज के प्रतिमान से नहीं समझ सकेंगे। वे यह नहीं समझना चाहते कि देशकाल परिवर्तनशील है और एक देशकाल का सच दूसरे देशकाल में आकर

पांच सौ वर्ष पहले क्या परिवेश था? एक जमाने में दासप्रथा भी थी और यहीं नहीं संसार के अन्य देशों में भी थी, अमेरिका में अभी भी नस्लवाद और रंगभेद है। रचना परिवेश का सच होता है। आज जो समाज है, वह कल नहीं था।


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

असिद्ध हो जाता है। वह कथन किस पात्र का है, नायक, प्रतिनायक या सामान्य पात्र का? अध्ययन-अनुसंधान की परंपरा कोई आज की तो है नहीं, आगे भी बड़े-बड़े अध्येता थे। उन्होंने बहुत विचार करके तात्पर्य-निर्णय के सिद्धांत निर्धारित किए। उपक्रम (भूमिका) को पढ़कर उपसंहार पर गंभीरता से विचार करके, अभ्यास अर्थात् एक सिद्धांत को ग्रंथकार प्रकार-प्रकार से कह रहा है। अपूर्वता अर्थात् मौलिकता, फल (चरितार्थता) अर्थवाद (पुष्टि-या समर्थन-वाक्य) उपपत्ति (युक्ति या तर्क) ये छह तत्व हैं जिनसे अध्येता किसी ग्रंथ का तात्पर्य-निर्णय करते हैं। इसके लिए ग्रंथ में डूबना पड़ता है। उसके लिए धैर्य की जरूरत होती है।

# सेक्सटॉर्शन की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक


सोनम लववंशी
स्वतंत्र लेखिका

टेक्नोलॉजी ने बेशक हमारे जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन सहूलियत के इस दौर में मुसीबतें भी बढ़ती जा रही हैं। स्मार्टफोन के इस दौर में साइबर ठग नित नए हथकंडे अपना रहे हैं। अभी हाल के दिनों में वीडियो कॉल के जरिए लोगों को ठगी का शिकार बनाने के मामले बड़े पैमाने पर देखें जा रहें हैं। ताज्जुब की बात यह है कि ठगी का धंधा मेट्रो शहरों से निकलकर दूर-दराज के क्षेत्रों तक फैल चुका है। एक छोटी सी भूल या चूक कहिए। फिर क्या, उसके बाद जिंदगी बेजार हो जाती है।

दरअसल पिछले कुछ समय से सेक्सटॉर्शन वीडियो कॉल यानी नग्न तस्वीर या पोर्न वीडियो के जरिए लोगों को शिकार बनाया जा रहा है। स्कैमर्स वाट्सएप या मैसेंजर पर वीडियो कॉल करते हैं। सामने से लड़की का पोर्न या लड़की कपड़े उतारते हुए बात करना शुरू कर देती है। साथ ही इसका वीडियो भी रिकार्ड कर लेती है। इसके बाद शुरू होता है खेल ब्लैकमेलिंग का। अधिकतर मामलों में तो सामने वालों को पता भी नहीं होता है कि उनके साथ क्या हो रहा है? जब तक उन्हें इस बात की भनक लगती है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। अक्सर देखा गया है कि जागरूकता की कमी के चलते लोग सेक्सटॉर्शन के जरिए ठगी के शिकार हो जाते हैं।

समाज में शर्मिंदगी के चलते अपने साथ हुई ठगी की जानकारी तक साझा नहीं करते हैं और न ही पुलिस में इसकी शिकायत करते हैं। यही वजह है कि सेक्सटॉर्शन की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। राजस्थान के मेवात क्षेत्र, भरतपुर, हरियाणा और दिल्ली के दूर दराज क्षेत्रों में ऐसे कई गिरोह बैठे हुए हैं। ये गिरोह पुरुषों को आसानी से अपना शिकार बना लेते हैं। वैसे भी उम्रदराज लोगों को लेकर

समाज में शर्मिंदगी के चलते अपने साथ हुई ठगी की जानकारी तक साझा नहीं करते हैं और न ही पुलिस में इसकी शिकायत करते हैं। यही वजह है कि सेक्सटॉर्शन की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। राजस्थान के मेवात क्षेत्र, भरतपुर, हरियाणा और दिल्ली के दूर दराज क्षेत्रों में ऐसे कई गिरोह बैठे हुए हैं। ये गिरोह पुरुषों को आसानी से अपना शिकार बना लेते हैं। वैसे भी उम्रदराज लोगों को लेकर हमारे समाज का नजरिया बहुत अलग रहता है।



हमारे समाज का नजरिया बहुत अलग रहता है। उम्रदराज लोगों की भी सेक्सुअल डिजायर रहती है, लेकिन दादा-नाना की उम्र में हमारा समाज ऐसी बातें स्वीकार नहीं करता है। समाज को लगता है कि यह उम्र नाती-पोते खिलाने की या फिर भजन भक्ति की होती है। यही वजह है कि उम्रदराज लोग अपनी सेक्सुल इच्छा को छुपाकर रखते हैं, लेकिन जब कभी उन्हें ऐसा मौका मिलता है तो वो खुद पर काबू नहीं रख पाते हैं। यही वजह है कि उम्रदराज लोग सेक्सटॉर्शन का आसानी से शिकार ज्यादा हो रहे हैं। गौरतलब है कि सेक्सटॉर्शन ठगी का नया तरीका है। इसमें ठगी गैंग बनाकर की जाती है। ठग पहले तो सोशल मीडिया पर वीडियो को अपलोड करने या फिर परिवार के सदस्यों को वीडियो भेजने की धमकी देते हैं। उसके बाद गिरोह के अन्य सदस्य अलग-अलग कॉल करके ब्लैकमेलिंग करते हैं। राजस्थान के राजसमंद में सेक्सटॉर्शन के जरिए ठगी करने वाले एक गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया तो करीब पांच करोड़ की ठगी का मामला सामने आया। आम आदमी से लेकर नेता, अभिनेता, बिजनेसमैन हर किसी को ये गिरोह अपने जाल में फंसा रहें हैं और इस जाल में फंसने वाले लोग अपने खून पसीने की कमाई बर्बाद कर रहे हैं। कई लोगों ने अपनी इज्जत-आबरू की खातिर मौत तक को गले लगा लिया है। साइबर क्राइम विशेषज्ञों की माने तो सेक्सटॉर्शन के मामलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। आंकड़ों की मानें तो हर राज्य में रोजाना करीब 100-200 शिकायतें आ रही हैं। जबकि अधिकतर मामलों में तो रिपोर्ट दर्ज तक नहीं हो पाती हैं। ऐसे में ये समय है जागरुक होने की, न कि समाज से भय खाकर चुपचाप बैठने की। कोरोना से भी भयानक यह महामारी बन जाए और लोग इस ठगी के दलदल में उलझते चलें जाए। उससे लाख गुना जरूरी है इस जघन्य अपराध को रोकने के लिए खुलकर सामने आया जाए। जब ऐसे मामले पुलिस थानों में दर्ज होंगे और कड़ी कार्रवाई होगी तभी ऐसे मामले कम होंगे। इसलिए जरूरत है सजगता की और ऐसे कुकृत्य के खिलाफ आवाज बुलंद करने की।

## सोशल फोरम

# कुछ सवाल जो करने हैं

रांची जैसे शहर में 200 से ज्यादा धर्म स्थल हैं। इससे आप पूरे देश का अनुमान लगा सकते है। ये संख्या शायद लाखों में है। कुछ धर्म स्थल बहुत प्रतिष्ठित हैं, लेकिन जिस तरह जगह घेर-घेर कर नित नए छोटे-छोटे धर्म स्थल जबरन बनाए जा रहे हैं। क्या उससे ऊपर वाले की प्रतिष्ठा में जरा सा भी इजाफा होता है?

मेरी नजर में हर नया धर्म स्थल ऊपर वाले के प्रति मेरा भरोसा थोड़ा और डगमगा जाता है। अगर सच में कोई ऊपर वाला है तो उसका ये मौन मुझे खटकता है।


तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मेरी नजर में हर नया धर्म स्थल ऊपर वाले के प्रति मेरा भरोसा थोड़ा और डगमगा जाता है। अगर सच में कोई ऊपर वाला है तो उसका ये मौन मुझे खटकता है। मैं समझ नहीं पाता कि आखिर उसके सब्र का बांध कब टूटेगा। कब उसे लगेगा कि नहीं बहुत हो गया? अब मौन रहने से नहीं चलेगा। जिस गति से धर्म बढ़ रहा है। पूजा पाठ बढ़ रहा है। उससे दुगनी गति से पाप, अनाचार, झूठ, छल, कपट बढ़ रहा है। सवाल है कि धार्मिक होकर लोगों ने क्या सीखा? जब उनके व्यवहार से ही धर्म न झलके तो धार्मिक होने का क्या औचित्य। देखा जाए तो धर्म लोगों को एक बेहतर इंसान बनाने में नाकामयाब रहा। जब पत्ता भी उसकी मर्जी से खड़कता हो तो ये उसी की जिम्मेवारी बनती थी।

अर्थशास्त्र का एक नियम है कि जैसे-जैसे हमारे पास किसी वस्तु की इकाइयां बढ़ने लगती है। वैसे -वैसे प्रत्येक वस्तु से मिलने वाली उपयोगिता भी घटने लगती है।

इसे आप अर्थशास्त्र के मांग और आपूर्ति के नियम से भी समझ सकते हैं। जब सप्लाई बढ़ जाए तो वस्तु का मूल्य गिर जाता है। अब इहलोक के प्राणियों ने ऊपर वाले की सप्लाई इतनी बढ़ा दी कि अब कोई उससे नहीं डरता। वैसे भी जब ऊपर वाले की प्राण प्रतिष्ठा एक इंसान करने लगे जिसमें छप्पन किस्म के दोष हों तो सवाल तो होगा ही। नीचे रहने वाले मनुष्यों से और ऊपर रहने वाले सर्व शक्तिमान से।

-फेसबुक वॉल से

# बाल मन के अनुपम चितेरे: निरंकार देव सेवक

वर्ष 1997-98 की बात है। उत्तर प्रदेश में बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तक विकास की प्रक्रिया गतिमान थी। बाल स्वभाव और मनोवृत्तियों के अनुरूप बाल साहित्य की तलाश में देश-विदेश के तमाम स्थापित रचनाकारों के साहित्य को जानने समझने का यह अनुकूल अवसर भी था। उन्हीं दिनों एक कार्यशाला में प्रसिद्ध शिक्षाविद और साहित्यकार प्रोफेसर कृष्ण कुमार से निरंकार देव सेवक जी के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। विशेषकर यह जानकारी कि वे बरेली निवासी थे और बाल साहित्य के अनुपम चितेरे। मुलाकात के दौरान कृष्ण कुमार जी द्वारा मुझे उनके और सेवक जी द्वारा संपादित बीसवीं सदी की श्रेष्ठ हिंदी बाल-कविताओं का संकलन 'महके सारी गली गली' भेंट किया गया और एक अपेक्षा भी कि बरेली वापस लौटकर सेवक जी के घर जरूर जाना।


डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

मैं तब बरेली में नया था। पोस्टिंग को दो माह ही हुए थे अतः परिचय भी सीमित। कार्यशाला से वापस बरेली पहुंचा तो सेवक जी के घर का पता किया। उनकी पुत्र वधु श्रीमती पूनम सेवक जी से मुलाकात हुई। पूनम जी ने सेवक जी से जुड़े तमाम संस्मरण साझा किए और उनका बाल साहित्य भी उपलब्ध कराया। निस्संदेह अच्छे बाल साहित्य की जो खोज थी वह यहां आकर काफी हद तक पूरी हुई। हिंदी की पाठ्यपुस्तक में जब सेवक जी की कविता 'भारत है मेरा घर' प्रकाशित हुई तो पुस्तक समीक्षा में उसे बच्चों के द्वारा पुस्तक की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली कविता पाया गया। प्रश्न यह उठता है कि निरंकार देव सेवक प्रौढ़ साहित्य रचते-रचते अचानक बच्चों के बीच इतने मकबूल कैसे हो गए ? उत्तर पर जाने से पूर्व यह विचारना आवश्यक होगा कि बच्चों के बारे में हम बड़ों की मान्यताएं क्या हैं। बच्चे ये नहीं जानते, वो नहीं जानते, क्यों बच्चों जैसी बात कर रहे हो, कभी तो बड़े बन जाइए-जैसे तमाम आक्षेप-आरोप लगाने वाले हम क्या कभी बच्चों की सहजता, सरलता और निर्मलता से जुड़ पाए? बच्चों की बालसुलभ जिज्ञासाओं को बचकानी बात कहकर टाल देने वाले हम बड़ों ने क्या बच्चों की स्वाभाविक और निश्छल जिज्ञासाओं को व्यावहारिक व प्रामाणिक आधार देने की कोशिश की? बच्चों की अनंत जिज्ञासाओं के समाधान के बजाय उन्हें महंगे खिलौनों और गैजेट्स में उलझा कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेने वाले हम तमाम बड़ों ने क्या कभी यह जानने की कोशिश की कि बच्चे के पिटारे में आज कितनी बातें हैं, जो वह हमसे करना चाहता है? कि उसने आज अपनी कल्पना से कौन सी नई इबारत उकेरी है, जो वह हमसे साझा करना चाहता है? उत्तर हो शायद नहीं। लगभग ऐसा ही कुछ तथाकथित बाल साहित्यकारों ने किया। जिन्होंने ऊल-जुलूल तुकबंदियां भिड़ाने, कोरी नैतिकता सिखाने अथवा फिजूल ज्ञान बघारने के चक्कर में, जो भी साहित्य रचा वह बच्चों के लिए कम उनके खुद के लिए ज्यादा जरूरी था।



वर्तमान समय में बाल साहित्य स्थापित स्थिति में है, लेकिन अगर बाल मनोविज्ञान, संप्रेषणीयता प्रभावोत्पादकता और बच्चों में स्वीकार्यता जैसे बाल साहित्य के मानकों के आधार पर आंकलन किया जाय तो कम ही बाल साहित्यकार उन मानकों और कसौटियों पर खरे उतरते हैं। इसके पीछे प्रमुख कारण यही है कि अधिसंख्य बाल साहित्यकारों की रचनाओं में उनका प्रौढ़ नजरिया ही दृष्टिगत होता है। निरंकार देव सेवक जी बाल साहित्य सम्राट इसलिए कहे जाते हैं कि पर्याप्त मात्रा में प्रौढ़ साहित्य का सृजन करने के बाद जब उन्होंने बच्चों की दुनिया में प्रवेश किया तो बहुत सहजता, सरलता और सूक्ष्मता से बालमन के बारीक मनोभावों को पकड़ा और उनका चित्रण किया।

सेवक जी की रचनाएं इस बात का स्पष्ट प्रमाण हैं कि उन्होंने बाल अनुभूतियों और मनोविज्ञान पर विस्तृत अध्ययन, चिंतन और मनन किया। वे ऐसे सिद्धहस्त रचनाकर रहे जिन्होंने बच्चों की वय, अवस्था, प्रकृति, परिवेश, भाषा-भूषा, बोलियों, रुचियों-अभिरुचियों आदि की सूक्ष्म पड़ताल के बाद शिशु अवस्था, बाल्यावस्था और किशोरावस्था की आवश्यकताओं को जानकर सरलता, रोचकता, ज्ञान, समझ और कौशल का सम्यक संतुलन स्थापित किया। सेवक जी के बाल साहित्य की बड़ी खूबी यह भी रही कि उन्होंने बच्चों पर कोई धारणा थोपी या आरोपित नहीं की, बल्कि उनसे उनके ही लहजे में बात की। उनका जन्म दिवस यह संकल्प लेने का दिन है कि हम सब बच्चों को बालमन के अनुरूप ऐसा साहित्य उपलब्ध कराएं, जो उन्हें किसी भी प्रकार के पूर्वाग्रह से मुक्त कर उनमें तार्किकता, मानवीय मूल्यों और रचनात्मकता का समावेश करे। वह साहित्य जिसमें बच्चों को अपना अक्स दिखाई दे, जो उनका हमजोली हो जिसमें उनकी तमाम जिज्ञासाओं का समुचित समाधान हो और जो उन्हें 'एनिमल' नहीं 'अच्छा इंसान' बनाए।

# चेष्टा चेतना की पहली अभिव्यक्ति

चेष्टा चेतना की पहली अभिव्यक्ति है। चेष्टा का अर्थ ही है अनेक संभव विकल्पों में से किसी एक को, उस विकल्प को जो सर्वाधिक इष्ट प्रतीत हो, चुनना। इसमें तीन तत्व हैं, एक तो विकल्प हों, दूसरा कि इष्ट या चाहत स्पष्ट हो और तीसरा कि सारे विकल्प समान रूप से इष्ट नहीं हों। अतः मौलिक रूप में चेष्टा के पहले चेतना को इष्ट का ज्ञान होना, विकल्पों का ज्ञान होना और उन विकल्पों का इष्ट प्रतिपादन क्षमता का ज्ञान होना आवश्यक है, किंतु केवल ज्ञान होने से चेतना की अभिव्यक्ति नहीं होती।


डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अभिव्यक्ति चेष्टा में होती है। चेतना सभी जीवों में होती है, अतः चेष्टा भी सभी जीवों में होती है। पौधे अपने इष्ट के लिए प्रकाश की तरफ मुड़ जाते हैं और लताएं सहारों की तरफ रुख कर लेती हैं। अन्य जानवर और मनुष्य तो चेष्टा करते ही हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमने मानव और प्रकृति के बीच एक द्वैधीभाव की भावना को बड़े प्यार से पाल रखा है। कुछ ऐसा लगता है कि मानव चेष्टाएं और उनसे बना संसार गैर-प्राकृतिक है। शायद इसका स्रोत वह कहानी है जिसमें भगवान ने सारी दुनिया को बनाया और फिर आदमी को अपने प्रतिरूप में बनाकर कहा कि जाओ यह सारी दुनिया तुम्हारे लिए है, लेकिन ध्यातव्य है कि मां-बाप अपने सारे बच्चों को ऐसा ही कुछ कहकर बहलाते हैं। भगवान ने शायद बाघ को भी यही कहा होगा और बकरियों को भी। मालूम नहीं, हम कब तक बच्चे रहेंगे।

चेतना भी प्रकृति की उपज है। प्रकृति स्व आयोजन प्रणाली है। जब चेतना के आगे प्रकृति विकल्पों को परोसती है तो खुद के आगे खुद को परोसती हैं। जब चेतना को इष्ट का ज्ञान होता है और चेतना चेष्टा करती है तो यह प्रकृति के अंदर ही है, बाहर नहीं। इसीलिए तथाकथित मानवकृत संसार भी प्राकृतिक है।

द्वैधीभाव भ्रम है, जो कुछ भी घटित होता है वह अप्राकृतिक नहीं होता। ऐसा कुछ भी नहीं हो सकता जिसकी प्रकृति अनुमति न दे। बया ने अपना घोंसला बनाया, मधुमक्खी ने अपना छत्ता और लता की जड़ों ने अपनी खाद तो यह नैचुरल है। जब आदमी ने घर बनाया, कपड़े बनाए और हथियार बनाए तो यह मैन-मेड (मतलब प्राकृतिक नहीं) है। कमाल है।

# जयमाल के बाद दूल्हा गायब, रात भर तलाश

संवाददाता, थरियांव (फतेहपुर)

- गांव किनारे पेड़ पर टंगा मिला दूल्हे का कोट और रुमाल
- दूल्हे को तलाशने में परेशान रहे परिजन, नहीं लगा पता

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के भदोईया मजरे हाशिमपुर भेदपुर गांव में जयमाल के बाद दूल्हे के गायब होने से बारातियों में हड़कंप मच गया। वर पक्ष और कन्या पक्ष के लोगों ने दूल्हे को ढूंढने का भरसक प्रयास किया, लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और दूल्हे को रात भर ढूंढते रहे।

थाना क्षेत्र के भदोईया मजरे हासिमपुर भेदपुर गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी फतेहपुर शहर के रेल बाजार निवासी एक युवक के साथ तय की थी। एक वर्ष पूर्व दोनों पक्षों ने विवाह की तारीख तय की थी। बुधवार को युवक दूल्हा बनकर बारातियों के साथ शादी करने के लिए भदोईया गांव पहुंचा। कन्या पक्ष के लोगों ने बारातियों का तहेदिल से स्वागत किया।


रात भर दूल्हे की तलाश में परेशान रहे जनाती और बाराती। अमृत विचार

बारातियों के स्वागत-सत्कार के बाद शादी की रस्में शुरू हुईं। दोनों पक्षों में हंसी-खुशी का माहौल था। जनवासे से बारात निकली। बैंड की धुन पर बाराती नाचते-झूमते कन्या के दरवाजे पहुंचे। अगवानी में खासा उत्साह का माहौल था। द्वारचार की रश्म पूरी होने के बाद जयमाल की रश्में पूरी की गईं। काफी देर तक फोटो सेशन चला, लेकिन जयमाल की रस्में पूरी होने के बाद अचानक दूल्हा गायब हो गया। आगे की रस्मों के लिए जब दूल्हे को तलाशा गया तो वह कहीं नहीं मिला।

### नशे में टल्ली होकर पहले ही पहुंच गया था दरवाजे

जनवासा में बारात के आते ही बारतियों और जनातियों ने दूल्हे को नशे में झूमते देखा था। वह बार-बार लड़की यानी दुल्हन से मिलने की जिद कर रहा था। गाड़ी से उतरते ही दूल्हा पैदल ही दुल्हन के घर पहुंच गया और दुल्हन से मिलने की जिद पर अड़ा रहा। नशे की हालत में देखकर परिजनों ने दूल्हे को बहुत समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। जब दुल्हन ने मिलने से इन्कार कर दिया, तब वह जनवासे लौटा था।

### कोलकाता में रहता कन्या पक्ष, शादी करने आया था गांव

लड़की (दुल्हन) के पिता कोलकाता में प्राइवेट नौकरी करते हैं। पूरा परिवार वहीं पर रहता है। बेटी की शादी करने के लिए एक सप्ताह पूर्व ही पूरा परिवार अपने पैतृक गांव आया था, जहां सारी तैयारियां पूरी करने के बाद बुधवार को बेटी की शादी का पांडाल सजाया था। पूरा परिवार बहुत खुश था।

दूल्हे के अचानक गायब हो जाने से बारातियों और जनातियों में हड़कंप मच गया। पहले जनवासा, फिर गांव में उसकी खोजबीन की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। गांव के बाहर एक पेड़ पर उसका कोट टंगा मिला। दूल्हे के गायब होने पर दोनों पक्ष रात भर दूल्हे की तलाश करते रहे। सुबह हो गई, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। बाद में यह मामला थाने पहुंचा। थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह का कहना है कि मामले की कोई लिखित जानकारी नहीं मिली है, फिर भी पूरे मामले की जांच कर दूल्हे की तलाश की जा रही है।

# प्राण प्रतिष्ठा पर सियासी 'ठप्पा'

संवाददाता, जसवंतनगर (इटावा)

**अमृत विचार:** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर भाजपा पर फिर हमलावर हुए। उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भाजपा का राजनीतिक कार्यक्रम बताया और रामलला के प्रति आस्था जताते हुए कहा कि 22 जनवरी को भाजपा के कार्यक्रम में नहीं, लेकिन इसके बाद वह सपरिवार अयोध्या रामलला के दर्शन करने जाएंगे।

पूर्व मंत्री शिवपाल जसवंतनगर में नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि हम लोगों की लड़ाई दोगली बात करने वाली भ्रष्ट और धोखेबाज पार्टी से है। झूठे सपने दिखाकर जनता को बरगलाने में वह नंबर वन है। इन्होंने भगवान राम को भी नहीं छोड़ा। अयोध्या में धर्म के नाम पर राजनीतिक कार्यक्रम हो रहा है। भगवान राम सबके हैं। 22 जनवरी को नहीं, लेकिन इसके बाद हम सब दर्शन करने जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार संविधान के विपरीत काम कर रही है। विपक्षी अगर आवाज उठाते हैं तो उनके पीछे ईडी, सीबीआई लगाकर डराया जाता है। झूठे मुकदमे लगा दिए जाते हैं। सपा सरकार में हमेशा विपक्ष को तवज्जो दी जाती रही। उनकी बात सुनी जाती थी। भाजपा सरकार में मुनाफे की सारी संपत्तियां पूंजीपतियों के हवाले कर दी गई। अच्छे दिन, काला धन, हर खाते में 15 लाख को जनता जनार्दन अब अच्छे से समझ चुकी है। युवा रोजगार से वंचित है,व्यापारियों पर इनकम टैक्स के छापे पड़ रहे हैं। सरकारी कार्यालय भ्रष्टाचार में लिप्त है। इनसे अब हर वर्ग परेशान होकर निजात पाने का मन बना चुका है। हर कार्यकर्ता को हर मतदाता के संपर्क में रहना होगा।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव। अमृत विचार

- शिवपाल बोले, 22 के बाद दर्शन करने जरूर जाऊंगा

# विशेष दस्ता संभालेगा वीआईपी की सुरक्षा का जिम्मा

## पीपीएस के नेतृत्व में तैनात होंगे प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मी, स्मार्ट ड्यूटी कार्ड बताएगा कुंडली और ब्योरा, 60 बी टीमें बनाई गईं

संवाददाता, अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शिरकत करने 22 को आ रहे प्रधानमंत्री और अन्य विशिष्ट व अति विशिष्ट जनों की सुरक्षा के लिए विशेष दस्ता तैयार कर इनको ड्यूटी में लगाया जा रहा है। विशेष जिमेदारी के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदो से चयनित प्रांतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों और कर्मियों की कुल 45 ए टीम और उपनिरीक्षक तथा पुलिसकर्मियों की 60 बी टीम बनाई गई है ।

टीमों को तीन चरणों में प्रशिक्षण दिया गया है। विशेष प्रशिक्षित दस्ते ने जनपद में आमद शुरू करा दी है और इनके शुक्रवार से मोर्चा संभाल लेने की योजना है। सुरक्षा मुख्यालय के एसपी गौरव बंसवाल ने केवल इतना बताया कि प्रशिक्षण का अंतिम चरण बुधवार को संपन्न हुआ है।


एटीएस के मार्च में शामिल बख्तरबंद वाहन और उस पर तैनात कमांडो। अमृत विचार

सुरक्षा और व्यवस्था को अत्याधुनिक करने में जुटे पुलिस महकमें ने इस बार विशेष सुरक्षा ड्यूटी में तैनात जवानों और अधिकारियों के लिए स्मार्ट ड्यूटी कार्ड आवंटित करने का निर्णय लिया है। सिक्योर डायनमिक क्यू आर कोड युक्त यह स्मार्ट कार्ड सुरक्षा प्रतिबंधों के बीच आसान आवागमन और पहुँच ही नहीं उपलब्ध कराएगा, बल्कि इसी क्यू आर कोड में संबंधित की पूरी कुंडली होगी। स्कैन करते ही यह स्मार्ट ड्यूटी कार्ड का कोड उनके तैनाती स्थल, टीम लीडर, आवासीय व अन्य व्यवस्था तथा ड्यूटी प्वाइंट के रुट आदि की जानकारी भी उपलब्ध कराएगा।


एटीएस के मार्च में कमांडो की अलग-अलग टुकड़ियां शामिल रहीं। अमृत विचार

### भाषाओं के जानकार आईपीएस को समन्वय की कमान

समारोह में देश के विभिन्न प्रांतो और विदेश से भी लोग आमंत्रित किये गए हैं। अतिथियों को प्रोटोकॉल समिति के मुताबिक स्वागत, सम्मान, विदाई तथा व्यवस्था उपलब्ध करने के लिए 24 प्रशिक्षु आईपीएस की ड्यूटी भी लगाई गई है। इनका चयन भाषा ज्ञान के आधार पर किया गया है । इन प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों को अतिथियों से समन्वय का जिम्मा दिया जाना है। विभागीय योजना के मुताबिक इनको लाइजनिंग ऑफिसर के रूप में लगाया जाएगा, जो विशेष सुरक्षा दस्ते और नामित मजिस्ट्रेट से समन्वय कर सुरक्षा और व्यवस्था का अनुपालन कराएंगे।

### एसपीजी की निगरानी में मंदिर परिसर की सुरक्षा

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर उलटी गिनती शुरू हो गई है। मंदिर परिसर की सुरक्षा निगरानी एसपीजी ने संभाल ली है। बख्तरबंद वाहनों के साथ एटीएस कमांडों ने गुरुवार को काफिले के साथ मार्च किया। हाइवे पर शुक्रवार से भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित किये जाने की तैयारी है। राम पथ और मंदिर परिसर की साज-सज्जा को लेकर रामनगरी में ऑटो-विक्रम और टैंपो तथा ई रिक्शा का मार्ग बदला गया है। परिसर की सुरक्षा को लेकर रामजन्मभूमि पथ के प्रवेश द्वार पर टायर किलर स्थापित हुआ है। आपात स्थिति के लिए सेना की संचार शाखा ने जायजा लिया। जन्मभूमि पर समारोह के अनुष्ठान शुरू होने के बाद ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए प्राइवेट सुरक्षा गार्डों को भी सतर्क किया गया है।

# मानहानि केस में राहुल के वकील ने मांगा समय

संवाददाता, सुलतानपुर

- गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजक टिप्पणी का मामला
- अब अदालत में 20 फरवरी को होगी मामले की अगली सुनवाई

**अमृत विचार।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने एमपी-एमएलए की कोर्ट में हाजिर होकर कार्रवाई के लिए कुछ मौका मांगा है और साथ ही उन्होंने परिवाद पत्र की प्रति की भी मांग की है।

अधिवक्ता काशीप्रसाद शुक्ला ने एमपी-एमएलए कोर्ट को अवगत कराया कि राहुल गांधी को सम्मन अभी हाल ही में मिला है, परंतु भारत जोड़ो न्याय यात्रा के परिपेक्ष्य में वर्तमान समय में वह नागालैंड से आसाम में जनसंपर्क कार्यक्रम में व्यस्त हैं। जिस कारण अदालत में हाजिर होने में असमर्थ हैं। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 20 फरवरी की तारीख नियत की है।

परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी भारतीय जनता पार्टी के नेता विजय मिश्र ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है।

उन्होंने बताया कि राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था। जिसमें गुरुवार को राहुल गांधी को अदालत में हाजिर होना था। राहुल गांधी के वकील की तरफ से मौके व परिवाद प्रति की मांग की गई है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 20 फरवरी की तारीख नियत की है।

# छात्रवृत्ति मिलने की जगी आस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्रवृत्ति पाने के लिए आवेदन का अंतिम मौका, शनिवार तक खुला रहेगा विभागीय पोर्टल
- विभागीय साइट हैक होने के कारण छात्रवृत्ति से हो गए थे वंचित, डाटा रिकवर किया

**अमृत विचार:** पिछले एक वर्ष से छात्रवृत्ति के लिए विभाग के चक्कर काट रहे छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। छात्रवृत्ति से वंचित रह गए 21 हजार छात्रों के लिए आवेदन करने का अंतिम अवसर है। छात्रों में छात्रवृत्ति को लेकर आस जगी है। मार्च तक उनको भुगतान होने की संभावना है।

बता दें कि गत वर्ष समाज कल्याण विभाग की साइट हैक होने के कारण 57 हजार 600 छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति खटाई में पड़ गई थी। छात्रवृत्ति से वंचित हुए छात्रों को विभाग के चक्कर काटने पड़ रहे थे। दूसरी ओर विभाग ने डाटा रिकवरी का काम शुरू किया और काफी हद तक इसमें सफलता भी मिली। साथ ही मामले की जांच भी की गई। आवेदनकर्ताओं के आधार का सत्यापन कराकर 36000 हजार छात्र-छात्राओं का भुगतान कर दिया गया।

शेष बचे करीब 21 हजार 600 छात्रों को दोबारा छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने को कहा गया और पोर्टल खोल दिया गया है। शनिवार तक छात्र आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रपत्रों की जांच कराई जाएगी। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि वंचित रह गए छात्रों के आधार समेत अन्य प्रपत्रों का मिलान कराया जाएगा। इसके बाद भुगतान किया जाएगा।

### 12 संस्थानों में पिछड़ा वर्ग की भी होगी जांच

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ के साथ हरदोई, फर्रुखाबाद, मिर्जापुर व फतेहपुर के 12 शिक्षण संस्थानों में गंभीर अनियमितता की जांच पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग भी कराएगा। निदेशक ने संबंधित जिलाधिकारी को जांच के लिए पत्र लिखा है। इससे पहले इन्हीं संस्थानों में समाज कल्याण विभाग द्वारा जांच की प्रक्रिया चल रही है। पिछले वर्ष दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, दिल्ली के अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, ओडिसा, तमिलनाडु व जम्मू कश्मीर के शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण किया था। 28 शिक्षण संस्थानों में गंभीर अनियमितता मिली थीं। इसमें लखनऊ के पांच, फर्रुखाबाद का एक, हरदोई के चार, मिर्जापुर का एक व फतेहपुर का एक संस्थान शामिल है। इन संस्थानों की व पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की जांच के निर्देश दिए थे। इस क्रम में समाज कल्याण विभाग ने 2022-23 की पूर्वदशम एवं दशमोत्तर की छात्रवृत्ति रोकते हुए पिछले सप्ताह संबंधित जिलाधिकारी को जांच कराने के लिए लिखा था। अब पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने भी जांच के लिए जिलाधिकारी को लिखा है।

# सदन में पेश होगी अतीक-अशरफ हत्याकांड की रिपोर्ट

**लखनऊ।** प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी चार शूटरों के एनकाउंटर और अस्पताल में माफिया अतीक, भाई अशरफ की हत्या की न्यायिक जांच रिपोर्ट गुरुवार को कैबिनेट में प्रस्तुत की गई। कैबिनेट ने दोनों आयोग की जांच रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखने की मंजूरी दी है। अभी दोनों रिपोर्ट के तथ्यों को सार्वजनिक नहीं किया गया है।

उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी अरबाज को 27 फरवरी और विजय चौधरी उर्फ उस्मान को प्रयागराज पुलिस ने 6 मार्च 2023 को मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। इसके बाद 13 अप्रैल को एसटीएफ ने झांसी के बड़ागांव क्षेत्र में अतीक के बेटे असद और शूटर मो.गुलाम को भी मार गिराया था। अतीक और अशरफ की प्रयागराज के अस्पताल परिसर में 15 अप्रैल 23 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# तार काटते समय करंट से हिस्ट्रीशीटर की मौत

संवाददाता, तिर्वा (कन्नौज)

**अमृत विचार:** बुधवार की देर रात हाईटेंशन लाइन का तार काटते समय हिस्ट्रीशीटर करंट की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वह जिस स्थान पर गिरा वहां पुआल पड़ी थी, वह भी जल गई। गुरुवार को सुबह ग्रामीणों ने उसका जला हुआ शव पड़ा पाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

ठठिया थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत खांमा के मजरा निजामपुर गांव के बाहर 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन गई है। गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने यहां जली हुई पुआल के ढेर के बीच ही एक युवक का बुरी तरह से झुलसा शव पड़ा देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई। ग्रामीणों व पुलिस का कहना है कि युवक एचटी लाइन के तार चोरी से काट रहा था। उसी समय घटना हुई जिससे इसकी मौत हुई है। यही नहीं युवक ने एक तार काट भी लिया था। दूसरा तार काट रहा था कि बिजली आ गई और करंट की चपेट में आने से उसकी जल कर मौत हो गई। वह जिस स्थान पर तार काट रहा था उसी के नीचे धान का पुआल लगा था। करंट से झुलसा युवक वहां गिरा तो पुआल भी जलने लगा। गुरुवार की सुबह ग्रामीण जब मौके पर पहुंचे तो पाया कि एक युवक का जला हुआ शव पड़ा था। गांव के निवासी सुरेन्द्र सिंह ने लाइनमैन को सूचना दी। सूचना मिलते ही लाइनमैन ने हाईटेंशन लाइन की सप्लाई बंद कराने के लिए विद्युत उपकेंद्र पर फोन किया। सूचना मिलते ही तत्काल एसएसओ ने लाईन को बंद कर दिया। वहीं ग्रामीणों की जानकारी पर पहुंचे ठठिया थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी और हल्का इंचार्ज हसीव व फॉरेंसिक टीम ने युवक की मौत के कारणों की छानबीन की। करीब दो घंटे बाद मृतक की पहचान इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पारसपुर निवासी भजनलाल (22) पुत्र शिवपाल के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी ने बताया कि एचटी लाइन का तार चोरी से यह काट रहा था। अचानक बिजली आने से करंट लगा और मौत हो गई।


घटनास्थल पर छानबीन करते कोतवाल और ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

- ठठिया थाना क्षेत्र के निजामपुर गांव में देर रात हुई घटना

### हिस्ट्रीशीटर पर तीन थानों में दर्ज हैं आठ मामले

तिर्वा, कन्नौज। एचटी लाइन के करंट से युवक की मौत के बाद शिनाख्त होने पर वह शातिर अपराधी निकला। थाना इंदरगढ के पारसपुर गांव निवासी भजनलाल पर इंदरगढ़, ठठिया व सौरिख में आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इंदरगढ़ थानाध्यक्ष किशन पाल ने बताया कि उनके थाने में मारपीट के अलावा चोरी, गैंगस्टर के साथ हिस्ट्रीशीट खुली है।

**सफलता** — यूएसए में रहता है आरोपी, शिकायतकर्ता को मैनेज करने आया था मंदिर कार्यशाला

# मंदिर मॉडल के नाम पर ठगी, अप्रवासी भारतीय दबोचा

अयोध्या, कार्यालय

- प्राण प्रतिष्ठा प्रसाद के नाम पर भी लिया धन,16.69 लाख लोगों से ले चुका है आर्डर

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रसाद, मंदिर मॉडल व सिक्का आदि की ऑनलाइन डिलेवरी के नाम पर ठगी के मामले में साइबर थाना पुलिस ने अप्रवासी भारतीय आशीष सिंह को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। वह एक शिकायतकर्ता को मैनेज करने यूएसए से रामजन्मभूमि कार्यशाला आया था। मूल रूप से गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित वैभव खंड के विंडसोर पार्क निवासी आशीष खादी आर्गेनिक नामक वेबसाइट के माध्यम से 19 दिसंबर से अब तक देश-विदेश के 16.69 लाख लोगों से समारोह के प्रसाद की फ्री डिलेवरी,मंदिर मॉडल व सिक्का आदि की आपूर्ति के नाम पर साढ़े 10 करोड़ से ज्यादा का आर्डर ले चुका है। प्रकरण में खादी ग्रामोद्योग विभाग की ओर से पूर्व में लखनऊ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

खादी ऑर्गेनिक नामक बेबसाइट के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रसाद की फ्री और समारोह के उपलक्ष्य में टी-शर्ट, राम मन्दिर माडल, चांदी के सिक्के, गमछा, झण्डे आदि की डिलेवरी के नाम पर देश-विदेश के लोगों को ठगा जा रहा था। फ्री प्रसाद के लिए डिलेवरी चार्ज के रूप में भारतीय नागरिकों से 51 रुपये और विदेशियों से एक डॉलर लिया जा रहा है। भुगतान के लिए कैश ऑन डिलेवरी और ऑनलाइन का विकल्प दिया गया है।

रामजन्मभूमि कार्यशाला निवासी चंदन राय ने आशीष को फोनकर इस फर्जीवाड़ा का अंजाम भुगतने की चेतावनी दी थी। जिसके चलते वह चन्दन से मिलकर मामले को सुलझाने के लिए यूएसए से यहां आया था और साइबर पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

सीओ क्राइम आशीष निगम ने बताया कि खुद को नॉर्थ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी सेटल अमेरिका का प्रोफ़ेसर बताने वाले आशीष सिंह को गिरफ्तार किया गया है।उसके पास से एक लैपटॉप, दो आईफोन तथा पासपोर्ट,एक काला पिट्ठू बैग, कोविड प्रमाण पत्र, दिल्ली मेट्रो कार्ड,हेल्थ कार्ड, पांच डेबिट कार्ड,वाशिंगटन का ड्राइविंग लाइसेंस, दो आधार कार्ड, एक हवाई यात्रा का टिकट,एक कास्ट्को कार्ड, एक डेल्टा कार्ड ,एक ड्रिल मैप कार्ड,13970 रूपये व 16 अमेरिकी डालर बरामद हुए हैं। आशीष ने बताया है कि वह यूएसए से 13 जनवरी को भारत आया था । 19 दिसंबर से 12 जनवरी तक 16,69,620 लोगों ने 6,49,92,111 रुपये का सामान कैश ऑन डिलीवरी समेत कुल 10,49,45,065 रुपये का आर्डर किया है।

सीओ ने बताया कि ठगी गई रकम फ्रीज कराई जा रही है। साइबर थाना प्रभारी आलोक वर्मा ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, आईटी एक्ट और पासपोर्ट अधिनियम के तहत नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अदालत के समक्ष प्रस्तुत किये जाने पर सहायक अभियोजन अधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लिए जाने की पैरवी की। प्रभारी सीजेएम आमिर हुसैन की अदालत ने उसको न्यायिक अभिरक्षा में लेकर 31 जनवरी तक के लिए जेल भिजवाया है।

# औरैया में ट्रक बना आग का गोला, चालक कूदा

संवाददाता, इकदिल (औरैया)

- हादसे के शीशियां हाईवे पर बिखरीं, यातायात प्रभावित

**अमृत विचार।** आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर थाना क्षेत्र में गांव मनियामऊ के पास बुधवार देर रात कांच की शीशियों से लोड ट्रक में आग लग गई, जिसने पलभर में विकराल आग का रूप धारण कर लिया। आग में घिरे ड्राइवर क्लीनर ने कूदकर जान बचाई। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। ट्रक में लदे माल समेत 50 लाख का नुकसान हुआ है।

फिरोजाबाद से ट्रक में कांच की शीशियां लोड करके सैफई क्षेत्र के अतिराजपुर का ड्राइवर मोहित अपने ही गांव के क्लीनर पुष्पेंद्र के साथ कोलकोता जा रहा था। उसका कहना है कि रात 11 बजे नारायण ढाबा के पास अचानक ट्रक में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जब तक कुछ समझ पाते तब तक आग बढ़ गई। केबिन में आग की लपटें आ गई जिसपर ट्रक रोककर जल्दी से हम दोनों लोगों ने कूदकर जान बचाई। हाईवे पर पर एक ओर का यातायात थम गया। आग से कांच की शीशियां चटकने की भयानक आवाज से वातावरण गुंजायमान हो गया। पुलिस फोर्स तथा फायर ब्रिगेड की गाड़ी आ गई। हालात देखकर दूसरी गाड़ी मंगाई गई तब एक घन्टे की कड़ी मशक्कत करके फायरब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। इस दौरान 40 लाख रुपए की कीमत का ट्रक तथा उसमें लोड कांच की शीशियां जलकर तथा चटककर नष्ट हो गईं। थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्रा ने क्रेन से ट्रक किनारे कराकर यातायात सामान्य कराया।

### कमरे में लगी आग, धुएं में दम घुटने से युवक की मौत

**जसवंतनगर (इटावा)।** सिसहाट गांव में अनुराग कुमार उर्फ अन्नू (38) घर के कमरे में लेटा था। कमरे में आग लगने से धुआं भर गया। दम घुटने से उसकी मौत हो गई। कमरे में वह अकेला ही लेटा था। सुबह करीब 6 बजे धुंआ देख परिजनों को पता चला।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कमलापुर, विकास खण्ड बांगरमऊ उन्नाव**

पत्रांक: – मेमो/न0स0वि0/निविदा/ दिनांक: 13/01/2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग/मनरेगा के अन्तर्गत **ग्राम पंचायत कमलापुर** की स्वीकृत कार्य योजना में निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सामग्री सन्दर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 23-01-24 समय 10 बजे अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन शाम 5 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रमांक | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत लाख में | निविदा मूल्य लाख में | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राम आसरे के घर से अम्बेडकर पार्क तक इण्टरलांकिग कार्य | ईटा, मौरंग, बालू,सीमेन्ट, गिट्टी, इंटरलांकिग ब्रिक आदि | स्टीमेट के अनुसार | 200 | 15 दिन |
| 2 | ग्रा0पं0 में नाली निर्माण कार्य | ईटा, मौरंग, बालू, गिट्टी, सरिया, सीमेन्ट आदि | स्टीमेट के अनुसार | 200 | 15 दिन |
| 3 | ग्रा0पं0 में आर0 सी0 सी0 रोड नि0 कार्य | ईटा, मौरंग, बालू, गिट्टी, सरिया, सीमेन्ट आदि | स्टीमेट के अनुसार | 200 | 15 दिन |
| 4 | ग्रा0 पं0 में खण्डजा निर्माण कार्य | ईटा, मौरंग, बालू, गिट्टी, सरिया, सीमेन्ट आदि | स्टीमेट के अनुसार | 200 | 15 दिन |
| 5 | कम्पोजिट विद्यालय में बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य | ईटा, मौरंग, बालू, गिट्टी, सरिया, सीमेन्ट आदि | स्टीमेट के अनुसार | 200 | 15 दिन |
| 6 | ग्रा0पं0 में स्ट्रीट/सोलर लाइट लगाने का कार्य | स्ट्रीट लाइट/सोलर लाइट | स्टीमेट के अनुसार | 200 | 15 दिन |
| 7 | ग्रा0पं0 में हैण्ड पम्प मरम्मत रीबोर कार्य | हैण्डपम्प मरम्मत/रीबोर सामग्री | स्टीमेट के अनुसार | 200 | 15 दिन |

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत विकास अधिकारी**

ग्राम पंचायत कमलापुर वि0ख0–बॉगरमऊ, उन्नाव

# ऑपरेशन त्रिनेत्र व कन्विक्शन से अपराधियों पर लगाम

## क्राइम रेट को गिराने के साथ ही सजा दिलवाने में भी पुलिस विभाग को मिली कामयाबी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ मिशन शक्ति, प्रिडिक्टिव पुलिसिंग व वाट्सएप के कम्यूनिटी फीचर जैसी योजनाएं भी सफल

**अमृत विचार :** अपराध को लेकर प्रदेश सरकार के जीरो टॉलरेंस की नीति को ऑपरेशन त्रिनेत्र और ऑपरेशन कन्विक्शन ने मुकाम तक पहुंचाने में काफी मदद की। डीजीपी विजय कुमार के निर्देशन में शुरू हुए इन दोनों अभियान से अपराध व अपराधियों पर काफी हद तक लगाम लगी। क्राइम रेट को गिराने के साथ ही सजा दिलवाने में भी पुलिस महकमे ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसके अलावा जन सुरक्षा के साथ ही महिला सुरक्षा के लिए अभियान मिशन शक्ति और प्रिडिक्टिव पुलिसिंग व वाट्सएप के कम्यूनिटी फीचर जैसी योजनाएं भी सफल रहीं।



डीजीपी विजय कुमार

ऑपरेशन त्रिनेत्र को उप्र पुलिस का अभिनव प्रयोग माना गया। यह अपराधियों के लिए काल साबित हुआ है। इस अभियान में जनता के सहयोग से मुख्य चौराहों, तिराहों तथा सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए। इसके तहत 10 जुलाई से दिसम्बर 2023 तक पूरे प्रदेश में तीन लाख 79 हजार 915 स्थानों पर कुल नौ लाख 42 हजार 52 कैमरे लगाए जा चुके हैं। इनके सहयोग से 1,495 सनसनीखेज वारदातों से परदा उठाया जा चुका है। इसमें हत्या, लूट, डकैती, चोरी, अपहरण और दुष्कर्म-छेड़छाड़ जैसे संगीन जुर्म शामिल रहे हैं।

अपराधियों पर शिकंजा कसने की दिशा में डीजीपी विजय कुमार की ओर से शुरू हुआ दूसरा बेहद महत्वपूर्ण अभियान 'ऑपरेशन कन्विक्शन' भी कामयाब रहा। इसके तहत 75 जिलों में होने वाले रेप, हत्या, लूट, डकैती, धर्मांतरण और गोकशी जैसे 20 प्रमुख अपराधों को शामिल किया गया है। इस अपराध से जुड़े मामलों में तेजी से जांच खत्म करके 30 दिनों के अंदर सजा दिलाने की बात कही गई। एक जुलाई से दिसम्बर 2023 तक चले इस अभियान में 16,455 मामलों में प्रभावी पैरवी के चलते 21 हजार 452 अपराधियों को सजा दिलाई गई। इसमें मौत की सजा भी शामिल है। सजा का यह रेट 2020 की तुलना में नौ गुना अधिक है।

### बीट भ्रमण में मिलीं एक लाख सात हजार 790 शिकायतें

महिला सुरक्षा अभियान 'मिशन शक्ति' में 15 अक्टूबर से 10 दिसम्बर 23 तक ग्राम पंचायतों तथा वार्डों में सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान दूसरे कार्यक्रम के तहत महिला कांस्टेबल के बीट भ्रमण के दौरान एक लाख सात हजार 790 शिकायतें मिलीं, जिसमें एक लाख दो हजार शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। जनसमस्या समाधान (पब्लिक ग्रिवेंस रिव्यू पोर्टल) से आमजन की समस्याओं के समयबद्ध, त्वरित निस्तारण एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए पुलिस तकनीकी सेवाएं द्वारा विकसित किया गया। पुलिस मुख्यालय स्तर से जारी होने वाले निर्देशों, जिले की पुलिस के सराहनीय कार्यों तथा भ्रामक खबरों के खंडन को प्रदेश के प्रत्येक पुलिस कर्मियों तक पहुंचाने के लिए वाट्सएप का कम्युनिटी फीचर शुरू किया गया है।

# दारा सिंह चौहान ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधान परिषद (एमएलसी) उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान ने गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। यह सीट राज्यसभा सांसद बनने के बाद डॉ. दिनेश शर्मा के इस्तीफा देने से रिक्त हुई थी। सीट पर कार्यकाल 30 जनवरी 2027 तक होगा। इस बीच, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ओमकार नाथ चौरसिया ने भी नामांकन पत्र भरा है, लेकिन कोई प्रस्तावक का उल्लेख नहीं है, ऐसे में खारिज होना तय माना जा रहा है।

नामांकन दाखिल के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, मंत्री सुरेश खन्ना, राकेश सचान, जेपीएस राठौर आदि नेता मौजूद रहे। चुनाव अधिकारी बृज भूषण दूबे ने बताया कि इस सीट पर पहले मतदान 29 जनवरी को होना था। लेकिन 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कारण सार्वजनिक अवकाश की घोषणा के बाद निर्वाचन आयोग ने सोमवार को संशोधित चुनाव कार्यक्रम जारी किया था। अब नाम वापसी 22 जनवरी के बजाय 23 जनवरी को होगी, जबकि 30 जनवरी को मतदान होगा।



विधानसभा के कक्ष में नामांकन दाखिल करते एमएलसी प्रत्याशी दारा सिंह चौहान, साथ में मुख्यमंत्री योगी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी व अन्य मंत्रीगण।

▶▶ एमएलसी उप चुनाव के लिए 29 को मतदान और 30 को होगी मतगणना

## एक नजर

### अयोध्या में निर्बाध बिजली आपूर्ति की पुख्ता तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या में राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पावर कॉरपोरेशन ने पुख्ता तैयारी की है। चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने को लेकर मुख्य अभियंता स्तर तक के अधिकारियों के निर्देश दिये गये हैं। कॉरपोरेशन के अफसरों ने बताया कि बिजली आपूर्ति की उपलब्धता को लेकर कोई समस्या नहीं है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 20 हजार मेगावाट मांग हो रही है। मांग के अनुसार, प्रदेश में बिजली आपूर्ति उपलब्ध है। निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाये रखने के लिए अयोध्या में राम मंदिर क्षेत्र व पूरे जिले में बिजली लाइनों व ट्रांसफार्मरों को दुरुस्त रखा गया है। बिजली आपूर्ति पर नजर रखने के लिए नियंत्रण कक्ष खोला गया है। अधिकारियों ने बताया कि 15 जनवरी से अयोध्या में निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा रही है। 24 जनवरी तक निरंतर बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराई जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को प्रदेश में 21806 मेगावाट अधिकतम बिजली मांग रिकार्ड की गई, जबकि न्यूनतम मांग 12325 मेगावाट दर्ज की गई।

# अर्हता पूरी नहीं, बना दिया सहायक प्रोफेसर

## सीएसजेएमयू, कानपुर से जुड़े महाविद्यालय का मामला : शिकायतों के बाद एक को दिखाया गया बाहर का रास्ता

जीशान कदीर, लखनऊ

▶▶ जुगाड़ के बल पर शिक्षा संकाय में दो अभी तक कर रहे नौकरी

**अमृत विचार :** प्रश्न यह कि बीएड की डिग्री प्राप्त किए बिना कोई विश्वविद्यालय या महाविद्यालय में सहायक प्रोफेसर बन सकता है? जवाब होगा, नहीं। लेकिन छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) कानपुर से संबद्ध महाविद्यालय में ऐसा हुआ है। बाकायदा नियम-कानून ताख पर रख बिना पात्रता के ही नियुक्ति करा दी गई। नियम और नियुक्ति का हवाला देते हुए दो सहायक प्रोफेसर पात्र बनकर आज भी सेवाएं दे रही हैं। शिकायतों का पुलिंदा देख एक को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।

सीएसजेएमयू के एक महाविद्यालय में 2 अगस्त 2003 को डॉ. सीमा, डॉ. रक्षा और डॉ. अजय को शिक्षा संकाय में बतौर सहायक प्रोफेसर नियुक्त कर दिया गया। शिकायतकर्ता सलिल कुमार तिवारी द्वारा मांगी गई आरटीआई तथा मानव संपदा पोर्टल के रिकार्ड की मानें तो मूल नियुक्ति के समय तीनों लोगों ने निर्धारित शैक्षिक अर्हता को पूरा नहीं किया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि शासन में शिकायत के बाद डॉ. अजय को इन्हीं नियमों का हवाला देते हुए हटा दिया गया। लेकिन जुगाड़ के दम पर डॉ. सीमा और डॉ. रक्षा गुप्ता की सेवाएं अनवरत जारी हैं। शिकायतकर्ता के दिए गए साक्ष्यों के आधार पर उच्च शिक्षा विभाग की ओर से शिक्षा निदेशक प्रयागराज को निर्देश दिए गए। जिस पर जांच समिति गठित की गई। निदेशक प्रोफेसर ब्रम्हदेव का कहना है कि विभाग द्वारा 28 दिसंबर 2006 के निर्गत अधिनियम के अनुसार ही विनियमितीकरण किया है। अन्य बिन्दुओं को जानने के लिए जांच समिति कार्य कर रही है।

### विशेष सचिव मौलिक नियुक्ति को बता चुकी हैं अवैध

एक ही नियम का सहारा लेकर दो तरह के कार्य तत्कालीन सपा सरकार के दौरान हुए। इसमें तत्कालीन विशेष सचिव मधु जोशी द्वारा वर्ष 30 अगस्त 2016 में एक आदेश दे दिया गया था, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि डॉ. अजय की मौलिक नियुक्ति बीएड न होने के कारण अवैध है। प्रश्न यह कि यदि डॉ.अजय की नियुक्ति अवैध है तो डॉ. सीमा और डॉ. रक्षा की नियुक्ति वैध कैसे हो सकती है? तब जबकि तीनों की नियुक्ति प्रक्रिया, स्थल और प्रकृति एक ही हो।

### नियुक्ति के बाद ली बीएड की डिग्री

डॉ. सीमा ने वर्ष 2006 में आरआरएस महाविद्यालय नौबस्ता कानपुर से बीएड परीक्षा उत्तीर्ण की। वहीं डॉ. रक्षा ने वर्ष 2007 में दयानंद वीमेन ट्रेनिंग सेण्टर (डीडब्लूटीसी) मैकराबर्टगंज कानपुर से बीएड की डिग्री ली। इन रिकार्डों को जांच समिति की ओर से आधार बनाया गया है।

### सीएसजेएमयू प्रशासन ने उठाए सवाल

सीएसजेएमयू के रजिस्ट्रार डॉ. अनिल यादव का कहना है कि उस समय सांध्यकालीन बीएड की व्यवस्था विवि में नहीं रही थी। तो सवाल बड़ा है कि नियुक्ति स्थल से लगभग 50 किमी की दूरी पर कार्यरत महिला प्रवक्ताओं ने अपनी विषय परीक्षा संस्थागत रहते हुए किस प्रकार से पूर्ण कर ली?

### शिक्षा निदेशक ने विवि प्रशासन से मांगा उपस्थिति रजिस्टर

कहते हैं कि झूठ के पांव नहीं होते हैं। जब राज खुलते हैं तो कई कड़ियां भी हाथ लगने लगती हैं। प्रदेश सरकार बदली तो संबंधित अधिकारियों के मिजाज भी बदल गए। बीते दिन उच्च शिक्षा निदेशक प्रोफेसर ब्रम्हदेव ने जांच समिति को बुलाकर एक बैठक की। निदेशक ने साक्ष्यों का आकलन करते हुए निर्देश दिए कि डॉ. सीमा और डॉ. रक्षा द्वारा कार्यरत महाविद्यालयों के उपस्थिति रजिस्टर, समय सारणी और वेतन भुगतान का एक सप्ताह के अंदर ब्यौरा उपलब्ध कराया जाए। पूरा सिजरा पहुंचने के बाद अब जिम्मेदारों की कार्रवाई का इंतजार है।

# फर्जी नियुक्ति की जद में आ सकते हैं रसूखदार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

## खबर का असर

▶▶ प्रमुख सचिव शिक्षा ने लिया खबर का संज्ञान

**अमृत विचार :** 'डिग्री कॉलेज व परिषदीय स्कूल में रही तैनाती, दोनों जगहों से उठाया वेतन' शीर्षक से प्रकाशित खबर का शासन ने संज्ञान लिया है। ऐसे में प्रमुख सचिव शिक्षा की ओर से विशेष निर्देश मिलते ही उच्च शिक्षा विभाग से जुड़े निदेशालय में तथ्यपरक जानकारियों को एकत्र करने का कार्य तेज हो गया है।

बता दें कि अमृत विचार अखबार में एक प्रवक्ता, दो संस्थान और दो वेतनमान के प्रकरण को लेकर 'डिग्री कॉलेज व परिषदीय स्कूल में रही तैनाती, दोनों जगहों से उठाया वेतन' शीर्षक से जुड़ी खबर का प्रकाशन किया गया था। प्रकाशित समाचार में उच्च शिक्षा और प्राइमरी विभाग द्वारा हुए घालमेल को साक्ष्यों सहित प्रस्तुत किया गया। आरटीआई और मानव संपदा पोर्टल से जुड़े तथ्य भी साझा हुए। तत्कालीन सपा सरकार में हुई नियुक्ति से जुड़े मामले को शासन ने गंभीरता से ले लिया है। गुरुवार को प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए प्रमुख सचिव शिक्षा एमपी अग्रवाल ने प्रकरण से जुड़े तथ्यों को लेकर अधीनस्थों को विशेष निर्देश दिए। सूत्रों की मानें तो प्रमुख सचिव के निर्देश मिलते ही तथ्यपरक जानकारियों को उच्च शिक्षा विभाग के निदेशालय में गुरुवार देर रात तक खंगाला जाता रहा। गहराते मामले में रसूखदारों पर बड़ी कार्रवाई किए जाने की चर्चा जोरों पर है।



खुलासा एक प्रवक्ता, दो संस्थान और दो वेतनमान
डिग्री कॉलेज व परिषदीय स्कूल में रही तैनाती, दोनों जगहों से उठाया वेतन
इस तरह हुआ सरकारी खजाने का दुरुपयोग

अमृत विचार में 18 जनवरी को प्रकाशित खबर।

# 10,328 ग्राम पंचायतों ने नहीं कराए मनरेगा कार्य

## कहीं लापरवाही तो कहीं बजट के कारण नहीं हुए कार्य

▶▶ नवंबर में बागपत, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, शामली, मथुरा समेत 10 जिलों में प्रगति शून्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 2023-24 में 28 करोड़ से अधिक मानव दिवस सृजित करने यानी श्रमिकों को रोजगार देने का दावा किया गया है। इस लक्ष्य में पिछले वर्ष की तुलना में 179.93 करोड़ मानव दिवस अधिक सृजित हुए हैं। जबकि, 10,328 ग्राम पंचायतों में दिसंबर में कोई कार्य नहीं कराए गए।

नवंबर की बात करें तो बागपत, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, शामली, मथुरा, अलीगढ़, संभल, कासगंज व मुज्जफरनगर में कार्यों की प्रगति शून्य है। जबकि 27 जिले श्रमिकों को काम देने में पीछे हैं। रही बात समय से मजदूरी देने की तो बागपत, चंदौली, मुज्जफरनगर, हरदोई, रामपुर, सीतापुर, सुल्तानपुर, उन्नाव व कुशीनगर में स्थिति बेहद खराब है। इसकी वजह कहीं लापरवाही तो कहीं नवंबर से बजट न मिलना है। इसका असर गांव के विकास के साथ लाखों श्रमिक परिवारों पर पड़ा है। हाल में ग्राम्य विकास आयुक्त की समीक्षा में यह जानकारी सामने आई।

### बरेली समेत 10 जिलों में कम लगी ऑनलाइन हाजिरी

काम के दौरान श्रमिकों की हाजिरी और मस्टर रोल 100 प्रतिशत ऑनलाइन करना है। इसके बाद भी दिसंबर में 97 प्रतिशत ऑनलाइन उपस्थिति फीड की गई। इस प्रक्रिया में कन्नौज, मथुरा, बरेली, मेरठ, कानपुर नगर, बागपत, शामली, प्रयागराज, एटा व बुलंदशहर में गिरावट आई है। रामपुर, प्रयागराज, गोरखपुर, सुल्तानपुर, हरदोई, हापुड़, कानपुर नगर, देवरिया, चित्रकूट समेत 23 जिलों में भुगतान अधिक लंबित है।

### अमृत सरोवरों में भी झोल

मनरेगा से अमृत सरोवर बनाने में लाखों रुपये बहा दिए गए। जिसकी अधिकारियों ने सुध तक नहीं ली। 888 अमृत सरोवरों का निरीक्षण तक नहीं किया गया। इनमें आजमगढ़, बलरामपुर, कानपुर देहात, पीलीभीत, आगरा, बागपत, गौतबुद्ध नगर, फिरोजाबाद, बलिया व रामपुर के सबसे ज्यादा अमृत सरोवर हैं। वहीं, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बागपत, इटावा, शामिली, सिद्धार्थनगर, हरदोई पीलीभीत, जौनपुर व कानपुर नगर के चिह्नित 1023 अमृत सरोवर में खामियां रहीं। जिन्हें दूर कर दोबारा निरीक्षण नहीं किया गया।

> लक्ष्य के अनुसार कार्यों की प्रगति ठीक है। नवंबर से बजट नहीं मिला है। इस वजह से कहीं-कहीं समस्या आई है। जो भी कमियां हैं, वह दूर की जा रही हैं।
>
> – हरीश चंद्र, उपायुक्त, ग्राम्य विकास मुख्यालय

# वकीलों के खिलाफ अब तक मिलीं डेढ़ सौ शिकायतें

विधि संवाददाता, लखनऊ

▶▶ स्पेशल सेल के गठन के बाद दर्ज हुई इन शिकायतों पर कार्रवाई का स्टेटस तलब

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के समक्ष राज्य सरकार की ओर से बताया गया है कि जमीनों पर कब्जा करने वाले कथित वकीलों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए गठित पुलिस की स्पेशल सेल को अब तक लगभग डेढ़ सौ शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं। इस पर न्यायालय ने उक्त सभी शिकायतों के क्रम में दर्ज प्राथमिकियों के विवेचना का स्टेटस तलब किया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति एनके जौहरी की खंडपीठ ने अनिल कुमार खन्ना समेत वकीलों से सम्बंधित मामलों पर विचाराधीन कुल 11 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। सुनवाई के दौरान सरकारी वकील ने न्यायालय को बताया कि सभी मामले लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के हैं। इस पर न्यायालय ने आदेश दिया कि उक्त स्पेशल सेल की ओर से 15 दिनों में शपथ पत्र दाखिल कर, मिली सूचनाओं व इस क्रम में दर्ज एफआईआर तथा विवेचना के स्टेटस का विवरण प्रस्तुत किया जाए। वहीं न्यायालय को सीबीआई के अधिवक्ता की ओर से जानकारी दी गई कि वर्ष 2010 की एक याचिका में दिए गए आदेश के अनुपालन में अलग-अलग घटनाओं के कुल 11 मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें से अधिकांश की विवेचना पूर्ण हो चुकी है। इस पर न्यायालय ने सीबीआई को भी शपथ पत्र दाखिल कर पूर्ण विवरण देने का आदेश दिया है।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान याचिकाओं की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने टिप्पणी की थी कि वकीलों के वेश में जमीनों पर कब्जे व संपत्तियों के लिए धमकियां देने वाले प्रॉपर्टी डीलर्स के विरुद्ध सभी शिकायतें हैं। वहीं न्यायालय के आदेश पर हाजिर हुए, पुलिस आयुक्त, लखनऊ एसबी शिरडकर ने भी कोर्ट को बताया था कि आम लोगों की जमीनों पर कब्जा करने वाले कथित वकीलों के विरुद्ध तत्काल और प्रभावी कार्रवाई के लिए पुलिस ने स्पेशल सेल का गठन गया है और संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व व्यवस्था) उक्त सेल के इंचार्ज हैं।

## वर्ग पहेली-317

**बाएं से दाएं**

1. 1. पुट्ठा 2. ढोल पर मढ़ा जाने वाला चमड़ा।
3. 1. चित्तवृत्तियों का निरोध और इन्हें सांसारिकता से विमुख कर अंतर्मुखी करने की एक जटिल भारतीय साधना पद्धति 2. नाथ पंथियों में योग का एक प्रकार जिसमें कुंडलिनी जागरण कराकर 'सहस्रारचक्र' तक ले जाया जाता है। उक्त योग में कठिन आसन मुद्राओं का विधान है।
5. मृतक संबंधी एक कृत्य जो किसी की मृत्यु के छह महीने बाद किया जाता है, छमासी।
8. 1. बहुत दूर या समुद्र पार का देश, पराया देश, विदेश 2. पिछली सदी में भारतीय जन सामान्य द्वारा इंग्लैंड के लिए प्रयुक्त नाम।

**ऊपर से नीचे**

2. अलग करने वाला, पृथक करने वाला।
4. सूर्यकांत मणि।
6. ऊंचे पहाड़ों की एक लता, निसोथ।
7. 1. रेती (औज़ार) से रगड़कर काटना 2. चिकना करना 3. रेतने वाले औज़ार की धार से रगड़ना।



### वर्ग पहेली - 316 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 नि | 2 गो | ड़ी | |
| | 3 द | | पी | | 4 ति |
| | नु | | चं | | र |
| | 5 ज | 6 ल | द | | मि |
| 7 चु | | 8 प | न | 9 भ | रा |
| 10 क | रें | सी | | र | |
| ना | | | 11 चौ | त | नी |

## सुडोकू -34

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | 9 | | | 6 | |
| | 7 | | 8 | | | | 5 | 1 |
| 4 | | | 6 | | | 3 | | |
| | 3 | | | 1 | | | 4 | |
| 1 | | 4 | | | 2 | | 3 | |
| | | | 3 | | | 1 | | 6 |
| 3 | | | | 5 | | | 1 | |
| 8 | | | 4 | | | | 7 | 3 |
| | | 5 | | | 8 | 6 | | |

### सुडोकू - 33 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 2 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 4 | 9 | 8 | 2 | 7 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 5 | 2 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 5 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 1 | 2 | 5 | 8 | 7 | 4 | 9 |
| 5 | 2 | 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 4 | 8 | 9 | 7 | 3 | 6 | 2 | 5 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जनवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 19.51 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष** – आज कला और संगीत में आप काफी रुचि लेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको नए अनुभव मिलेंगे। लोग आपसे सलाह लेने का प्रयत्न करेंगे। व्यवसाय में आपको अच्छा धन लाभ हो सकता है। मृदु व्यवहार के कारण लोगों के चहेते बने रहेंगे।

**वृष** – आज अति आत्मविश्वास के कारण आपको परेशानी झेलनी पड़ेगी। बेवजह के मामलों में उलझ सकते हैं। बुरी संगत वाले लोगों से दूरी बनाकर रखें। कारोबार में थोड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मिथुन** – आज सामाजिक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। व्यापार में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। धार्मिक कार्यों में मन लगाएंगे। आलस्य की वजह से काम में रुकावटें आ सकती हैं।

**कर्क** – आज चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा। नई जॉब के लिए आवेदन कर रहे हैं तो दिन शुभ है। वैवाहिक जीवन का भरपूर आनंद लेंगे। घर में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**सिंह** – आज मनोरंजन संबंधित कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। रुके हुए सरकारी कार्य पूरे हो जाएंगे। बड़े अधिकारी आपसे बहुत प्रसन्न रहने वाले हैं। आपकी जीवनशैली में सुधार आएगा। कार्यक्षेत्र में आपकी बातों को विशेष महत्व मिलेगा।

**कन्या** – आज सुख-सुविधाओं में कमी आएगी। कही-सुनी बातों पर सहसा विश्वास न करें। संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर सावधानी रखें। काम के प्रति एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं, इसीलिए नये काम की शुरुआत न करें। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव बढ़ेगा।

**तुला** – आज कारोबारी अनुबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। बच्चों की उपलब्धि से हर्षित रहेंगे। निर्माण कार्यों में तेजी आएगी। घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आप अपने व्यक्तिगत जीवन को काफी महत्व देंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा।

**वृश्चिक** – आज सभी कार्यों को समय पर पूरा करने का प्रयास करें। सहकर्मियों का बेहतरीन सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुओं पर आप भारी पड़ेंगे। यदि आप किसी काम को टालते हैं, तो भविष्य में भी उसके टलने की संभावना बढ़ जाएगी।

**धनु** – आज अधूरे कार्यों को समय पर निपटा लें। बच्चों को अनुशासन की शिक्षा अवश्य दें। नए प्रेम संबंधों में परेशानी आने की आशंका है। आप वही काम करना पसंद करेंगे, जो आपका शौक बन गया हो। पुरानी गलतियों के कारण आपको समस्या हो सकती है।

**मकर** – आज लेन-देन में की गई जल्दबाजी आपको आर्थिक हानि पहुंचा सकती है। वाणी में हल्के शब्दों का प्रयोग करना उचित नहीं है। वाहन का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। आपको व्यर्थ दौड़-धूप करनी पड़ेगी, लेकिन उसका परिणाम कुछ खास नहीं मिलेगा।

**कुंभ** – आज नई तकनीक की जानकारी को लेकर आप काफी सजग रहेंगे। मांगलिक उत्सवों में भाग लेंगे। नौकरीपेशा लोगों का ट्रांसफर हो सकता है। व्यापार में बहुत अच्छे मौके मिलेंगे। रूपरेखा बनाकर काम करना लाभकारी सिद्ध होगा।

**मीन** – आज आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। लोग आपके सही काम का भी विरोध करेंगे। अपनी खानपान की आदतों पर ध्यान दें। जोखिम भरे निवेश करने से आपको बचना चाहिए। बच्चों को लेकर कुछ परेशान हो सकते है।

## आज का पंचांग




**मुहूर्त**-अभिजित-11.56-12.38 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.05-09.47, 12.38-13.21 तक।
**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 20 जनवरी 02.50 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

## आज की फिल्में

होते होते प्यार हो गया – दोपहर : 12.00
शान – रात : 07.00
मेरी प्यारी बिंदु – सुबह : 10.34
पीके – रात : 07.00
हेलबॉय – सुबह : 10.28
एक्वामैन – रात : 08.45
वेलकम बैक – सुबह : 10.30
द लास्ट कलर – रात : 07.30
हम दिल दे चुके सनम – सुबह : 08.33
भेड़िया – रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

प्रपोजल के रिजेक्शन पर पप्पू का मजेदार जवाब।
पप्पू (लड़की को प्रपोज करते हुए)- मुझसे प्यार करोगी
लड़की- शक्ल देखी है अपनी, तुझसे प्यार करने से तो बेहतर है मैं सुसाइड कर लूं।
पप्पू- कमबख्त मर जाएगी पर किसी के काम नहीं आएगी।
पप्पू का जवाब सुनकर लड़की सन्न रह गई।

मरीज- डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर- सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।

# सड़कों पर रेला, हाथों में श्रीराम ध्वज, जुबां पर सीताराम

**उदया से लता चौक तक लाइव रिपोर्ट**

## पांच किमी में 16 जगह भंडारे, 29 स्थानों पर दिखी पिकेट्स

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही अयोध्या में आस्था का सैलाब उमड़ने लगा है। सरयू की कल-कल के बीच सीताराम-सीताराम की ध्वनि पूरे वातावरण को राममय बना रही है। सड़कों पर श्रद्धालुओं का ऐसा रेला ऐसे उमड़ पड़ा है कि मानो सारे देवी-देवताओं के दर्शन अयोध्या में ही होने वाले हैं। हाथों में श्री राम ध्वज लिए नंगे पांव चल रहे श्रद्धालुओं को पता ही नहीं चल रहा कि वे कितनी दूरी आ गए। न खाने की फिक्र है और न ही उन्हें आराम करने की चिंता। उदया चौराहे से लता चौक (पांच किमी.) तक 16 जगहों पर गुरुवार को भंडारे चलते दिखे। 29 जगहों पर पुलिस की टुकड़ियां तैनात थीं। लता चौक तो सुरक्षा का हब बना हुआ है।

अयोध्या में उदया चौराहे से प्रवेश करते ही भंडारों की शुरुआत हो जाती है। एक तरफ जय गुरुदेव का भंडारा चल रहा था तो दूसरी तरफ विहिप की महाराष्ट्र इकाई की ओर से भव्य प्रसाद का इंतजाम किया गया था। कार्यकर्ता हाथ जोड़कर प्रसाद ग्रहण करने की अपील कर रहे थे। इसके आगे बढ़ने पर रानोपाली में श्रद्धालु झंडे लेकर जाते नजर आ रहे थे। साकेत महाविद्यालय से सुरक्षा का चक्र बढ़ा दिया गया है। महाविद्यालय के मैदान में तीन हैलीपैड बन रहे हैं। लोग चर्चा कर रहे थे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहीं उतरेंगे। कैथाना पहुंचे तो महिलाएं बल्लियों से लगाई जा रही बैरिकेडिंग को देख रही थीं। संगीता और गुंजन से पूछा कि ये क्या हो रहा है तो उन्होंने बताया कि मंदिर बन गया है। रामजी विराजमान हो गए हैं। मोदी जी आएंगे और पूजा-पाठ करेंगे। इसके आगे नगर निगम के जोनल कार्यालय के पास सड़कों की धुलाई चल रही थी। जन्मभूमि पथ से 50 मीटर पहले पंजाब के शिव शक्ति संघ की ओर से बड़े भंडारे का आयोजन किया गया था। सीताराम-सीताराम बोलकर श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते दिखे। व्यवस्था देख रहे अनिल ने बताया कि एक महीने तक भंडारा अनवरत चलेगा। जन्मभूमि पथ पर वाहनों से उतरते ही लोग राम के दर्शन के लिए लगभग भागते दिखे। सभी में पहले पहुंचने की होड़ थी। अगल-बगल और सामने सिर्फ सवारी वाहनों से लोग उतरकर जन्मभूमि पथ की ओर जा रहे थे। आगे हनुमानगढ़ी चौराहे के पास बाजार में काफी रौनक थीं। बर्तन, धार्मिक पुस्तकों, चूड़ी आदि की दुकानों पर भारी भीड़ लगी हुई थी। सिर पर गठरी ले जाते हुए भी महिलाएं दिखीं।

लता चौक पर सबसे अधिक भीड़ थी। यहां दूर-दराज से आए लोग सेल्फी लेने में व्यस्त थे। चौक पर बनी रंगोलियां लोगों को आकर्षित कर रही थीं। एटीएस के जवान बख्तरबंद गाड़ियों में तैनात दिखे।


ढोल मंजीरा बजाते हुए दर्शन के लिए जाती महिलाओं की टोली।


लता चौक पर सेल्फी लेती महिला। अमृत विचार

### बड़े-बड़े ब्रांड प्रचार करने में भी जुटे

आगामी दिनों में अयोध्या में देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। इसे देखते हुए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ब्रांड ने अपना प्रचार करना शुरू कर दिया है। बड़ी-बड़ी होर्डिंगों में रामचरितमानस की चौपाइयों के साथ अपने ब्रांड का प्रचार कर रही हैं। इसमें सीमेंट, अगरबत्ती, तेल इत्यादि शामिल हैं।


साकेत से लेकर नयाघाट तक सड़क के दोनों ओर लगाई गई बैरीकेडिंग।

### राम की पैड़ी पर लेजर शो की तैयारियां

नया घाट स्थित राम की पैड़ी इन दिनों खूब चहक रही है। यहां एक बार फिर से लेजर शो करने की तैयारियां चल रही हैं। लाइटें इत्यादि लगाई जा रही हैं। पैड़ी के हर एक घाट पर मीडिया का भी जमवाड़ा है। यहां पहुंचने वाले लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद ले रहे हैं।

### श्रद्धालु कारसेवकपुरम में देखने पहुंच रहे उपहार

मंदिर आंदोलन से जुड़े कारसेवकपुरम में भी लोग पहुंच रहे हैं। यहां श्रीराम को मिले उपहारों के सामने माथा टेक रहे हैं। यहां भी भंडारे का आयोजन किया गया है। मुरादाबाद के मेयर विनोद अग्रवाल की तरफ से रोज 10 हजार लोगों को प्रसाद ग्रहण कराया जा रहा है। 30 लाख की राशन सामग्री आई है। तीन लाख लोगों को भंडारा कराने का लक्ष्य रखा गया है।

### भंडारों का भंडार, होटल-रेस्टोरेंट बेजार

भक्तों के आगमन को देखते हुए जगह-जगह पर लाखों रुपये की लागत से आयोजक भंडारे करा रहे हैं। इसमें पूड़ी, सब्जी, दाल, चावल, दूध, काफी, चाय, बिस्किट और रस्क भी शामिल हैं। श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर भंडारों का आनंद ले रहे हैं। ऐसे में अयोध्या धाम के सभी होटल-रेस्टोरेंट में सन्नाटा पसर गया है। संचालकों को घाटा उठाना पड़ रहा है।


अयोध्या पहली बार आया हूं। बहुत ही पीसफुल लग रही है। सभी घर एक ही रंग के देखकर मन प्रसन्न हो गया। श्रीराम के दर्शन हो गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद ही जाऊंगा। **- जसबीर सिंह, दिल्ली**


अयोध्या आकर मन प्रसन्न हो गया है। दर्शन-पूजन के साथ ही सरयू स्नान किया। बोटिंग भी की। मुझे लता चौक बहुत सुंदर लगा। पीएम मोदी ने अयोध्या को चमका दिया है। **-रघुबीर सिंह, हरियाणा**


अयोध्या बदल गई है। मुझे भी खुशी हो रही है कि श्रीराम विराजमान होने जा रहे हैं। 23 के बाद घर पर रिश्तेदार आना शुरू हो जाएंगे। सभी दर्शन करने आ रहे हैं। **-सत्य प्रकाश मिश्र, कौशलपुरी**


मोदी और योगी की जोड़ी ने अयोध्या को विश्व पटल पर ला दिया। दूर-दराज से लोग आ रहे हैं। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यहां के व्यापारियों की आय भी बढ़ेगी। **-अंकित सिंह, तुलसी उद्यान**




### रामरथ पर सवारी, श्रद्धालुओं को लग रही प्यारी

**अयोध्या कार्यालय । अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखते सरकार ने अयोध्या में यातायात के तमाम साधनों को उतार दिया है। लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के निहित 100 ई-बसें व 25 इलेक्ट्रिक ऑटो की खेप अयोध्या में उतारी गई है। श्रद्धालुओं को सबसे अधिक खुले वाहन पसंद आ रहे हैं। लोग पर्यटन विभाग की ओर से चलाए जा रहे इलेक्ट्रिक रामरथ पर सवारी कर रहे हैं। रामरथ पर 12 सवारियां आसानी से बैठ सकती हैं। चालक अनिल ने बताया कि इस तरह से छह रामरथ अयोध्या में उतारा गया है, जिसका न्यूनतम किराया 10 रुपये है।

## भक्तों को लुभा रहा श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह का गीत



**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामलला को भव्य मंदिर में विराजमान होने में मात्र तीन दिन और 88 घंटे शेष रह गए हैं। चहुंओर प्रभु की आगमन की प्रतीक्षा में आनंदोत्सव छाया है। इसी के बीच श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह गीत श्रद्धालुओं को उल्लास से सराबोर कर रहा है। प्राण प्रतिष्ठा अभियान गीत सोशल मीडिया पर भी तेजी से चल रहा है। लोग एक दूसरे से अभियान गीत शेयर कर रहे हैं। जानिए और पढ़िए क्या है प्राण प्रतिष्ठा अभियान गीत और क्या हैं गीत के बोल –

श्री रघुवर जी के अवधपुरी में,
प्राण प्रतिष्ठा होना है।
निमन्त्रण को स्वीकार करो,
अब सबको अयोध्या चलना है।
जय बजरंगी जय हनुमान,
वन्दे मातरम जय श्री राम।
श्री राम जय राम,जय-जय राम,
वन्दे मातरम, जय श्री राम।

इस मंदिर को पाने हेतु,
बार बार संघर्ष हुआ।
राम भक्तों के बलिदानों से,
मंदिर बन कर खड़ा हुआ।
अब मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा,
धूमधाम से होना है।
निमन्त्रण को स्वीकार करो,
अब सबको अयोध्या चलना है...

प्राण प्रतिष्ठा अभियान गीत राम मंदिर आन्दोलन की गौरव गाथा एवं राम के विराजने के उत्सव का गीत है। सनातन समाज की भावनाओं को परिलक्षित करता है। **-शरद शर्मा, प्रान्तीय प्रवक्ता, विश्व हिंदू परिषद।**

### रामपथ पर लगे मंदिर आंदोलन के नायक सिंघल के कटआउट



**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य पूजन से पूर्व अयोध्या धाम के रामपथ पर राम मंदिर आन्दोलन के नायक विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्वर्गीय अशोक सिंघल के कटआउट लगाए जा रहे हैं। अशोक सिंघल फाऊंडेशन की ओर से रामपथ पर यह बड़े कट आऊट लगाए गए हैं। इनमें अशोक सिंघल का सफेद धोती कुर्ता और गले में गमछा डाले और हाथ जोड़े नमस्कार व अभिवादन की मुद्रा में चित्र है। ऊपर फाऊंडेशन का लोगो और नीचे सभी रामभक्तों का हार्दिक स्वागत लिखा है। विहिप के प्रान्तीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि इस तरह के 100 से अधिक कट आऊट लगाए जा रहे। मंदिर आन्दोलन के नायक कहलाने वाले अशोक सिंघल के कटआउट के जरिए उन्हें याद कर श्रद्धांजलि भी दी जा रही है।

### 500 टन गेंदा के फूलों की लड़ियां बना रहे 1500 माली

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के दौरान रामनगरी को फूलों से सजाने के लिए पिश्चम बंगाल के खड़गपुर से ट्रकों में फूल अयोध्या पहुंच रहे हैं। तकरीबन 500 टन पीले और केसरी रंग के फूलों से मंदिर और मार्गों को सजाया जाएगा। इसके लिए 1500 माली दिल्ली और वाराणसी से आए हैं, जो फूलों की लरिया बनाने के साथ ही श्रीराम लिखा हुआ स्वागत द्वार बनाने का कार्य कर रहे हैं। अयोध्या धाम स्थित पराग रेस्टोरेंट में फूलों की लरियां उतारी गई हैं। देखरेख में जुटे कालीचरण ने बताया कि आरबीएस लॉन समेत तीन जगहों पर फूलों की लरिया तैयार की जा रही है। श्रीराम और सीताराम लिखा हुआ द्वार तैयार किया जा रहा है। दो ट्रक अशोक की पत्तियां भी आई हैं। उन पत्तियों से तोरणद्वार बनाया जाएगा।



# आराध्य को हृदय में बसाए रामधुन में रमा हर श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आज से तीन दिन बाद 22 जनवरी को रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो जाएंगे। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह बढ़ता जा रहा है। जिसकी बानगी गुरुवार को रामनगरी की सड़कों पर देखने को मिली। हर कोई मन में श्रीराम की छवि और होठों पर राम का नाम लेकर यहां आ रहा है और रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का साक्षी बनने के लिए लालायित है। अयोध्या की आध्यात्मिकता और बदलती सूरत को देख आह्लादित और आनंदित है।

अमृत विचार ने जब राम की पैड़ी पर रामनाम के धुन में रमे कुछ श्रद्धालुओं से बात की तो उनके मुंह से सिर्फ यही शब्द निकला- यह पल अविस्मरणीय और अद्भुत है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह का साक्षी बनने के लिए ग्वालियर से यहां पहुंचे श्रद्धालुओं का कहना है कि इतने संघर्षों के बाद अब जब श्रीराम अपने भव्य दिव्य मंदिर में विराजनाम होने जा रहे हैं। हम ही नहीं पूरा देश आह्लादित है। देश के हर कोने में जश्न की तैयारी की जा रही है। हम लोग भी इस स्वर्णिम पल को अपनी नजरों से यहीं रहकर देखना चाहते हैं। यह पल हमारे जीवनकाल का सबसे सौभयशाली पल होगा।


हमारे आराध्य अब अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। इससे बड़ी खुशी की बात क्या हो सकती है। इस खुशी को शब्दों में बयां करना असंभव है। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर ग्वालियर के लोग दिवाली मनाएंगे। 14 जनवरी को यहां आए हैं। यहां बदलाव को देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। **– जयकरन सिंह, श्रद्धालु, ग्वालियर**


रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ ही रामनगरी की आध्यात्मिता अब और बढ़ गई है। पहले जब यहां आते थे तो बिलकुल अच्छा नहीं लगता था। हमारे आराध्य अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। यह पल हमारे लिए सौभाग्यशाली पल है। हम लोग इसे उत्सव के रूप में मनाएंगे। **– हरिबाबू सिंह, श्रद्धालु ग्वालियर**


प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर यहां जो अजब सा उत्साह देखने को मिल रहा है। वह आनंदित करने वाला है। श्रीराम नेपालवासियों के दामाद हैं। अब जब रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं तो इससे ज्यादा खुशी हमारे लिए और क्या हो सकती है... यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। **– लोकेंद्र बहादुर मल्ला, श्रद्धालु, धनगढ़ी, नेपाल**



जय श्रीराम का उद्घोष करता प्राण-प्रतिष्ठा में भाग लेने के लिए पुणे (महाराष्ट्र) से आया श्रद्धालुओं का दल। अमृत विचार



### 4000 महिलाओं ने राम की पैड़ी पर किया दुरदुरिया पूजन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव सकुशल संपन्न हो, इसके लिए गुरुवार को राम की पैड़ी पर चार हजार महिलाओं ने दुरदुरिया पूजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत महापौर व तीन कलश तिवारी मंदिर के महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने की। यह आयोजन वशिष्ठ फाउंडेशन की सचिव राजलक्ष्मी त्रिपाठी के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की धर्मपत्नी नम्रता पाठक भी शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि देशवासियों के लिए 22 जनवरी सबसे बड़ा दिन है। हम सभी की मनोकामना पूरी हो रही है। श्रीराम भव्य मंदिर में विराजमान हो रहे हैं। इस अवसर पर हम बहनों ने अवसान माता की पूजा कर सुख समृद्धि और शांति की कामना की है। 15-15 की टोली में 251 समूह में 4000 महिलाओं ने एक साथ विधि विधान पूर्वक पूजन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, आभा सिंह, सीमा तिवारी, सरिता सिंह, आंचल मिश्रा, रूबी पोद्दार, सुभाषनी अवस्थी, बिंदु सिंह, प्रियंका अवस्थी सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं।

# 17 साल से सिर्फ एक काम सरयू तीरे लिख रहे राम-राम

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या में राम नाम की धूनि रमाने वालों की कमी नहीं है, अगर देखना है तो रामनगरी चले आइये। यहां एक साधु ऐसे हैं जो 17 वर्षों से राम का नाम लिखते आ रहे हैं। ड्राइंग पेपर पर अलग-अलग पैटर्न पर लाल और हरे पेन से अपने आराध्य को जीवंत कर रहे हैं। बलिया जिले के रहने वाले विनोद मिश्र बताते हैं कि 2006 में उन्हें प्रयाग मेले के दौरान एक संत से राम नाम लिखने की प्रेरणा मिली। इसके बाद उन्होंने परिवार को छोड़ दिया और अयोध्या आकर राम-राम लिखने लगे। उन्होंने बताया कि वह कभी भी चित्रकला में रुचि नहीं रखे, लेकिन आराध्य के प्रति ऐसी लगन लगी कि खुद ब खुद राम-राम लिखते-लिखते चित्र बनने लगा। नया घाट पर ही रहते हैं। खाने को कुछ मिल गया तो ठीक नहीं सरयू का जल पीकर ही वह अपनी भूख मिटा लेते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में मंदिर निर्माण का कार्य प्रशस्त कर दिया है। इसलिए अब वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या धाम जी में आ रहे हैं लिख रहे हैं। इसमें भी एक-एक शब्द राम-राम से बनाया गया है। उन्हें लखनऊ विश्विवद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय की तरफ से राम शब्द से बने विभिन्न रूपों का अद्भुत सुलेखन के लिए प्रशिस्त पत्र भी मिल चुका है।


विनोद मिश्र अब राम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिख रहे हैं।

**रामोत्सव** — आस्था के साथ सम्भाल रहे हैं पिता की विरासत, राग-भोग के लिए तैयार करते हैं प्रसाद सामग्रियां

# रामनाम से 'काज' शुरू करता है 'सीताराम' का परिवार...

अंकित सेन, अयोध्या

**अमृत विचार :** राम से बड़ा राम का नाम... इसी आस्था और विश्वास के साथ हर कोई अपने दिन की शुरूआत रामनाम से करता है, लेकिन रामनगरी के रहने वाले सीताराम का परिवार अपने दिन की शुरूआत ही रामकाज से करते हैं। रामकोट स्थित अमावा मंदिर के सामने श्रीरामलला भोग प्रसादम के नाम से मिष्ठान की दुकान चलाने वाले सीताराम यादव 70 सालों से रामलला के भोग प्रसाद के लिए रबड़ी व पेड़ा तैयार कर रहे हैं। अब रामलला 22 जनवरी को अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं, इसको लेकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है। उनका कहना है कि 70 सालों की तपस्या का इससे बढ़कर कोई फल नहीं है।

बुजुर्ग हो चुके सीताराम यादव का कहना है कि उनका परिवार बड़े ही आस्था से रामलला के राग-भोग तैयार करता है। इसके लिए प्रतिदिन पांच किलो रबड़ी, ढाई किलो पेड़ा व साढ़े तीन किलो दूध मंदिर में जाता है। प्रभु के लिए तैयार किया जाने वाले प्रसाद बड़ी स्वच्छता व शुद्धता के साथ बनाया जाता है। इसके लिए सुबह से ही दूध कढ़ाई पर चढ़ा दिया जाता है। दिन भर प्रक्रिया चलने के बाद रबड़ी और पेड़ा तैयार किया जाता है। कर्मचारी आता है और डिब्बे में सारा सामान लेकर मंदिर के लिए चला जाता है। उनका कहना है कि अब सुबह के अलावा जरूरत पड़ने पर जब कहा जाता है तो और भी सामान तैयार कराया जाता है।


रामलला के राग-भोग के लिए मिष्ठान्न तैयार करने के लिए पकाया जा रहा दूध व मिष्ठान्न।

▸▸ 70 वर्षों से रामलला के भोग के लिए समर्पित है परिवार




सीताराम यादव।

### 35 वर्षों तक परिसर में रही दुकान, जाती थी एक किलो रबड़ी

सीताराम यादव ने बताया कि रामलला के राग-भोग के लिए रबड़ी, पेड़ा व अन्य प्रसाद सामग्री बनाते हुए 70 वर्ष बीत गए। इससे पहले 35 वर्षों तक जन्मभूमि परिसर स्थित दुकान से सारा सामान तैयार होकर जाता रहा। वह अपने पिता धनपत यादव के साथ दुकान पर जाकर प्रसाद सामग्री तैयार करते थे। जब प्रभु टेंट में थे तो सीमित मात्रा में रबड़ी, पेड़ा व दूध जाया करता था। अब प्रतिदिन पांच किलो रबड़ी, ढाई किलो पेड़ा व साढ़े तीन किलो दूध तैयार कर भेजा जाता है। उन्होंने बताया कि भेजी जा रही प्रसाद सामग्री के बाबत श्रद्धा के साथ जो मिल जाता है, उसे स्वीकार कर लेते हैं।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,186.86 | 21,462.25 |
| नुकसान | 313.90 | 109.70 |
| प्रतिशत में | 0.44 | 0.51 |

# कारोबार/कृषि

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शुक्रवार, 19 जनवरी 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 815 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14300-14500 |
| अरहरस्पेशल1 | 12000-12200 |
| चनादाल | 6600-6700 |
| मटरदाल | 5450-5500 |
| मसूरमलका | 7000-7100 |
| मसूरदाल | 7000-7100 |
| उड़ददाल | 9000- 12000 |
| उड़द धोवा | 10500- 13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 9100 - 11000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 7000 - 8000 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5050-5100 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

### आरबीआई के बुलेटिन लेख में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जताई गई उम्मीद

# आर्थिक वृद्धि दर बेहतर रहने का अनुमान

मुंबई, एजेंसी

देश की आर्थिक वृद्धि दर 2023-24 में उम्मीद से कहीं बेहतर रहने का अनुमान है। साथ ही सरकार के पूंजीगत व्यय पर जोर से निजी निवेश बढ़ना शुरू हुआ है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में यह कहा गया है। 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर प्रकाशित लेख में कहा गया है कि विश्व अर्थव्यवस्था को लेकर निकट भविष्य में वृद्धि के मामले में संभावनाएं अलग-अलग हैं और एशिया के नेतृत्व में उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाएं बाकी दुनिया से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

इसमें कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 2023-24 में उम्मीद से अधिक मजबूत रहने का अनुमान है। यह वृद्धि उपभोग से निवेश की ओर बदलाव पर आधारित है। रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल देबव्रत पात्र की अगुवाई वाली टीम द्वारा लिखे गए इस लेख में कहा गया है कि सरकार ने बढ़-चढ़कर पूंजीगत व्यय किया है, उसका असर दिखने लगा है। इससे निजी निवेश बढ़ना शुरू हुआ है। देश में संभावित उत्पादन में तेजी आ रही है। वास्तविक उत्पादन इससे अधिक है। हालांकि, अंतर बना हुआ है लेकिन वह कम है।

लेख में कहा गया है-वृहद आर्थिक मोर्चे पर स्थिरता है। ऐसे में 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्ध दर कम-से-कम सात प्रतिशत बनाए रखकर इस गति को बनाए रखना चाहिए। इसको देखते हुए मुद्रास्फीति को इस साल की दूसरी तिमाही के लक्ष्य के अनुरूप रखने की जरूरत है।

आरबीआई के लेख के अनुसार, साथ ही वित्तीय संस्थानों के बही-खातों को मजबूत बनाने और संपत्ति गुणवत्ता में और सुधार की जरूरत है। इसके साथ राजकोषीय और अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन के स्तर पर खातों में मजबूत का जो दौर चल रहा है, उसे बनाए रखने की आवश्यकता है। इसमें कहा गया है-जो बदलावकारी प्रौद्योगिकी के लाभ हैं, उसका उपयोग एक मजबूत जोखिम-मुक्त परिवेश में समावेशी विकास के लिए किया जाना चाहिए।

### पूंजीगत व्यय से निवेश के लिए सकारात्मक माहौल बना



आरबीआई बुलेटिन में छपे लेख के अनुसार-सबसे महत्वपूर्ण, सरकारी पूंजीगत व्यय से निवेश के लिए जो सकारात्मक माहौल बना है, उसमें कंपनियों की भागीदारी और यहां तक की इस मामले में उनकी अगुवाई जरूरी है। साथ ही पूरक के रूप में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी होना चाहिए। लेख में कहा गया है कि अभी जो वैश्विक परिदृश्य कमजोर बना हुआ है, अगर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जारी तनाव खत्म होता है और उसके प्रभाव को जिंस और वित्तीय बाजार, व्यापार तथा परिवहन एवं आपूर्ति नेटवर्क के जरिये काबू किया जाता तो स्थिति बेहतर हो सकती है। आरबीआई ने यह साफ किया है कि बुलेटिन में प्रकाशित विचार लेखकों के हैं और यह केंद्रीय बैंक के विचारों को प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

# भारत में हवाई यात्रियों की संख्या 2030 तक 30 करोड़ होने की उम्मीद : सिंधिया

हैदराबाद, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय विमानन मंत्री ने विंग्स इंडिया 2024 के सम्मेलन को किया संबोधित

केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 2030 तक बढ़कर सालाना 30 करोड़ होने की उम्मीद है। यह आंकड़ा 2023 में 15.3 करोड़ था। सिंधिया ने यहां नागरिक विमानन सम्मेलन और प्रदर्शनी-'विंग्स इंडिया 2024' के उद्घाटन सत्र में कहा कि देश में हवाई अड्डों और बंदरगाहों की संख्या मौजूदा 149 से बढ़कर 200 से अधिक हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक सालाना 30 करोड़ यात्रियों के साथ भारत में विमानन पहुंच 10 से 15 प्रतिशत होगी। इस तरह यहां वृद्धि की गुंजाइश आगे भी बनी रहेगी।



उन्होंने कहा कि पिछले दशक में घरेलू हवाई यात्री यातायात में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 6.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को यहां आयोजित विंग्स इंडिया-2024 के मौके पर एयरबस के सहयोग से स्थापित जीएमआर स्कूल ऑफ एविएशन की भी ऑनलाइन शुरुआत की।

### 2,840 नए विमान, 41 हजार पायलट की जरूरत

भारत को अगले 20 साल में 2,840 नए विमानों और 41,000 पायलटों की जरूरत होगी। एयरबस भारत और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रेमी मेलार्ड यह अनुमान जताते हुए कहा कि साथ ही देश में 47,000 तकनीकी कर्मचारियों की आवश्यकता भी होगी। उन्होंने विमानन सम्मेलन एवं प्रदर्शनी - 'विंग्स इंडिया 2024' के मौके पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एयरबस इस दशक के अंत तक भारत से अपनी सोर्सिंग को मौजूदा 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर से दोगुना कर 1.5 अरब डॉलर कर देगी।

उन्होंने कहा कि पिछले साल एयरबस को 750 विमानों का ऑर्डर मिला और उसने भारतीय एयरलाइन कंपनियों को 75 विमानों की आपूर्ति की।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 73,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,875 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,550-47,750 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,500 |
| चांदी तैयार | 73,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,400 |
| चांदी पक्की | 729 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,500 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

## डब्ल्यूटीओ में खाद्यान्न के सार्वजनिक भंडारण के मुद्दे का हो समाधान

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में खाद्यान्न के सार्वजनिक भंडारण पर स्थायी समाधान निकलने तक कृषि से संबंधित किसी भी अन्य मुद्दे पर बातचीत नहीं करेगा। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। खाद्यान्न के सार्वजनिक भंडारण का मुद्दा डब्ल्यूटीओ के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी) में प्रमुखता से उठेगा। डब्ल्यूटीओ के शीर्ष निकाय की 26-29 फरवरी को अबू धाबी में बैठक होने वाली है।

अधिकारी ने अबू धाबी बैठक के संदर्भ में कहा-खाद्यान्न का सार्वजनिक भंडारण का मुद्दा सबसे लंबे समय से लंबित है। बाली में हुए पिछले सम्मेलन में सदस्यों ने इसके समाधान का वादा किया था और बाद में हुए सम्मेलनों में भी इसका समर्थन किया गया। अधिकारी ने कहा कि इस मुद्दे पर कोई समाधान आए बगैर भारत कृषि से संबंधित किसी भी अन्य मुद्दे पर चर्चा में भाग नहीं लेंगे। उन्होंने कहा-यह हमारा पहला सवाल है। विकसित देशों ने राशन की दुकानों से वितरण के लिए सरकार द्वारा प्रशासित मूल्य पर किसानों से चावल और गेहूं की खरीद जैसे कार्यक्रमों पर सवाल उठाए हैं।

### सैमसंग नोएडा में गैलेक्सी एस24 श्रृंखला के स्मार्टफोन बनाएगी

**नई दिल्ली।** कोरियाई इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता सैमसंग घरेलू बिक्री के साथ ही निर्यात के लिए अपने भारतीय कारखाने में नवीनतम कृत्रिम बुद्धिमत्ता से युक्त गैलेक्सी एस24 श्रृंखला के स्मार्टफोन बनाएगी। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। कंपनी ने अपने नवीनतम फ्लैगशिप स्मार्टफोन - गैलेक्सी एस24 सीरीज का अनावरण किया। इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित अनुप्रयोगों पर खासतौर से ध्यान दिया गया है। इसमें हिंदी सहित चुनिंदा भाषाओं में तत्काल वॉयस कॉल और संदेश अनुवाद जैसे फीचर शामिल हैं।

## कोल इंडिया की अनुषंगियों को इक्विटी निवेश की मिली मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ मंत्रिमंडलीय समिति ने मोदी की अध्यक्षता में लिया निर्णय

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने 2,260 मेगावाट क्षमता वाली दो ताप-विद्युत परियोजनाएं स्थापित करने के लिए साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स (एसईसीएल) एवं महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) को 5,607 करोड़ रुपये के इक्विटी निवेश की बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई सीसीईए की बैठक में सरकारी स्वामित्व वाली इन दोनों इकाइयों को इक्विटी निवेश की मंजूरी देने का निर्णय लिया गया। ये दोनों सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया की अनुषंगी हैं।

बयान के मुताबिक, एसईसीएल मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी (एमपीपीजीसीएल) के साथ संयुक्त उद्यम के जरिये 660 मेगावाट क्षमता वाला एक ताप-विद्युत संयंत्र स्थापित करेगी। मध्य प्रदेश के अमरकंटक में प्रस्तावित इस संयंत्र का अनुमानित पूंजीगत खर्च 5,600 करोड़ रुपये होगा।

### इच्छुक निर्यातकों को सूचना उपलब्ध कराने के लिए शुरू होगा पोर्टल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय 'आकांक्षी' निर्यातकों के लिए सीमा शुल्क के बारे में विवरण सहित सभी प्रासंगिक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए अगले दो-तीन महीनों में एक ऑनलाइन मंच शुरू करेगा। विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि पोर्टल निर्यात गतिविधियों से जुड़ने के बारे में एक ही जगह पर सभी जानकारियां उपलब्ध कराने का काम करेगा। ट्रेड कनेक्ट ई-प्लेटफॉर्म नए और इच्छुक निर्यातकों के लिए सुविधा, विभिन्न बाजारों, क्षेत्रों, निर्यात रुझान के बारे में जानकारी देने के साथ विभिन्न नियमों के बारे में भी सूचना देगा।



# पारदर्शी व्यवस्था से गरीबी कम हुई: मोदी

### प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार द्वारा अपनाई गई पारदर्शी व्यवस्था, ईमानदार प्रयासों और जनभागीदारी पर जोर देने की वजह से पिछले नौ साल में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संवाद के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी यह नहीं सोच सकता था कि भारत में गरीबी कम हो सकती है लेकिन गरीबों ने दिखाया है कि यदि उन्हें संसाधन दिए जाएं तो यह हो सकता है।

उन्होंने कहा कि सरकार पर लोगों का भरोसा हर जगह दिखाई



दे रहा है। गरीबी के आंकड़ों में आई गिरावट को रेखांकित करने वाली नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि भारत ने गरीबों की मदद करने के लिए अन्य देशों के सामने एक मॉडल पेश किया है और दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि यह बहुत उत्साहजनक रिपोर्ट है।

मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को उनकी कल्पना से परे सफलता मिली है और यह दो महीने में ही एक जन आंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा-विकसित भारत संकल्प यात्रा पहले 26 जनवरी तक चलने वाली थी लेकिन इसको लोगों का इतना समर्थन मिला है कि अब लोगों की मांग हैं कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी हमारे गांव में भी आनी चाहिए। इसलिए मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को फरवरी में भी चलाएंगे। उन्होंने कहा कि 'विकास रथ' पहले ही 70-80 प्रतिशत पंचायतों तक पहुंच चुका है, जिससे लोगों में यह विश्वास पैदा हुआ है कि कोई भी व्यक्ति इसके लाभ से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि अभी तक 15 करोड़ लोग इससे जुड़ चुके हैं।

### गरीबी कम होने का आंकड़ा गलत : सुप्रिया श्रीनेत



कांग्रेस ने पिछले नौ साल में 24.82 करोड़ लोगों के बहुआयामी गरीबी से बाहर निकलने संबंधी आंकड़े को गलत करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि नीति आयोग का परिचर्चा पत्र वैश्विक मानकों से हटकर तैयार किया गया है तथा किसी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी ने इसकी पुष्टि नहीं की है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यह दावा भी किया कि सरकार ने 25 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज और दूसरी योजनाओं से वंचित करने की साजिश रची है। नीति आयोग के परिचर्चा पत्र के अनुसार, देश में बहुआयामी गरीबी 2013-14 में 29.17 प्रतिशत थी जो 2022-23 में घटकर 11.28 प्रतिशत रही। इसके साथ इस अवधि के दौरान 24.82 करोड़ लोग इस श्रेणी से बाहर आए हैं।

### स्कूलों भर्ती में अनियमितताओं के मामले में ईडी की छापेमारी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के स्कूलों में भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में कोलकाता और उसके आसपास सात स्थानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घोटाले में कथित तौर पर बिचौलिए के रूप में काम करने वाले लोगों के आवासों और कार्यालयों पर छापे मारे जा रहे हैं। ईडी के अधिकारी ने बताया-ये बिचौलिये धन इकट्ठा करते थे और इसे विभिन्न ठिकानों पर स्थानांतरित करते थे। हम उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए आवासों और कार्यालयों पर छापेमारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में केंद्रीय बलों के साथ, ईडी अधिकारियों ने कोलकाता के न्यू टाउन और नयाबाद में छापेमारी अभियान शुरू किया।

# 5 दोषियों ने आत्मसमर्पण के लिए और मांगा वक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

**बिलकीस बानो मामला**

▸▸ दोषियों ने उच्चतम न्यायालय में दायर की याचिका

गुजरात में 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के 7 सदस्यों की हत्या के मामले के 5 दोषियों ने उच्चतम न्यायालय में बृहस्पतिवार को याचिका दाखिल कर आत्मसमर्पण के लिए और वक्त दिए जाने का अनुरोध किया।

उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को आठ जनवरी को रद कर दिया था और दोषियों को दो सप्ताह के अंदर जेल भेजने का निर्देश दिया था। आत्मसमर्पण की समय सीमा बढ़ाने की मांग के कारणों में खराब



स्वास्थ्य, आसन्न सर्जरी, बेटे की शादी और पकी फसल की कटाई शामिल है।

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ के समक्ष और वक्त दिए जाने संबंधी मामले का उल्लेख किया गया। इस पर पीठ ने रजिस्ट्री को याचिका प्रधान न्यायाधीश के समक्ष पेश करने को कहा। पीठ ने कहा-प्रतिवादियों की ओर से यह कहा गया है कि आत्मसमर्पण करने और जेल जाने के लिए समय बढ़ाने संबंधी अर्जियां दाखिल की गई हैं। पीठ का पुनर्गठन किया जाना है और क्योंकि रविवार को समय समाप्त हो रहा है, इसलिए रजिस्ट्री को पीठ के पुनर्गठन के लिए प्रधान न्यायाधीश से आदेश लेने की जरूरत है। कुछ दोषियों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील वी. चिताम्बरेश ने मामले का उल्लेख किया और इसे शुक्रवार को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की, क्योंकि आत्मसमर्पण करने की समय सीमा 21 जनवरी को समाप्त हो रही है।

जिन पांच दोषियों ने राहत मांगी है, उनमें गोविंद नाई, प्रदीप मोरधिया, बिपिन चंद्र जोशी, रमेश चांदना और मितेश भट्ट शामिल हैं। नाई ने अपनी याचिका में कहा, "प्रतिवादी स्वयं एक बूढ़ा व्यक्ति है जो अस्थमा से पीड़ित है और उसका स्वास्थ्य वास्तव में खराब है। प्रतिवादी का हाल ही में ऑपरेशन किया गया था और उसे एंजियोग्राफी से गुजरना पड़ा था।

## एक नजर

### ईडी ने 36 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने जम्मू-कश्मीर बीमा घोटाले के सिलसिले में दो कंपनियों- रिलायंस जनरल इंश्योरेंस और ट्रिनिटी रीइंश्योरेंस ब्रोकर्स की 36 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की सावधि जमाएं और जमीन कुर्क की है। केंद्रीय एजेंसी ने संपत्ति कुर्क करने के लिए धन शोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया है।

### टीएमसी को रैली निकालने की मिली अनुमति

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन ही यहां 'संप्रीति रैली' आयोजित करने की बृहस्पतिवार को अनुमति दे दी। अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि रैली के दौरान शांति बनी रहे। अदालत ने 22 जनवरी को राज्य में अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती के लिए याचिकाकर्ता एवं पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के अनुरोध पर कोई आदेश पारित नहीं किया।

## अग्निपथ योजना के रिकॉर्ड साझा करने से इनकार करने के फैसले पर करें पुनर्विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय सूचना आयोग ने रक्षा मंत्रालय को दिया निर्देश

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने रक्षा मंत्रालय को सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत 'अग्निपथ' सैन्य भर्ती योजना से संबंधित रिकॉर्ड का खुलासा करने से इनकार करने के फैसले पर दोबारा विचार करने का निर्देश दिया है।

मंत्रालय ने इस आधार पर रिकॉर्ड साझा करने से इनकार कर दिया कि संबंधित फाइल गोपनीय हैं। अग्निपथ योजना पर विचार-विमर्श के रिकॉर्ड मांगने वाले कार्यकर्ता विहार दुर्वे द्वारा दायर एक आरटीआई आवेदन के जवाब में, रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि फाइल को गोपनीय के रूप में वर्गीकृत किया गया था और आरटीआई अधिनियम की धारा 8 (1) (ए) के अनुसार इसका खुलासा नहीं किया जा सकता है। यह धारा एक सरकारी प्राधिकरण को ऐसी जानकारी साझा करने से इनकार करने की अनुमति देती है, जिसके प्रकटीकरण से भारत की संप्रभुता और अखंडता, राष्ट्र की सुरक्षा, रणनीतिक, वैज्ञानिक या आर्थिक हितों, अन्य देशों के साथ संबंध पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। दुर्वे ने दलील




दी कि गोपनीय शब्द का उल्लेख छूट खंड में कहीं नहीं है, जिसके तहत किसी आवेदक को जानकारी देने से इनकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केवल यह कहना कि सूचना का एक हिस्सा गोपनीय है, अधिनियम की धारा 8(1)(ए) को लागू करके सूचना से इनकार करने के लिए पर्याप्त नहीं है। सूचना आयुक्त विनोद कुमार तिवारी ने कहा-रिकॉर्ड के अवलोकन से यह पता चला कि प्रतिवादी (सीपीआईओ, रक्षा मंत्रालय) ने जानकारी देने से इनकार कर दिया था, लेकिन वे यह बताने में विफल रहे कि उनके द्वारा दावा की गई छूट तत्काल मामले में कैसे लागू होगी।

उन्होंने कहा कि प्रतिवादी को आरटीआई आवेदन पर दोबारा गौर करने और आरटीआई अधिनियम की लागू छूट के अनुसार संशोधित जानकारी या उत्तर प्रदान करने का निर्देश दिया जाता है।

## उत्तर, पूर्वोत्तर भारत में कोहरे के कारण रेल यातायात प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

उत्तर और पूर्वोत्तर भारत में कुछ स्थानों पर घने कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर शून्य रहा, जिससे रेल यातायात प्रभावित रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों में दिखाई दिया कि बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में कोहरे में कुछ कमी आई है वहीं पंजाब, हरियाणा, पश्चिम राजस्थान, बिहार, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और असम के कुछ हिस्सों में 'घने' से 'बेहद घना' कोहरा छाया रहा। भारतीय रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि कोहरे के कारण दिल्ली आने वाली 18 रेलगाड़ियां छह घंटे तक की देरी से चल रही हैं। सुबह पांच बजकर 30 मिनट पर पटियाला, अमृतसर, अंबाला, हिसार, बीकानेर और पूर्णिया में दृश्यता का स्तर 25 मीटर और चुरू, गंगानगर, झांसी, रांची, पारादीप और लखीमपुर में 50 मीटर था। दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे के पास पालम वेधशाला में दृश्यता का स्तर 50 मीटर तक सीमित था। सुबह साढ़े आठ बजे तक यह सुधरकर 350 मीटर हो गया।

### कांग्रेस विधायक खैरा के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा को स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम से जुड़े 2015 के मामले में जमानत देने संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पंजाब सरकार की अपील बृहस्पतिवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि वह पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के चार जनवरी के आदेश में हस्तक्षेप करने को इच्छुक नहीं हैं। पीठ ने पंजाब सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा से कहा कि हालांकि खैरा के खिलाफ आरोप गंभीर हैं लेकिन मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए वह उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप नहीं करेगी।

### कोचिंग में अचानक बेहोश होने के बाद 20 वर्षीय छात्र की मौत

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे 20 वर्षीय एक छात्र की एक कोचिंग संस्थान में पढ़ाई के दौरान हृदय संबंधी विकार के चलते अचानक बेहोश होने के बाद मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। छात्र के बेहोश होने की घटना कोचिंग संस्थान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर आ गया है। इस वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि कोचिंग संस्थान में छात्र महज 30 सेकंड के भीतर बेहोश होकर टेबल पर गिर जाता है और उसके सहपाठी हक्का-बक्का रह जाते हैं।

# असम सरकार और मुख्यमंत्री भारत में सबसे भ्रष्ट

शिवसागर/जोरहाट (असम), एजेंसी

▸▸ भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किया दावा

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के असम में प्रवेश करने के बाद, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि देश में शायद सबसे भ्रष्ट सरकार और सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री इस राज्य में है। यात्रा के नगालैंड से असम में प्रवेश करने के बाद, राहुल ने शिवसागर जिले में लोगों को संबोधित करते हुए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की आलोचना की तथा कहा कि वे नफरत फैला रहे हैं और जनता का पैसा लूट रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा-शायद, भारत में सबसे भ्रष्ट सरकार असम में है। आप जानते हैं कि यहां क्या



हो रहा है। हम भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान असम के मुद्दों को उठाएंगे। दोपहर में, राहुल ने जोरहाट जिले के नाकाचारी के देबेरेरापार में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया और आरोप लगाया कि आदिवासियों, चाय बागान के श्रमिकों और असम के अन्य मूल निवासियों के खिलाफ भाजपा नीत सरकार कई अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा-असम में भ्रष्टाचार धड़ल्ले से हो रहा है।

जोरहाट शहर में, अपने तीसरे संबोधन में संध्या काल के दौरान राहुल ने आरोप लगाया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा का पूरा परिवार भ्रष्टाचार में लिप्त है। कहा-उनकी संतान, वह खुद और उनकी पत्नी--सभी किसी ना किसी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

### गांधी परिवार भारत में सबसे भ्रष्ट : हिमंत विश्व शर्मा



असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि गांधी परिवार देश में सबसे भ्रष्ट है। उनका यह बयान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस आरोप के बाद आया है कि असम में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार देश में सबसे भ्रष्ट है। मुख्यमंत्री ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा-गांधी परिवार देश का सबसे भ्रष्ट परिवार है। यह 'न्याय यात्रा' नहीं, 'मियां यात्रा' है। जहां भी मुसलमान हैं, वे उन जगहों पर जाते हैं। 'मियां' मूल रूप से असम में बांग्ला भाषी मुसलमानों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक अपमानजनक शब्द है। हाल के वर्षों में समुदाय के कार्यकर्ताओं ने अवज्ञा के संकेत के रूप में इस शब्द को अपनाना शुरू कर दिया है। गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ी न्याय यात्रा' ने आज दिन में नगालैंड से असम में प्रवेश किया।

# रिटायर्ड हर्ट या रिटायर्ड आउट... रोहित ने दिखाई सूझबूझ

## अफगानिस्तान के खिलाफ आखिरी टी-20 में रोहित के पवेलियन लौटने पर उठ रहे सवाल

बेंगलुरू, एजेंसी

रोहित शर्मा रिटायर्ड हर्ट हुए या रिटायर्ड आउट। अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे और आखिरी टी-20 मैच में पहले सुपर ओवर की आखिरी गेंद से पहले जब भारतीय कप्तान पवेलियन लौटे तो सभी के जेहन में यही सवाल था। असल में रोहित ने जबर्दस्त सूझबूझ और टीम भावना का प्रदर्शन किया। भारत को मैच जीतने के लिए आखिरी गेंद पर दो रन चाहिए थे और वह चाहते थे कि विकेटों के बीच दौड़ में बेहतर रिंकू सिंह मैदान पर आएं। दूसरे सुपर ओवर में रोहित फिर रिंकू के साथ पारी का आगाज करने उतरे।



### नियम के अनुसार दूसरे सुपर ओवर में बल्लेबाजी नहीं कर सकते थे रोहित

नियमों के अनुसार एक बल्लेबाज रिटायर्ड आउट हो जाए तो दूसरे सुपर ओवर में वह दोबारा बल्लेबाजी के लिए नहीं आ सकता। ऐसे में रोहित दूसरे सुपर ओवर में बल्लेबाजी के लिए कैसे उतरे। एक मैच अधिकारी ने बताया कि विरोधी कप्तान या कोच को कोई ऐतराज न हो तो बल्लेबाज दूसरे सुपर ओवर में फिर आ सकता है।

### नियमों की जगह खेल पर हो चर्चा : ट्रॉट

अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि क्या हुआ, रोहित रिटायर्ड हर्ट हुए या आउट। क्या कभी दो सुपर ओवर हुए हैं। हम नये नियम बनाते रहते हैं और उन्हें परखते रहते हैं। उन्होंने कहा कि हमें नियम नहीं बताया गया था। भविष्य में इस तरह की चीजों की सूचना लिखित में दी जानी चाहिए। वैसे हमने अच्छा खेला और मुझे नहीं लगता कि चर्चा नियमों पर होनी चाहिए।

### रोहित ने अंतरात्मा की आवाज सुनकर लिया साहसिक फैसला

बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड ने रोहित शर्मा प्रशंसा की करते हुए कहा कि उन्होंने दूसरे सुपर ओवर में अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए रवि बिश्नोई के साथ जाने का साहसिक निर्णय लिया, जो सही साबित हुआ। रोहित ने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी। शायद उन्होंने यह सोचा होगा कि स्पिनर के दो विकेट लेने की संभावना अधिक है। एक ओवर में 12 रन बनाना मुश्किल नहीं होता। विशेषकर जिस तरह की जानदार शॉट लगाने की क्षमता अफगानिस्तान के पास है, उसे देखते हुए तो वह आसानी से इस लक्ष्य तक पहुंच जाते। अफगानिस्तान को रोकने का एकमात्र रास्ता यही था कि उनके दोनों विकेट निकाले जाएं।



# विश्व कप टीम तय नहीं पर 8-10 खिलाड़ी पक्के

बेंगलुरू, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के लिए भारत की टीम अब तक तय नहीं है लेकिन कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि उन्हें दस खिलाड़ी पता है जो टीम का हिस्सा होंगे। उन्होंने कहा कि जब हम वनडे विश्व कप खेल रहे थे तब हमने टी-20 में कई लड़कों को आजमाया। उन्होंने अच्छा भी खेला लेकिन टीम की घोषणा हुई तो कुछ बाहर रह गए। उनके लिए यह निराशाजनक था लेकिन हमारा काम टीम के सामने हर चीज स्पष्ट रखना है।

उन्होंने कहा कि 25-30 खिलाड़ियों के पूल में सभी को पता है कि उनसे क्या अपेक्षा है। हमने विश्व कप के लिए टीम तय नहीं की है लेकिन दिमाग में तो पता है कि 8-10 खिलाड़ी कौन होंगे जो चुने ही जाएंगे।

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन से टीम को जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए कई विकल्प मिल गए हैं। कुछ पहलुओं पर काम करना होगा और इस पर विचार कर रहे हैं। जून में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले यह इस प्रारूप में भारत का आखिरी मैच था।

### वेस्टइंडीज की पिच के हिसाब से चुनी जाएगी टीम

अधिकांश मैच वेस्टइंडीज में होंगे, जहां पिचें धीमी हैं। रोहित ने कहा कि वेस्टइंडीज में धीमी पिचें हैं तो उसके अनुसार टीम चुननी होगी। हमने टीम में स्पष्टता रखी है। कप्तानी से सीखा है कि आप सभी को खुश नहीं रख सकते। आपको टीम की जरूरत पर फोकस करना होगा।

### गेंदबाजों को दबाव में लाने के लिए लेना पड़ता है जोखिम

पहले दोनों मैचों में खाता भी नहीं खोल सके रोहित ने तीसरे मैच में रिकॉर्ड पांचवां टी-20 शतक जमाया। उन्होंने कहा कि वह नेट पर काफी मेहनत कर रहे थे। गेंदबाजों को दबाव में लाने के लिए कुछ जोखिम भरे शॉट खेलने पड़ते हैं। गेंद जब स्पिन लेती है और आप सीधा नहीं खेल सकते तो कुछ नया करना पड़ता है। मैंने रिवर्स स्वीप का काफी अभ्यास किया है और टेस्ट में भी यह शॉट लगाया है।

# ब्लिंकोवा ने एलीना को हराकर किया बड़ा उलटफेर

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पिछले साल की उप विजेता को दी शिकस्त, स्वियातेक तीसरे दौर में पहुंचीं

मेलबर्न, एजेंसी

शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने तीसरे सेट में 1-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 2022 की उपविजेता डेनियेले कोलिंस को 6-4, 3-6, 6-4 से हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। दूसरे दौर के अन्य मुकाबलों में 57वीं रैंकिंग की अन्ना ब्लिंकोवा ने पिछले साल उप विजेता रहीं और 2022 विंबलडन चैंपियन एलीना रिबाकिना को महिला ग्रैंडस्लैम के सबसे लंबे टाईब्रेकर में 6-4, 4-6, 7-6 (20) से हराकर उलटफेर किया। यह 42 अंक के लिहाज से महिला मेजर का सबसे बड़ा टाईब्रेकर रहा।

चार बार की मेजर विजेता स्वियातेक का सामना अब 50वीं रैंकिंग पर काबिज लिंडा नोस्कोवा से होगा, जिन्होंने अमेरिकी क्वालीफायर मैकार्टने केसलर पर 6-3, 1-6, 6-4 से जीत हासिल की। स्वियातेक ने शुरूआत अच्छी की और पहला सेट जीत लिया लेकिन अमेरिका की कोलिंस ने दूसरा सेट जीतकर वापसी की। वह तीसरे सेट में भी आगे थी लेकिन स्वियातेक ने अपना सारा अनुभव लगाकर उस पर विराम लगाया।



मैच जीतने के बाद अन्ना ब्लिंकोवा। • एजेंसी

### पांचवीं रैंकिंग पर काबिज जेसिका का सफर खत्म

पांचवीं रैंकिंग पर काबिज जेसिका पेगुला का सफर क्लारा बुरेल से 4-6 2-6 से हारकर खत्म हो गया। उनकी अमेरिकी साथी स्लोआने स्टीफंस ने 14वीं वरीय दारिया कासातकिना को 4-6, 6-3, 6-3 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। येलेना ओस्टपेंको, झेंग किनवेन, एलिना स्वितोलिना और एम्मा नवारो भी अपने मुकाबले जीतने में सफल रही। वहीं 2021 अमेरिकी ओपन चैम्पियन एम्मा राडूकानू को वांग याफान से 4-6 6-4 4-6 से हार मिली।



### अल्कराज पहला सेट गंवाकर वापसी करते हुए जीते



पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्काराज ने टूर्नामेंट में पहली बार एक सेट गंवाया लेकिन वापसी करते हुए लोरेंजो सोनेगो को 6-4, 6-7 (3), 6-3, 7-6 (3) से मात दी और अब उनका सामना चीन के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले शांग जुनचेंग से होगा जिन्होंने भारत के सुमित नागर को हराकर बाहर किया। आर्थर काजॉक्स ने होल्गर रूने को 7-6 (4), 6-4, 4-6, 6-3 से हराकर उलटफेर किया। वहीं ग्रिगोर दिमित्रोव, टॉमी पॉल, कैमरन नौरी, उगो हम्बर्ट और फेलिक्स ऑगर अलियासिमे अगले दौर में पहुंच गए। ओलंपिक चैंपियन एलेक्जेंडर ज्वेरेव और कैस्पर रूड के मैच का फैसला 10 अंक के टाईब्रेकर से हुआ। ज्वेरेव ने लुकास क्लेन को 7-5, 3-6, 4-6, 7-6 (5), 7-6 (7) से और रूड ने मैक्स पुर्सेल को 6-3, 6-7 (5), 6-3, 3-6, 7-6 (7) से मात दी।

### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी तीसरे दौर में पहुंची

मेलबर्न। भारतीय खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने गुरुवार को पुरुष युगल मुकाबले के शुरुआती सेट में 0-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैंस की जोड़ी को हराते हुए दूसरे राउंड में पहुंच गए है। मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ने जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैन्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के खिलाफ 7-6 (5), 4-6, 8-6 (2) से जीत हासिल की। तीसरे दौर में बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर की जोड़ी से प्रतिस्पर्धा करेंगी। वहीं एक अन्य मुकाबले में विजय सुंदर प्रशांत और अनिरूद्ध चंद्रशेखर की भारतीय जोड़ी को हंगरी के मार्टन फुक्सोविक्स और फैबियन मारोजसान की जोड़ी से 3-6 4-6 से हार झेलनी पड़ी। एन श्रीराम बालाजी और रोमानिया के विक्टर व्लाड कोर्निया शुक्रवार को इटली के माटियो अर्नाल्डी और आंद्रिया पेलेग्रिनो से मुकाबला करेंगे।

# जसपाल राणा को हाई परफोमेंस निदेशक ने शूटिंग रेंज से निकाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महान पिस्टल निशानेबाज और मनु भाकर के निजी कोच जसपाल राणा ने गुरुवार को दावा किया कि उन्हें भारत के हाई परफोमेंस निदेशक पिएरे ब्यूचैंप ने कर्णी सिंह शूटिंग रेंज से जाने को कहा था, जिससे विवाद खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय महासंघ इस विवाद में कनाडा के ब्यूचैंप का पक्ष लेता दिख रहा है।

देश के सबसे प्रतिष्ठित निशानेबाजों में शुमार राणा ने बताया कि वह मनु की ट्रेनिंग देखने के लिए रेंज गए थे जो आगामी पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटी हैं। राणा ने कहा कि ब्यूचैंप ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा लागू मानक संचालन प्रक्रिया का हवाला देते हुए उन्हें जाने को कहा। जबकि निशानेबाज जहां अभ्यास कर रहे थे, मैं उससे काफी दूर खड़ा था लेकिन ब्यूचैंप मेरे पास आए और कहा कि मैं वहां नहीं खड़ा हो सकता और मुझे रेंज छोड़कर जाना होगा, वर्ना एनआरएआई के साथ मुश्किल में फंस जाऊंगा। राणा ने कहा कि उन्होंने बताया कि वह अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं और राष्ट्रीय कोच भी रहे हैं पर उन्होंने वहां से जाने को कहा।

## खेल डायरी

### फॉर्मूला ई और तेलंगाना सरकार के बीच गहराया विवाद



नई दिल्ली। हैदराबाद में इलेक्ट्रिक रेस रद होने के बाद तेलंगाना सरकार और फॉर्मूला ई के बीच दोषारोपण शुरू हो गया है। हैदराबाद ई प्री का दूसरा चरण 10 फरवरी को आयोजित किया जाना था लेकिन फॉर्मूला ई ने नई तेलंगाना सरकार पर अनुबंध के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए रेस रद कर दी। फॉर्मूला ई तेलंगाना सरकार और ग्रींको के बीच चार साल का समझौता हुआ था। ग्रींको ने शुरुआती चरण के बाद हटने का फैसला किया था। फॉर्मूला ई ने कहा कि संबंधित मीडिया रिपोर्ट की जानकारी दी गई है जो उसने हैदराबाद ई प्री की मेजबानी के संबंध में किया था। फॉर्मूला ई ने अपनी अनुबंध के साझीदार को इन मीडिया रिपोर्ट के बाद नोटिस दिया और रेस रद कर दी। उसने कहा कि सभी आरोप गलत हैं। फॉर्मूला ई तेलंगाना सरकार के साथ अपने करार के अंतर्गत अधिकारों को लागू करने के लिए सभी उपलब्ध कानूनी कार्रवाई करेगा।

### पाटीदार के 140 रन पर इंग्लैंड का पलड़ा भारी

अहमदाबाद। रजत पाटीदार के नाबाद शतक के बावजूद इंग्लैंड लायंस ने पहले अनधिकृत टेस्ट के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को भारत ए पर शिकंजा कस लिया। पाटीदार ने 132 गेंद में 18 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 140 रन बनाए लेकिन भारत ए टीम दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर आठ विकेट पर 215 रन ही बना सकी। इंग्लैंड लायंस ने पहली पारी 8 विकेट पर 553 रन पर घोषित की थी। भारत ए अब भी 338 रन से पीछे है। तेज गेंदबाज मैथ्यू फिशर ने इंग्लैंड के लिए चार विकेट लिए, जबकि मैथ्यू पॉट और कैलम पार्किंसन को 2-2 विकेट मिले। भारत ए ने 4 विकेट 24 रन पर और 7 विकेट 95 रन पर ही गंवा दिए थे। पाटीदार एक छोर संभाले रहे, जिन्हें तुषार देशपांडे का साथ मिला। देशपांडे ने 23 रन बनाए। इंग्लैंड ने बुधवार के स्कोर 3 विकेट पर 382 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान जोश बोहानन ने 182 गेंद में 125 रन बनाए।

### गोल्फ : स्नेहा सिंह ने डब्ल्यूपीजीटी खिताब जीता



मुंबई। स्नेहा सिंह ने गुरुवार को हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के दूसरे चरण के अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए सत्र का अपना पहला खिताब जीता। पिछले साल हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट की विजेता रहीं स्नेहा ने अंतिम दौर की शुरुआत ईगल से की और समापन भी ईगल से। इससे उन्होंने सात अंडर 63 का कार्ड खेला। स्नेहा ने इस तरह शीर्ष पर चल रही हिताशी बख्शी को एक शॉट से पछाड़कर खिताब जीता। स्नेहा हिताशी से चार शॉट पीछे चल रही थीं। स्नेहा (68, 73, 63) का कुल स्कोर छह अंडर 204 का रहा। हिताशी सत्र के दूसरे चरण में फिर उप विजेता रहीं, उनका कुल स्कोर पांच अंडर 205 का रहा। रिद्धिमा दिलावड़ी दो अंडर 68 के कार्ड से तीसरे स्थान पर रहीं।

### तदर्थ पैनल की प्रतियोगिता में ही हिस्सा लें पहलवान



नई दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने देश के पहलवानों को गुरुवार को सलाह दी कि वे निलंबित राष्ट्रीय महासंघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में नहीं बल्कि जयपुर में तदर्थ समिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लें। साक्षी ने एक्स पर एक वीडियो में कहा कि वह पहलवानों से आग्रह करती हैं कि वे तदर्थ समिति की ओर से आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ही हिस्सा लें। वे डब्ल्यूएफआई (भारतीय कुश्ती महासंघ) की ओर से आयोजित किए जा रहे टूर्नामेंट में हिस्सा न लें। तदर्थ पैनल की ओर से आयोजित टूर्नामेंट ही मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता है। पिछले महीने डब्ल्यूएफआई का संचालन कर रही तदर्थ समिति ने जयपुर में दो से पांच फरवरी तक सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप कराने की घोषणा की थी। वहीं निलंबित कुश्ती महासंघ ने पुणे में प्रतियोगिता कराने का एलान किया है।

# प्रणय क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय गुरुवार को इंडियन ओपन के पुरुष एकल मुकाबले में प्रियांशु राजावत को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए है। वहीं सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने चीनी ताइपे के लू चिंग याओ और यांग पो हान को मात देते हुए अंतिम आठ में जगह बनाई।

प्रणय ने अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाते हुए हमवतन प्रियांशु को दूसरे दौर के एक घंटा और 16 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 20-22, 21-14, 21-14 से हराया। शुरुआती दौर में लक्ष्य सेन को परेशान करने वाले प्रियांशु राजावत शुरुआत में अच्छी लय में नहीं दिखे और प्रणय ने 5-2 की बढ़त बना ली। हालांकि 21 वर्षीय खिलाड़ी ने विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रणय के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 20-18 से स्कोर कर दिया। प्रणय दो गेम प्वाइंट बचाने में सफल रहे लेकिन अंत में वह पिछड़ गए।

**इंडियन ओपन**

**सात्विक-चिराग ने चीनी ताइपे की जोड़ी को हराया**



# भारत एशियाई कप में उज्बेकिस्तान से हारा

**दोहा, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को एएफसी एशियाई कप के ग्रुप मैच में उज्बेकिस्तान से 0-3 से हार गई। ग्रुप बी में भारत की यह लगातार दूसरी हार है। भारत पहले मैच में खिताब के प्रबल दावेदार आस्ट्रेलिया से 0-2 से हारा था।

अहमद बिन अली स्टेडियम में भारत का प्रदर्शन आस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रदर्शन से काफी अलग दिखा। उज्बेकिस्तान ने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में सीरिया से ड्रा खेला था और 102वीं रैंकिंग की भारतीय टीम के खिलाफ पहली जीत दर्ज की। 68वीं रैंकिंग पर काबिज उज्बेकिस्तान के लिए अब्बोसबेक फैजुल्लाव, इगोर सर्गेव और नसरुल्लाएव ने गोल दागे। भारत अब अंतिम ग्रुप मैच में 23 जनवरी को सीरिया से भिड़ेगा।

# भारत शूटआउट में जर्मनी से 3-4 से हारा

रांची, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम ने गुरुवार को एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर के दूसरे सेमीफाइनल में जुझारू जज्बा दिखाया लेकिन पेनल्टी शूटआउट के सबसे अहम चरण में जर्मनी से 3-4 से पराजित हो गई। दोनों टीमें निर्धारित समय में 2-2 की बराबरी पर रहीं, जिससे मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। इस जीत से जर्मनी ने पेरिस ओलंपिक के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया है।

**पेरिस के लिए क्वालीफाई करने के लिए जापान से जीतना होगा**

भारत के लिए सांत्वना की बात यह है कि उसके पास ओलंपिक कोटा पक्का करने का एक और मौका है। टीम शुक्रवार को तीसरे-चौथे स्थान के मैच में जापान को हराकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकती है। दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी शुक्रवार को फाइनल में अमेरिका से भिड़ेगी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी भी मैच देखने पहुंचे हुए थे। उनके उत्साहवर्धन से घरेलू टीम ने जर्मन रक्षापंक्ति को परेशान करने के लिए गजब का जज्बा दिखाया।



पेनल्टी शूटआउट में जीतने के बाद जश्न मनाते जर्मनी के खिलाड़ी। • एजेंसी

## बॉलीवुड हलचल

# मेहंदी वाला घर का प्रीमियर २३ को सोनी पर



सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर नए शो मेहंदी वाला घर का प्रीमियर 23 जनवरी को होगा। यह उज्जैन में रहने वाले अग्रवाल परिवार की कहानी है। इसमें शहजाद शेख, विभा छिब्बर, कंवरजीत पेंटल, करण मेहरा, श्रुति आनंद, रवि गोसाईं, रुशद राणा, अर्पित कपूर, आस्था चौधरी, गुन कंसारा, उष्मा राठौड़, खालिदा जान और रीमा वोहरा जैसे कलाकार है। विभा छिब्बर ने बताया कि जानकी सशक्त किरदार है, वो परिवार को एक साथ रखती है। उन्हें जानकी जैसा किरदार निभाने में मजा आता है। भारत के कई घरों में उनके जैसी महिलाएं मिल जाएंगी जो अपने परिवार की रीढ़ हैं। दर्शक मेहंदी वाला घर को उसी प्यार और गर्मजोशी से अपनाएंगे। मेहंदी वाला घर 23 जनवरी से हर सोमवार से शुक्रवार को रात 9 :30 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

### श्रेया घोषाल का रोमांटिक गाना तू मेरी है आज होगा रिलीज

संगीतकार सचिन-जिगर का रोमांटिक सिंगल तू मेरी है 19 जनवरी को रिलीज होगा। सचिन-जिगर ने कहा कि 13 साल की लंबी अवधि के बाद श्रेया घोषाल के साथ सहयोग करना अद्भुत लगता है। उसके साथ हमेशा बेहद सकारात्मक और शानदार रचनात्मक ऊर्जा काम करती रहती है। अपने नए गाने के साथ, हमने एक बार फिर जादू पैदा करने की कोशिश की है। यह गाना सोनी म्यूजिक लेबल के तहत रिलीज के लिए तैयार है। जिगर सरैया और श्रेया घोषाल ने इसे आवाज दी है। इस गाने के बोल प्रिया सरैया ने लिखे हैं।

# टुर्नाई रैमडैम महोत्सव में दिखाई जाएगी स्टोलन

जंगल बुक स्टूडियो के संस्थापक गौरव ढींगरा द्वारा निर्मित और करण तेजपाल द्वारा निर्देशित स्टोलन बेल्जियम में द टुर्नाई रामडैम फेस्टिवल के प्रतिष्ठित 14वें संस्करण में दिखाई जाएगी। इसकी स्क्रीनिंग 17, 20 और 22, 24 जनवरी को निर्धारित है। इस फिल्म में अभिषेक बनर्जी की मुख्य भूमिका है। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि द टुर्नाई रामडैम फेस्टिवल में उनकी फिल्म का प्रीमियर होना हमारे लिए सम्मान की बात है। वास्तव में उत्साहित हैं और वहां मौजूद विभिन्न पृष्ठभूमि के फिल्म प्रेमियों और दर्शकों के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। निर्माता गौरव ढींगरा और निर्देशक करण तेजपाल ने कहा कि वर्ष 2023 में विभिन्न फिल्म समारोहों में स्टोलन की यात्रा हमारे लिए एक अविस्मरणीय अनुभव थी। बेल्जियम में द टुर्नाई रामडैम फेस्टिवल में अपनी फिल्म की साल की पहली भव्य स्क्रीनिंग के लिए बेहद खुश हैं। ऐसे प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर सिनेमा के प्रति अपने जुनून को साझा करना हमारे दिलों को उत्साह और कृतज्ञता से भर देता है। फिल्म स्टोलन में अभिषेक बनर्जी के अलावा शुभम और मिया मेल्जर महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।



# रॉटरडैम फिल्म फेस्टिवल में होगा अनुभूति का वर्ल्ड प्रीमियर



लेखक-निर्देशक अनिर्बान दत्ता की फिल्म अनुभूति का वर्ल्ड प्रीमियर रॉटरडैम फिल्म फेस्टिवल में होगा। इस फेस्टिवल का आयोजन नीदरलैंड के रॉटरडैम शहर में 25 जनवरी से 4 फरवरी के बीच किया जा रहा है। यह फिल्म कृष्ण भक्त मीरा बाई के जीवन को एक अनोखे अंदाज में प्रस्तुत करती है, जिन्होंने आजीवन संगीत और काव्य के माध्यम से श्रीकृष्ण के प्रति अपने प्रेम और भक्ति को व्यक्त किया। इसमें अरित्र सेनगुप्ता, शमिला भट्टाचार्य और रितिक भट्टाचार्य मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत वैशाली सिन्हा ने दिया है। वैशाली सिन्हा ने पंडित अजय चक्रवर्ती के साथ मिलकर फिल्म के गानों को अपनी आवाज से सजाया भी है। अनिर्बान दत्ता ने कहा कि अनुभूति का वर्ल्ड प्रीमियर रॉटरडैम फिल्म फेस्टिवल में होना गर्व की बात है। वहां सिनेमा और कला से जुड़े हुए कई दिग्गज लोगों के साथ जुड़ने का मौका भी मिल रहा है।

### रवि किशन का गाना अयोध्या के श्रीराम रिलीज



अभिनेता और सांसद रवि किशन का म्यूजिक वीडियो अयोध्या के श्री राम रिलीज हो गया है। गोरखपुर के सांसद सह अभिनेता रवि किशन इसमें श्रीराम की भक्ति में झूमकर नाचते नजर आ रहे हैं। रवि किशन ने कहा कि वह आभारी हैं कि उन्हें इस वीडियो के जरिये अपनी राम भक्ति जताने का सुअवसर प्राप्त हुआ। यह सभी राम भक्तों के लिए एक छोटी सी सौगात है, जो यकीनन हरेक राम के भक्त को पसंद आएगी। इस गाने के गायक, संगीतकार और निर्देशक माधव एस राजपूत हैं। गीतकार मीनाक्षी, डीओपी शकील रेहान खान, कोरियोग्राफर रिक्की गुप्ता है।

### पवन और पायल लेकर आ रहे हैं... राम आ गए

भोजपुरी स्टार पवन सिंह, बॉलीवुड की जानीमानी पार्श्वगायिका पायल देव के साथ भजन राम आ गए लेकर आ रहे हैं। यह जल्द ही अपनी धुन म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज होने वाला है। पवन सिंह ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस गाने का पोस्टर शेयर किया है। इसकी गायिका एवं संगीतकार पायल देव है, जबकि गीत कौशल किशोर ने लिखे है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# अमेरिका ने हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर किए हमले

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका ने यमन के विद्रोही समूह हूती के खिलाफ चौथे चरण के हमले की शुरुआत की है। अमेरिका के रक्षा विभाग के अधिकारियों ने बुधवार रात कहा कि अमेरिका ने यमन में ईरान समर्थित हाउती विद्रोहियों पर चौथे दौर का हमला किया है। हाउती की ओर से दागी गयीं लगभग 14 मिसाइलों के बारे में अमेरिका का कहना है कि उनका उद्देश्य लाल सागर में नौवहन पर हमले करना था। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी नौसेना के जहाजों से दागी गई टॉमहॉक मिसाइलों से हाउती के ठिकानों पर हमला किया गया।

गौरतलब है कि अमेरिका ने यमन के विद्रोह समूह हूती को वैश्विक आतंकवादी के रूप में नामित किया है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि ये हमले इस क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों आतंकवादियों की ओर से किए जा रहे हमले के जवाब में किये गये।

जवाबी कार्रवाई में अमेरिका और ब्रिटेन ने 11 जनवरी को हाउती के कई ठिकानों पर हमले किए थे। ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, नीदरलैंड और कनाडा द्वारा समर्थित ये हमले हाउती द्वारा क्षेत्र में हमलों को रोकने के अल्टीमेटम को नजरअंदाज करने के बाद शुरू हुए।

# घूस लेने के आरोपी सिंगापुर के परिवहन मंत्री का इस्तीफा



**सिंगापुर।** सिंगापुर के परिवहन मंत्री सुब्रमण्यम ईश्वरन ने रिश्वतखोरी का आरोप लगने के बाद इस्तीफा दे दिया है। सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 16 जनवरी 2024 को, भ्रष्ट आचरण जांच ब्यूरो (सीपीआईबी) द्वारा श्री ईश्वरन को आरोपों की औपचारिक सूचना दिए जाने के बाद, उन्होंने कैबिनेट मंत्री एवं पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) के सदस्य के रूप में अपना त्यागपत्र मुझे भेज दिया। ईश्वरन ने उन्हें सांसद के रूप में प्राप्त सभी वेतन राशि वापस करने के बारे में भी बताया।

# पहली बार देखी गई बिना तारों वाली आकाशगंगा

## ग्रीन बैंक ऑब्ज़र्वेटरी के वैज्ञानिकों की इस खोज ने ब्रह्मांड के रहस्यो से पर्दा उठाया

अमृत विचार, नैनीताल

बिना तारों की आकाशगंगा कल्पना से परे की बात है। मगर यह सच है कि यह संभव है। सुदूर अंतरिक्ष में बिना तारों वाली आकाशगंगा की खोज वैज्ञानिकों ने की है। ग्रीन बैंक ऑब्ज़र्वेटरी के वैज्ञानिकों की इस खोज ने ब्रह्मांड एक और बड़े रहस्य का पर्दाफाश किया है।

ग्रीन बैंक ऑब्ज़र्वेटरी के खोजकर्ता वैज्ञानिक ओ नील के अनुसार पहले यह धारणा थी कि तारों के बिना आकाशगंगा नही हो सकती। ओनिल अपने साथी वैज्ञानिकों की एक टीम साथ आकाश सर्वेक्षण करते समय जे0613 52 नामक आकाशगंगा को देखा। यह आकाशगंगा अजीब थी। जिसमे टिमटिमाते तारों जैसी



बिना तारों वाली काली आकाशगंगा।

कोई चीज नहीं थी। अलबत्ता गैस के विशाल बादलों का भंडार इस आकाशगंगा में फैला हुआ था।

गैस की मात्रा भी उम्मीद से बहुत अधिक थी। ग्रीन बैंक ऑब्ज़र्वेटरी की दूरबीन से इस पर निरंतर नजर रखी गई। साथ ही अरेसिबो टेलीस्कोप व नानके रेडियो टेलीस्कोप से भी इसका अध्ययन किया गया। लंबे समय तक चले अध्ययन के बाद पता चला कि यह आकाशगंगा नई और अज्ञात है। दिलचस्प बात यह सामने आई कि इसका द्रव्यमान और गैस सामग्री की विशेषताएं सामान्य सर्पिल आकाशगंगा के समान ही हैं।

यह तथ्य आश्चर्य में डालने वाला था। जिसके चलते प्रत्येक दृष्टिकोण से इस आकाशगंगा से देखा गया और निष्कर्ष निकला कि यह आकाशगंगा बिना तारों की पहली आकाशगंगा है। इसकी वजह अत्यधिक मात्रा में फैली गैस है, जो तारों के निर्माण में व्यवधान डालती है।

### 95 प्रतिशत डार्क मैटर है इस आकाशगंगा में

जे0613 52 आकाशगंगा देखने में उसी तरह की है, जैसी हमारी अन्य अकाशगंगाएं हैं। इसका आकर सर्पिल और अण्डाकार हैं। वैज्ञानिक इसे अनियमित आकार वाली एक बौनी आकाशगंगा मान रहे हैं। जिसका पूर्णतः विकास नहीं हो पाया है। बिना तारों के होने के कारण यह काफी धुंधली नजर आती है। इसमें 95 प्रतिशत तक डार्क मैटर हो सकता है, जो तटस्थ गैसीय हाइड्रोजन को बाधित कर सकता है।

### आकाशगंगा की टक्कर से बनी यह आकाशगंगा

कुछ खगोलविदों ने सुझाव दिया है कि यह काली आकाशगंगा है, जो बहुत पहले आकाशगंगा टक्कर से उत्पन्न गैस और मलबे की ज्वारीय पूंछ का हिस्सा हो सकती है। यह अनिश्चितता वाली अकशगंगा है। भविष्य में यह आकाशगंगा रिसर्च का आकर्षण बनेगी।

## एक नजर

### महुआ मोइत्रा को उच्च न्यायालय से राहत नहीं

**नई दिल्ली।** सरकारी बंगला खाली करने के नोटिस के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख करने वाली निष्कासित लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा को अदालत से गुरुवार को राहत नहीं मिली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मोइत्रा को सरकारी आवास खाली करने के लिए जारी नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। मोइत्रा ने गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में दाखिल अर्जी में चिकित्सा कारणों का हवाला देते हुए अधिकारियों को उन्हें सरकारी बंगले से बेदखल करने से रोकने का अनुरोध किया था। सरकारी आवास खाली करने के लिए संपदा निदेशालय (डीओई) के नोटिस को चुनौती देने वाली तृणमूल कांग्रेस नेता ने अनुरोध किया कि फिलहाल उन्हें परिसर से बाहर न निकाला जाए क्योंकि वह एक अकेली महिला हैं और यहां एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

### मलेशिया जा रहे विमान का टायर फटा

**चेन्नई।** कुआलालंपुर जा रहे एक अंतर्राष्ट्रीय विमान का गुरुवार को टायर फट गया। इसमें सवार सभी 130 यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विमान का पिछला टायर मलेशिया की राजधानी के लिए उड़ान भरने से कुछ वक्त पहले फट गया। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद सभी यात्रियों को उतारा गया और उन्हें शहर के होटलों में ठहराया गया। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि विमान शुक्रवार सुबह उड़ान भरेगा। उन्होंने कहा कि घटना के कारण उड़ान संचालन प्रभावित नहीं हुआ।

### अमेरिका ने एप्पल की घड़ियों पर लगाया प्रतिबंध

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका में एप्पल की रक्त ऑक्सीजन सेंसर वाली घड़ियां बेचने पर गुरुवार से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। अमेरिकी अपील न्यायालय ने यह आदेश दिया है। यह प्रतिबंध एक चिकित्सा उपकरण कंपनी मैसिमो के साथ बौद्धिक संपदा विवाद से उपजा है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयोग ने अक्टूबर में पाया कि ऐपल के रक्त ऑक्सीजन सेंसर ने मैसिमो की बौद्धिक संपदा का उल्लंघन किया है। प्रतिबंध के बाद ऐपल संबंधित उपकरण का आयात नहीं कर सकेगा जिसमें ऐपल वॉच सीरीज़ 9 और अल्ट्रा 2 शामिल हैं। एप्पल ने दिसंबर में प्रभावित घड़ियों को अपने ऑनलाइन और खुदरा स्टोर से कुछ समय के लिए हटा दिया था, जबकि स्टॉक में उन उपकरणों वाले खुदरा विक्रेता अभी भी उन्हें बेच सकते हैं।

# अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाज पर ड्रोन हमला, भारत की जवाबी कार्रवाई

## जहाज पर लगी आग पर पाया काबू, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

अदन की खाड़ी में मार्शल द्वीप के ध्वज वाले एक वाणिज्यिक जहाज पर बुधवार रात ड्रोन हमला होने के बाद भारतीय नौसेना का मिसाइल विध्वंसक पोत आईएनएस विशाखापत्तनम तुरंत मदद के लिए आगे आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जहाज पर नौ भारतीयों सहित चालक दल के 22 सदस्य सवार थे।

अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना के मिसाइल विध्वंसक आईएनएस विशाखापत्तनम ने जेनको पिकार्डी जहाज से एक आपात संदेश मिलने के लगभग एक घंटे के भीतर जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि वाणिज्यिक जहाज पर अदन बंदरगाह से 60 समुद्री मील दक्षिण में हमला किया गया। लाल सागर और अरब सागर में वाणिज्यिक



समुद्री लुटेरों से निपटने के लिए भारत ने अदन की खाड़ी में तैनात किया आईएनएस विशाखापत्तनम। ● एजेंसी

जहाजों पर हमलों को लेकर वैश्विक चिंताएं बढ़ रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि इसमें किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है और जहाज पर लगी आग पर काबू पा लिया गया है।

उन्होंने बताया कि समुद्री लूट रोधी अभियानों के लिए अदन की खाड़ी में तैनात आईएनएस विशाखापत्तनम ने बुधवार रात 11 बजकर 11 मिनट पर ड्रोन हमले के बाद मार्शल द्वीप के ध्वज वाले एमवी जेनको पिकार्डी के संकट में होने संबंधी आपात संदेश का शीघ्र जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना के ईओडी (विस्फोटक आयुध निस्तारण) विशेषज्ञ जहाज का निरीक्षण करने के लिए गुरुवार सुबह उस पर गए। उन्होंने बताया कि ईओडी विशेषज्ञों ने गहन जांच के बाद जहाज को आगे की यात्रा के लिए मंजूरी दे दी है।

नौसेना ने कहा कि समुद्री लूट रोधी अभियानों के लिए अदन की खाड़ी में तैनात मिशन आईएनएस विशाखापत्तनम ने 17 जनवरी को रात 11 बजकर 11 मिनट पर ड्रोन हमले के बाद 'एमवी जेनको पिकार्डी' के मुश्किल में फंसे होने संबंधी सूचना पर तेजी से कार्रवाई की। इसने कहा कि युद्धपोत ने सहायता प्रदान करने के लिए रात साढ़े 12 बजे जहाज को रोका।

### अस्थिरता पैदा नहीं होने देंगे : नौसेना प्रमुख



**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने गुरुवार को कहा कि देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए पश्चिमी तट पर पोत तैनात किए गए हैं और किसी तरह की अस्थिरता पैदा नहीं करने दी जाएगी। अरब सागर और लाल सागर क्षेत्र में स्थिति पर नौसेना प्रमुख ने कहा कि समुद्री लूट रोधी दो अभियानों के लिए क्षेत्र में भारतीय पोत पहले से तैनात हैं। वह मीडिया से बीतचीत कर रहे थे। नौसेना प्रमुख ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने को तैनात हैं कि समुद्री क्षेत्र में हमारे राष्ट्रीय हित सुरक्षित रहें।

# दक्षिणी गाजा में इजराइल का हवाई हमला, 16 की मौत, दर्जनों घायल

राफा, एजेंसी

गाजा के दक्षिणी हिस्से स्थित राफा कस्बे में इजराइल द्वारा किए गए हवाई हमले में 16 लोगों की मौत हो गई है जिनमें से आधे बच्चे हैं। एक चिकित्सक ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सेना इस इलाके पर अपने हमले जारी रखे हुए है और यहां के आम लोगों को दूसरे स्थानों पर शरण लेने को कहा है। इस बीच, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि फ्रांस और कतर की मध्यस्थता से हुए समझौते के तहत बुधवार को क्षेत्र में भेजी गई दवाएं हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वितरित की गई या नहीं।

हमास द्वारा सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले के बाद जवाबी कार्रवाई शुरू होने के 100 से अधिक दिन बीतने के बावजूद इजराइल सबसे घातक और विनाशकारी सैन्य अभियानों में से एक को जारी रखे हुए है। इसका लक्ष्य 2007 से गाजा पर शासन करने वाले आतंकवादी समूह को खत्म करना और बंधकों को छुड़ाना है। अब इस युद्ध की चपेट में पूरे



दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस में इजरायली बमबारी के बाद उठता धुआं। ● एजेंसी

▸ मृतक के परिजनों ने कहा-हम भुखमरी की कगार पर, अब हमले ने हमें किया बर्बाद

क्षेत्र के आने का खतरा बढ़ गया है। इजराइल के हमले के बाद से अब तक 24 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं और कुल 23 लाख की आबादी वाले गाजा पट्टी में 85 प्रतिशत लोग विस्थापित हो चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक एक चौथाई आबादी भुखमरी का शिकार है।

राफा के अल नज्जर अस्पताल के डॉक्टर तलत बरहौउम ने राफा के हमले में लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि दर्जनों अन्य लोग घायल हुए है। एसोसिएटेड प्रेस को अस्पताल की मिली तस्वीर में दिख रहा है कि लोग अपने प्रियजनों के शव के पास विलाप कर रहे हैं। मारे गए लोगों के एक रिश्तेदार महमूद कासिम ने कहा, वे भुखमरी का सामना कर रहे हैं और अब उन पर हमले भी शुरू हो गए हैं। इंटरनेट पहुंच समर्थक समूह नेटब्लॉक के मुताबिक गाजा में गत पांच दिनों से मोबाइल फोन और इंटरनेट सेवा बाधित है जो युद्ध के दौरान अबतक लगातार सबसे लंबी अवधि तक ये सेवाएं बंद होने का रिकॉर्ड है।

# जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत : बंगा

दावोस, एजेंसी



▸ विश्व बैंक के प्रमुख ने विश्व आर्थिक मंच की बैठक में जताई चिंता

▸ कहा-जलवायु की परवाह किए बिना गरीबी उन्मूलन संभव नहीं

विश्व बैंक प्रमुख अजय बंगा ने गुरुवार को कहा कि जलवायु और गरीबी सहित आपस में जुड़े संकट का सामना कर रही दुनिया के लिए इससे निपटने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के एक सत्र में विश्व बैंक के अध्यक्ष ने कहा कि हमारे सामने जलवायु संकट की समस्या है। यह हमारे अस्तित्व को लेकर संकट है। उन्होंने कहा, हम जलवायु की परवाह किए बिना गरीबी उन्मूलन के बारे में नहीं सोच सकते। हम स्वास्थ्य देखभाल की परवाह किए बिना गरीबी उन्मूलन के बारे में नहीं सोच सकते। हम खाद्य असुरक्षा की परवाह किये बिना गरीबी उन्मूलन के बारे में नहीं सोच सकते।

बंगा ने कहा कि यह वास्तविकता है और हमारे सामने कई तरह के संकट हैं, जो आपस में जुड़े हैं। इससे बचने का एकमात्र तरीका इसके समाधान के लिए तत्काल कदम उठाना है। उनके अनुसार, विश्व बैंक के वित्तपोषण का 45 प्रतिशत जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने प्रयासों पर खर्च किया जाएगा। इसके अलावा, बैंक ने 2030 तक अफ्रीका में 10 करोड़ लोगों को नवीकरणीय ऊर्जा से जोड़ने, छोटे देशों को जलवायु आपदाओं की लागत को उठाने में मदद करने और कार्बन बाजारों से लाभ सुनिश्चित करने का आदि वादा किया है।

### भारत के मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे की सराहना

**दावोस।** वैश्विक विशेषज्ञों के एक समूह ने आर्थिक असमानता कम करने में खासकर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) सहित भारत के मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे की सराहना की है। दावोस नवोन्मेष सप्ताह में एक परिचर्चा में विशेषज्ञों ने इस बात पर चर्चा की कि कैसे यूपीआई और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा भारत में नई ऊंचाई पर पहुंचा। इसका आयोजन वर्ल्ड इनोवेशन इकनॉमिक्स ने किया।

### सोमनाथ मंदिर पहुंचीं रवीना...



फिल्म अभिनेत्री रवीना टंडन गुरुवार को बेटी रशा के साथ गिर स्थित सोमनाथ मंदिर पहुंचीं और मां-बेटी ने पूजा-अर्चना के बाद जल चढ़ाया। ● एजेंसी

# शिवसेना विधायक पर मामला दर्ज

**रत्नागिरी।** महाराष्ट्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) विधायक राजन साल्वी के आवास और होटल पर छापेमारी के बाद उनकी पत्नी और पुत्र के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया। एसीबी अधिकारियों ने छापे के दौरान विधायक की आय के ज्ञात स्रोतों से 118 प्रतिशत अधिक संपत्ति का पता लगाने का दावा किया है।

एसीबी की टीम ने गुरुवार सुबह छापेमारी की और विधायक के परिवार की संपत्ति की जानकारी जुटाने के बाद उनकी पत्नी और पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज किया। एसीबी की छापेमारी के बाद साल्वी ने कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है और लोग उनके और उनके परिवार के सदस्यों के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं। वह एसीबी द्वारा गिरफ्तारी के लिए भी तैयार हैं।

# चीन ने रचनात्मक भूमिका निभाने की पेशकश की

**बीजिंग।** चीन ने गुरुवार को बीते दो दिनों में पाकिस्तान और ईरान द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ मिसाइल हमले किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच उपजे तनाव को घटाने में रचनात्मक भूमिका निभाने की पेशकश की। चीन ने दोनों देशों से संयम बरतने और टकराव टालने को कहा है। पाकिस्तान ने ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में आतंकी ठिकानों पर गुरुवार तड़के हमले किए, जिनमें नौ लोग मारे गए। घटनाक्रम ने चीन को असमंजस में डाल दिया है क्योंकि पाकिस्तान उसका करीबी मित्र है जबकि ईरान ने हाल के वर्षों में पश्चिम एशिया क्षेत्र में चीन को अपना प्रभाव बढ़ाने में मदद की है। चीन, ईरान से काफी मात्रा में तेल का भी आयात करता है।



### जनसंख्या में कमी से अर्थव्यवस्था पर असर

**हांगकांग।** चीन की जनसंख्या में 2023 में लगातार दूसरे वर्ष रिकॉर्ड गिरावट आने से इसकी अर्थव्यवस्था की विकास क्षमता पर गहरा असर पड़ने का अनुमान है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने गुरुवार को कहा कि 2023 में चीन की जनसंख्या 20.80 लाख या 0.15 प्रतिशत घटकर 1.409 अरब रह गई है। यह 2022 में 8.50 लाख की जनसंख्या गिरावट से काफी ज्यादा है। नए जन्म दर की संख्या 5.7 प्रतिशत घटकर 90.20 लाख रह गई।

# जयशंकर ने मालदीव के अपने समकक्ष के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर की बात

कंपाला, एजेंसी



▸ गुट निरपेक्ष आंदोलन के शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने को युगांडा पहुंचे विदेश मंत्री

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को यहां मालदीव के अपने समकक्ष मूसा जमीर से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत की। युगांडा की राजधानी कंपाला में जयशंकर और जमीर के बीच बैठक भारत और मालदीव के द्विपक्षीय संबंधों में हाल की खटास के बीच हुई। जयशंकर शुक्रवार से शुरू हो रहे गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) के दो-दिवसीय शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए कंपाला में हैं।

बैठक की एक तस्वीर साझा करते हुए जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, आज कंपाला में मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर से मुलाकात हुई। भारत-मालदीव संबंधों पर खुलकर बातचीत हुई। जमीर ने भी एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एनएएम शिखर सम्मेलन के दौरान जयशंकर से मिलना खुशी की बात थी। उन्होंने लिखा, हमने भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी के साथ-साथ मालदीव में चल रही विकास परियोजनाओं को पूरा करने में तेजी लाने और दक्षेस तथा एनएएम के भीतर सहयोग पर चल रही उच्च-स्तरीय चर्चा पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

भारत-मालदीव संबंधों में हाल में कुछ तनाव आ गया, क्योंकि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने नवंबर में कहा कि वह भारतीय सैन्यकर्मियों को अपने देश से बाहर निकालने के चुनावी वादे को निभाएंगे। इस महीने की शुरुआत में सोशल मीडिया पर तब विवाद खड़ा हो गया, जब मालदीव के एक मंत्री और कुछ अन्य नेताओं ने लक्षद्वीप के एक समुद्र तट पर प्रधानमंत्री मोदी का एक वीडियो पोस्ट करने के बाद उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

# मालदीव के साथ साझेदारी बढ़ाने को प्रतिबद्ध : जायसवाल



**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को कहा कि वह मालदीव के साथ विभिन्न कल्याणकारी परियोजनाओं के कार्यान्वयन सहित अपने विकास एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल की यह टिप्पणी मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के 15 मार्च तक अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने के आह्वान के बाद दोनों देशों के संबंधों में तनाव के बीच आई है। उन्होंने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में एक सवाल पर कहा कि हम अपनी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम मालदीव के विकास भागीदार के रूप में वह सभी चीजें करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हम कर सकते हैं।

मालदीव द्वारा भारतीय सैनिकों की वापसी पर जोर देने के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मामले पर भारत-मालदीव कोर ग्रुप की दूसरी बैठक में विचार-विमर्श किया जाएगा। कोर ग्रुप की अगली बैठक अगले महीने की शुरुआत में नई दिल्ली में होने वाली है। माले में 14 जनवरी को कोर ग्रुप की पहली बैठक में भारतीय सैन्यकर्मियों के मुद्दे पर व्यापक चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, दोनों पक्षों ने मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने वाले भारतीय विमानन प्लेटफॉर्म के निरंतर संचालन को सक्षम करने के लिए समाधान खोजने पर चर्चा की।

# अमेरिका से 400 टॉमहॉक मिसाइलें खरीदेगा जापान

**तोक्यो।** जापान ने बढ़ते क्षेत्रीय खतरों के जवाब में अपने सैन्य तंत्र को मजबूत करने के प्रयास के तहत 400 टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों को खरीदने के लिए गुरुवारन को अमेरिका के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की सरकार ने 2027 तक अपने वार्षिक रक्षा खर्च को दोगुना कर 10 हजार अरब येन (68 अरब अमेरिकी डॉलर) करने का संकल्प जताया है। ऐसा होने पर अमेरिका और चीन के बाद सैन्य तंत्र पर सबसे ज्यादा खर्च करने वाला तीसरा देश जापान बन जाएगा। रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा ने दिसंबर में मूल योजना से एक साल पहले, वित्तीय वर्ष 2025 से कुछ टॉमहॉक और जापान निर्मित टाइप 12 सतह से जहाज तक मार करने वाली मिसाइलों की तैनाती में तेजी लाने के निर्णय की घोषणा की थी।

बढ़ी साख | केंद्रीय मंत्री ने विश्व व्यापार मंच की बैठक को किया संबोधित

# दक्षिण-उत्तर के बीच पुल है भारत : ईरानी

दावोस, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने गुरुवार को कहा कि भारत खुद को वैश्विक दक्षिण और वैश्विक उत्तर के बीच एक पुल के रूप में देखता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा भागीदार है जिस पर विस्तारित ब्रिक्स समूह के सभी सदस्य भरोसा कर सकते हैं। ईरानी ने विश्व व्यापार मंच (डब्ल्यूईएफ) की यहां सालाना बैठक में विस्तार में ब्रिक्स विषय पर आयोजित एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को ब्रिक्स सहित विभिन्न वैश्विक मंचों पर समावेशी विकास और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की ताकत के लिए एक एजेंडा तय करने पर गर्व है।

महिला एवं बाल विकास के साथ अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री ईरानी ने कहा कि भारत ब्रिक्स को एक-दूसरे से सीखने और एक-दूसरे की मदद



करने के मंच के रूप में भी देखता है। उन्होंने कहा कि हम खुद को वैश्विक उत्तर और वैश्विक दक्षिण के बीच एक पुल के रूप में देखते हैं। ब्रिक्स समूह में पहले ब्राजील, रूस, भारत, चीन एवं दक्षिण अफ्रीका सदस्य थे। लेकिन पिछले साल इसमें सऊदी अरब, ईरान, इथियोपिया, मिस्र, अर्जेंटीना और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को भी शामिल करने पर सहमति बनी थी। इस परिचर्चा में दक्षिण अफ्रीका और यूएई के मंत्री भी शामिल हुए। उनका कहना था कि ब्रिक्स आर्थिक सहयोग का एक मंच है। कोई भी एक सदस्य इस समूह पर हावी नहीं है।

### महाराष्ट्र ने 3.53 लाख करोड़ के एमओयू पर किए हस्ताक्षर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य ने स्विट्जरलैंड के दावोस में डब्ल्यूईएफ 2024 के दौरान 3,53,675 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। शिंदे ने राज्य में वैश्विक उद्योगों के बढ़ते विश्वास के लिए निवेशकों को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बुधवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि इन एमओयू से राज्य में दो लाख से अधिक नौकरियां पैदा की जा सकती हैं। बयान में शिंदे के हवाले से कहा गया कि औद्योगीकरण, कुशल जनशक्ति और तेजी से फैसले करने पर जोर देने के साथ राज्य सरकार जनता की भलाई पर जोर दे रही है।